12. शुक्रनीति 23
13. शुक्रनीति 24
14. ऋग्वेद 1/14/12, 5/11/1, 6/21/4
15. अत्रा वो विश्पतिः पितापुराणां अनुवेनति। ऋग्वेद 10/135/1
16. ऋग्वेद 7/32/10
17. ऋग्वेद 10/62/11
18. ऋग्वेद 1/44/12, 4/7/4
19. ऋग्वेद 1/25/13
20. ऋग्वेद 10/97/23, 1/65/4
21. त्रीणि ये वे भुर्विदथानि धीतिभिर्विश्वानि परिभूतीभिः।। ऋग्वेद 7/66/10
22. अथर्ववेद 1/14/7, 10/10/8, ऋ0 6/17/10, 6/92/9
23. विद्म ते सभेनामवरिष्ठा न वा असि। अथर्ववेद 7/12/2

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

काशी के हिन्दी साहित्यकार

डॉ. सुमन तिवारी (सहायक प्रोफेसर)
आर्य महिला पी. जी. कालेज, वाराणसी

डॉ. हरेश नारायण पाण्डेय (सहायक प्रोफेसर)
सेन्टर ऑफ सोसियोलॉजिक स्टडीज एण्ड पॉलिसी स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज,
सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज ऑफ साउथ कैम्पस

भारतीय संस्कृति साधना तथा साहित्य की केन्द्रस्थली के रूप में काशी सर्व प्रमुख रही है। यह भारतवर्ष की अत्यन्त प्राचीनतम नगरी है। विद्यानगरी के साथ ही धर्मनगरी होने का गौरव इसे प्राप्त है। प्राचीन काल में इसे विभिन्न नामों से सम्बोधित किया जाता था। इसमें पांच नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं 1. काशी 2. वाराणसी 3. अविमुक्त 4. आनन्द कानन 5. महाश्मशान। उपरोक्त नामों का विवरण पुराणों तथा अन्य ग्रन्थों से भी प्राप्त होता है। अनादि काव्य से विद्या की केन्द्रस्थली रही काशी में विभिन्न प्रान्तों के विद्वान यहां आकर विद्याध्ययन करते हैं। महाभारत के वन पर्व में इसे तीर्थ स्थली के रूप में स्वीकार किया गया है। पी.वी. कणे के अनुसार काशी के नाम के साथ विद्या की महान परम्पराएं लगी हैं यहां इतना ही कहना पर्याप्त है कि बनारस एवं कश्मीर अलबरुनी के काल में हिन्दू विद्वानों के उत्तम पाठशालाओं के लिए प्रसिद्ध थे ।(1) आइने अकबरी में लिखा है कि बनारस पुरातन काल से भारत में विद्या का प्रथम पीठ रहा है। काशी खण्ड में उल्लिखित है कि यह विद्या का सदन है। विद्यानां सदनं काशी (2) इस प्रकार काशी की महिमा वेद से लेकर पुराणों तक में गायी गयी है। यह अत्यन्त प्रचीन काल से विद्या की स्थली रही है । ब्राम्हण तथा उपनिषद् काल में उस समय के तत्कालीन राजा स्वयं बहुत बड़े ब्रह्मवेत्ता थे। पुराण तथा महाभारत के रचयिता महर्षि व्यास भी काशी में ही निवास करते थे । 9वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में भगवान शंकराचार्य सुदूर देश की यात्रा करके काशी आये और यहीं रहकर उन्होंने ब्रम्हसूत्रों के ऊपर अपने शारीरिक भाष्य की रचना की। वैष्णव धर्म के आचार्य भी उत्तर भारत की तीर्थ यात्रा करते हुए काशी अवश्य आते थे। ऐसे आचार्यों में यमुनाचार्य का नाम विशेष उल्लेखनीय है जो दशम् शताब्दी के उत्तरार्द्ध में काशी पधारे थे ।(3)

वल्लभ सम्प्रदाय के आचार्य वल्लभाचार्य की सम्पूर्ण शिक्षा–दीक्षा काशी में ही हुई थी। चौतन्य महाप्रभु वृन्दावन की यात्रा पर आते–जाते काशी में ही निवास करते थे। रामावत सम्प्रदाय के संस्थापक स्वामी रामानन्द की साधना स्थली काशी ही रही है। यहीं रहकर उन्होंने वैष्णव मताब्ज

भाष्कर तथा वेदान्त के ब्रह्मसूत्रों पर आनन्दभाष्य की रचना की थी । महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत एकनाथ जी ने नाथ भागवत तथा रुक्मिणी स्वयंवर नामक ग्रन्थों की रचना काशी में ही रहकर की थी। सिक्ख धर्म के प्रवर्तक गुरुनानक देव जी काशी आकर निवास किये थे उस स्थान को आज गुरुद्वारा के नाम से जाना जाता है। भगवान बुद्ध ने अपने सिद्धन्तों को अपनी साधना द्वारा परिपुष्ट कर वाणी के द्वारा उनका प्रचार का आरम्भ काशी से ही किये थे ।

काशी भारत की नितान्त विख्यात नगरी है। यहां के मनीषियों द्वारा विरचित साहित्य अपनी मौलिकता तथा प्रमाणिकता के कारण सम्पूर्ण भारतवर्ष में प्रसिद्ध है । यहां का निर्मित साहित्य प्राणवान साहित्य है। भारत के विभिन्न प्रान्तीय विद्वानों ने काशी में निवास कर अपनी रचनाधर्मिता से साहित्य को अत्यन्त समृद्ध में किया। काशी के साहित्यकारों में दामोदर पंडित का नाम प्रमुख हैं इन्होंने गद्य में उक्तिव्यक्ति प्रकरण की रचना की। प्राकृत पैगलमू इन्हीं के द्वारा रचित एक काव्य ग्रन्थ हैं जो काशी के राजकुमारों को बाजार की भाषा सिखाने के लिए लिखी गयी थी ।(4) काशीकेय के मतानुसार काशीश्वर राना की प्रशंसा इसी काव्य का अंश है । आरम्भिक हिन्दी के निर्माता राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द का जन्म 1823 में काशी में हुआ था। इन्होंने 'बनारस अखबार' का सम्पादन किया था 'राजा भोज का सपना', 'मानव धर्मसार', 'विद्यालंकार' आदि रचनाओं के द्वारा इन्होंने हिन्दी साहित्य को अत्यन्त समृद्ध किया इनकी इतिहास तिमिरनाश तथा 'बैताल पचीसी' जैसी पुस्तकें उर्दू मिश्रित हिन्दी को प्रश्रय प्रदान करती है। इनका देहान्त 1895 ई0 में हुआ ।(5) सन्त काव्य के कवियों में कबीर का स्थान सर्वोपरि है। भक्तिकाल के आरम्भ में कबीर एक प्रभावशाली रचनाकार के रूप में हमारे सामने आते हैं इनके जन्म के विषय में अनेक किम्वदन्तियां हैं। ऐसा माना जाता है कि ये एक विधवा ब्राम्हणी के गर्भ से पैदा हुए थे परन्तु इनका पालन–पोषण करने वाले नीमा तथा नीरु के जुलाहा दम्पति थे। इसलिए वे स्वयं को जुलाहा बताया है जाति जुलाहा नाम कबीरा । कबीरा द्वारा रचित कुल 63 ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है । उनकी रचनाओं का संग्रह बीजक नामक से है जिनके साखी, सबद तथा रमैनी तीन भाग हैं ।(6)

भक्तिकालीन संत कवियों में तुलसीदास का नाम सर्वोपरि है। संवत् 1554 में राजापुर में जन्में नरहरि दास की शिष्य परम्परा के मूर्धन्य कवि सगुण भक्ति की रामकाव्य धारा के दिव्यमान नक्षत्र हैं। इन्होंने कुल 12 पुस्तकों की रचनाएँ कीं। गोस्वामी जी के मित्रों में अब्दुर रहीम–खानखाना, महाराजा मानसिंह, नाभादास, और मधुसूदन सरस्वती थे। गोस्वामी जी की मृत्यु 1680 में काशी में हुई थी। (7) रैदास रामानन्द के बारह शिष्यों में से एक थे। इनके जीवन परिचय से सम्बन्धित कुछ भी जानकारी प्राप्त नहीं होती है। कह रैदास खलास चमारा द्वारा इनके जाति का पता चलता है लेकिन इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं मिलता। मीराबाई तथा घन्ना ने इन्हें अपना गुरू माना है। रैदास ने

एक परम्परा चलायी जिसे साधु सम्प्रदाय कहते हैं। इनका कोई ग्रन्थ नहीं मिलता लेकिन फुटकल पद, पदवानी और संतवानी सीरीज में संग्रहित हैं ।(8) लाहौरी निवासी लाला ईश्वरदास के पुत्र देवकीनन्द खत्री का जन्म 1861 ई0 में हुआ। इनकी कर्मस्थली काशी तथा मिर्जापुर थी। चकिया और नौगढ़ की छानबीन करते–करते अपनी रचनाओं को इन्होंने ऐय्यारी तथा तिलस्म से भर दिया। 1888 में प्रकाशित चन्द्रकांन्ता सर्वाधिक प्रसिद्ध रचना थी। अनूठी बेगम, काजल की कोठरी, गुप्त गोदना और नरेन्द्र मोहिनी आदि रचनाएं पाठकों में अत्यन्त लोकप्रिय थी। सन् 1913 में आपका देहावसान हो गया।(9)

भारतेन्दु जी का जन्म काशी के एक सम्पन्न वैश्य परिवार में हुआ था। वे मात्र 34 वर्ष चार महीने जीवित रहे। भारतेन्दु जी युग प्रवर्तक रचनाकार थे। वे आधुनिक साहित्य के अग्रदूत थे। इनकी शौकीन मिजाजी और दानशीलता की अनेक कहानियां प्रसिद्ध हैं। मात्र 17 वर्ष की अवस्था में आपने कवि वचन सुधा (1868 ई0) नामक पत्रिका का सम्पादन किया। सन् 1873 ई0 में इन्होंने हरिचन्द्र मैगजीन नामक दूसरी पत्रिका निकाली। परिमार्जित हिन्दी का प्रथम दर्शन इसी पत्रिका में होता है। इनकी काव्य कृतियों की संख्या लगभग 70 हैं। इन्होंने मौलिक तथा अनूदित दोनों प्रकार के नाटकों की रचनाएं की। इनकी मृत्यु 1885 में हुई थी ।(10) जगन्नाथ दास रत्नाकर का जन्म सन् 1866 में काशी में हुआ था। आरम्भ में ये उर्दू में रचनाएं करते थे। बाद में ये खड़ी बोली और ब्रजभाषा में भी कविताएं लिखने लगे। छात्र जीवन में जकी उपनाम से काव्य रचना करते थे । हिंडोंला 'समालोचनादर्शन', 'श्रृंगार लहरी', 'गंगावरतण', 'उद्धव शतक' आदि इनकी प्रसिध्द रचनाएँ हैं। भारतेन्दु जी साहित्य सुधा पत्र के अध्यक्ष भी थे । 22 जून 1732 को इनकी मृत्यु हो गयी ।(11)

श्यामसुन्दर दास का जन्म सन् 1875 ई0 में काशी में हुआ था । 16 जुलाई 1893 को श्री रामनारायण मिश्र एवं ठाकुर शिवकुमार सिंह के सहयोग से नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना की सन् 1921 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष के पद को सुशोभित किये। आप सरस्वती पत्रिका के प्रथम सम्पादक भी रहे। सन् 1945 में आपका देहावसान हो गया ।(12) बाबू कृष्ण चन्द का जन्म सन् 1879 में काशी में हुआ था ये भारतेन्दु हरिचन्द्र के भतीजे तथा भारतेन्दु मण्डल के संस्थापक थे। आपने बाल्मीकि रामायण का उत्तरकाण्ड तथा भवभूति के उत्तररामचरित का हिन्दी पद्यानुवाद किया। उन्नतालीस वर्ष की अल्पायु में 1918 में आपका स्वर्गवास हो गया ।(13) प्रेमचन्द का वास्तविक नाम धनपत राय था। उर्दू के नवाब राय तथा हिन्दी उपन्यास के सम्राट का जन्म सन् 1980 में लमहीं नामक ग्राम में हुआ था। ये एक स्कूल में अध्यापन का कार्य कर रहे थे परन्तु असहयोग आन्दोलन के दौरान इन्होंने नौकरी से त्याग पत्र दे दिया। सन् 1900 से पहले ये उर्दू में लेखन कार्य करते थे। इनका पहला उपन्यास हम खुर्मा हम सबाव सोजे वतन 1908 में नवाब

राय के नाम से प्रकाशित हुआ था। इन्होंने हंस पत्रिका का सम्पादन भी किया। इनकी मृत्यु 8 अक्टूबर 1936 को हुई।(14)

जयशंकर प्रसाद छायावाद के प्रवर्तक एवं उसे पूर्ण उत्कर्ष प्रदान करने वाले गौरवशाली कवि हैं इनका जन्म सन् 1889 में काशी के एक प्रतिष्ठीत व्यापारी परिवार में हुआ था। स्वाध्याय एवं लगन के कारण इन्होंने कई भाषाओं का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था। बचपन में ही पिता और बड़ें भाई की मृत्यु के पश्चात व्यापार तथा परिवार का सारा भार इन्हीं के ऊपर आ गया था। प्रसाद जी आरम्भ में कलाघर उपनाम से ब्रजभाषा में काव्य रचना करते थे। परन्तु बाद में ये खड़ी बोली में रचनाएं करने लगे । ये मूलतः प्रेम, आनन्द, मादकता और प्रेरणा के कवि हैं। कविता के अतिरिक्त आपने नाटक, निबंन्ध, उपन्यास आदि की भी रचनायें की। आपका देहावसान सन् 1937 ई0 में हुआ।(15) केशव प्रसाद मौर्य का जन्म 1885 में काशी के मदैनी नामक स्थान पर हुआ था। एक भाषण के दौरान विनय पत्रिका की अत्यधिक प्रशंसा करने के कारण मालवीय जी ने इन्हें पहले काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में अध्यापक और बाद में उन्हें विभागाध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित किया। आपने गद्य तथा पद्य में अनेक रचनाएं कीं । 21 मार्च 1952 में आपका निधन हो गया।(16)

8 जनवरी 1890 के काशी में जन्में रामचन्द्र वर्मा के पिता का नाम परमेश्वरी दास था। सन् 1907 में बालगंगाधर तिलक के मराठी पत्र केसरी के हिन्दी संस्करण में कार्य किये थे। हिन्दी व्याकरण शब्द और अर्थ आदि इनकी अनेक अनुदित एवं मौलिक रचनाएं प्राप्त होती है सन् 1969 में आपका देहावसान हो गया ।(17) सन् 1884 में ग्राम अगोना बस्ती जिले में जन्में आलोचक निबंधकार, साहित्यकार अनुवादक कवि आचार्य रामचन्द्र शुक्ल गद्य साहित्य में शुक्ल युग के प्रवर्तक हैं शुक्ल जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व का वर्णन सीमित शब्दों में नहीं किया जा सकता, सन् 1930 ई0 में विचार विथि नाम से इनका निबंध संग्रह प्रकाशित हुआ। बाद में इसे चिन्तामणि भाग–1 तथा भाग–2 में प्रकाशित किया गया। उन्होंने विचारों की गूढ़ गुम्फित परम्परा का आरम्भ किया। शुक्ल जी का समग्र व्यक्तित्व उनकी निबंध शैली में लक्षित किया जा सकता है। आपका देहावसान सन् 1941 में हुआ ।(18) बलिया के दूबे छपरा में 1907 में जन्में हजारी प्रसाद द्विवेदी 1950 से 1960 तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष रहे। 1970 से 1972 तक हिन्दी भाषा के ऐतिहासिक व्याकरण योजना के निदेशक रहे। 1957 में पद्मभूषण से अलंकृत हुए। सूर साहित्य, हिन्दी साहित्य की भूमिका, कबीर विचार वितर्क, बाणभट्ट की आत्मकथा, आदि अनेक रचनाओं से आपने हिन्दी साहित्य को अत्यन्त समृद्ध किया। 19 मई 1979 में आपका निधन हो गया। (19)

सीताराम चतुर्वेदी का जन्म 27 जनवरी 1907 को काशी में हुआ। आपने हनुमत चरित पर प्रथम मौलिक कृति सृजित की सन् 1933 से –38 तक सनातन धर्म के संस्थापक एवं मालवीय जी के निजी सचिव रहे। 18 फरवरी 2005 को आपका निधन हो गया ।(20) सुदामा पाण्डेय धूमिल का जन्म 9 नवम्बर 1936 ई0 में उत्तर प्रदेश के बनारस जिले के खेलवी गाँव में हुआ था। मूलतः ये सातवें दशक के कवि हैं इनकी कविताएं अकविता आलोचना तथा सर्वनाम जैसी पत्रिकओं में छपी। इनका पहला काव्य संग्रह संसद से सड़क तक प्रकाशित हुआ जो अत्यन्त चर्चित रहा । कल सुनना मुझे काव्य संग्रह पर इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिल चुका है। इस प्रसिद्ध कवि की मृत्यु 10 फरवरी 1964 में हुई थी ।(21) डॉ विद्यानिवास मिश्र का जन्म 28 जनवरी 1926 को हुआ। वे संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान जाने–माने भाषा विद्, हिन्दी साहित्यकार एवं सफल सम्पादक थे। सन् 1999 में भारत सरकार ने साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मभूषण से सम्मानित किया। मिश्र जी ललित निबंध की परम्परा में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कुबेर नाथ राय के साथ मिलकर एक त्रयी रचते हैं 14 फरवरी 2005 में आपका निधन हो गया ।(22) लाला भगवान दीन का जन्म 1866 में हुआ था। आपने हिन्दी शब्दसागर के निर्माण में सहायक सम्पादक के रुप में महान योगदान दिया ये छन्द शास्त्र के ज्ञाता थे। राम चन्द्रिका, रसिकप्रिया, कविप्रिया आदि की टीकाएं भी लिखीं। अलंकार मंजूषा, व्यंग्यार्थ मंजूषा हिन्दी काव्यशास्त्र की महत्वपूर्ण रचनाएं हैं। आपका देहावसान 1930 में हुआ।(23)

उपरोक्त साहित्यकारों के अतिरिक्त अनेक साहित्यकार जिनमें भोलाशंकर व्यास,जय प्रकाश बागी, भाष्कर पाठक, घनश्याम गुप्त, मोहम्मद सलीम राही, शम्भुनाथ सिंह, डां. वासुदेव सिंह, डां. शुकरदेव सिंह, डां. कमल गुप्त, पुरुषोत्तम अग्रवाल, त्रिभुवनसिंह, डां. शिवप्रसाद सिंह, पं. सुधाकर पाण्डेय, विजयशंकर मल्ल, पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र आदि का नाम उल्लेखनीय है। जिनके अनुशालन से साहित्य की महत्ता, नूतनता तथा विकास को एक नवीन दिशा मिलती है। अंत में यही कहना उचित प्रतीत होता है–

धन्येयं नगरी, काशी, धन्यस्तत्रत्य पण्डिताः।
धन्यं तत्सृष्टं साहित्यं, धन्यास्तद्रसिका बुधाः।।

सन्दर्भ सूची–

1. पी.वी कणे–धर्मशात्र का इतिहास (हिन्दी) भाग 3 पृ. 1350
2. पी.वी कणे–धर्मशात्र का इतिहास (हिन्दी) भाग 3 पृ. 158
3. वैष्णव सम्प्रदायों का साहित्य और सिद्धांत बलदेव उपाध्याय (अमर भारतीय प्रकाशक पृ. 156)
4. मगध सत्ता – काशी के साहित्यकार – शंकरदयाल ब्लॉग स्पॉट डॉट इन
5. हिन्दी साहित्य का इतिहास– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पृ. 10
6. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास– वशिष्ट अनूप पृ 33
7. वही पृ0 35
8. संतकाव्य परशुराम चतुर्वेदी पृ. 111
9. हिन्दी साहित्य का अभिनव इतिहास– वशिष्ट अनूप पृ. 20
10. आधुनिक कवि विश्वम्भर मानव रामकिशोर शर्मा पृ. 19
11. आधुनिक कवि विश्वम्भर मानव रामकिशोर शर्मा पृ. 40
12. मगध सत्ता – काशी के साहित्यकार – शंकरदयाल ब्लॉग स्पॉट डॉट इन
13. वही
14. हिन्दी साहित्य का नवीन इतिहास– डां. लाल साहब सिंह पृ. 194
15. आधुनिक कवि– विश्वम्भर मानव पृ. 69
16. मगध सत्ता – काशी के साहित्यकार – शंकरदयाल ब्लॉग स्पॉट डॉट इन
17. वही
18. हिन्दी साहित्य का नवीन इतिहास– डां. लाल साहन सिंह पृ. 190
19. हिन्दी साहित्य का नवीन इतिहास– डां. लाल साहन सिंह पृ. 191
20. मगध सत्ता – काशी के साहित्यकार – शंकरदयाल ब्लॉग स्पॉट डॉट इन
22. काशी की पाण्डित्य परम्परा आचार्य बलदेव उपाध्याय पृ. 765
23. प्रिया प्रकाश लाला भगवानदीन पृ. 7–8

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

श्वेताश्वतरोपनिषद् में ध्यानयोग का विवेचन

डॉ. ईश्वर भारद्वाज, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
मानवचेतना एवं योगविज्ञान विभाग,
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

डॉ. उधमसिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर
मानवचेतना एवं योगविज्ञान विभाग,
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

विश्व में जितने भी धर्म हैं उनमें ध्यान का वर्णन किसी न किसी रूप में प्राप्त होता है। ध्यान की कई पद्धतियां जैसे प्रणव, साक्षीभाव, झेन, विपश्यना, प्रेक्षा, विश्व भर में प्रचलित हैं। भारतीय वाङ्मय में ध्यानयोग का विशद् वर्णन मिलता है। उपनिषदों में योगविद्या के व्यावहारिक उपयोग की विधियों में ध्यान का उल्लेख मिलता है। उपनिषद् परम्परा में श्वेताश्वतरोपनिषद् का विशेष महत्त्व है। श्वेताश्वतरोपनिषद् कृष्ण यजुर्वेदीय शाखा के अन्तर्गत है। इसमें जीव, ब्रह्म, पुरुष-प्रकृति, सृष्टि का कारण आदि को समझाया गया है। इसके साथ ही ध्यान योग का विस्तृत विवेचन किया गया है। ध्यान का महत्व एवं उसके विधि-विधान, स्थान आदि की मर्यादाएं समझाते हुए उन्नति के लक्षण भी बताये हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में श्वेताश्वतरोपनिषद् में वर्णित ध्यान योग पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

श्वेताश्वतरोपनिषद् में ध्यान का उद्देश्य-

ध्यानविन्दूपनिषद् में ध्यान की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यदि पर्वत के समान अनेक योजन विस्तार लिए हुए पाप समूह हों तो ध्यानयोग द्वारा उनको नष्ट किया जा सकता है और इन पाप समूहों को अन्य किसी साधन से नष्ट करना सम्भव नहीं है।[1] परमात्मा को जानने के लिए ध्यानयोग का आश्रय लिया जाता है। मुण्डकोपनिषद् के ऋषि कहते हैं कि 'वह परमात्मा न आंख से दिखाई देता है, न वाणी से जाना जाता है, न उसे इन्द्रियों से, तप से या कर्म से जान सकते हैं। ज्ञान की निर्मलता से जब मनुष्य का अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है, तब वह ध्यान के द्वारा उस ब्रह्म को जान लेता है'।[2]

ध्यान के उद्देश्य की व्याख्या करते हुए उपनिषद् के ऋषि कहते हैं कि जिस प्रकार काष्ठ में अग्नि छुपी होती है[3] लेकिन अरणी मन्थन की प्रक्रिया से काष्ठ की अग्नि प्रकट हो जाती है, उसी प्रकार शरीर को नीचे की अरणी बनाकर और प्रणव को ऊपर की अरणी बनाकर ध्यान के द्वारा सतत मन्थन करने से अग्नि की भांति परमात्म तत्व प्रकट हो जाता है।[4] उदाहरण देते हुए ऋषि कहते हैं कि जिस प्रकार तिलों में तेल, दही में घी, स्त्रोत में जल छिपा रहता है, उसी प्रकार परमात्मा हमारे अन्दर विराजमान है। जो साधक परमात्मा को सत्य तथा तप के द्वारा मननपूर्वक देखता है, वह साधक परमात्म तत्व को जान लेता है।[5] उस परमात्म तत्त्व के चिन्तन, भावना और ध्यान करने से अन्त में माया से निवृत्ति मिलती है

और परमात्म तत्त्व की प्राप्ति होती है।[6] उस परमात्म तत्त्व के जान लेने पर कैवल्य की प्राप्ति हो जाती है। उपनिषद् के ऋषि ध्यानयोग के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि गुणों से आच्छादित आत्मशक्ति को साक्षात् करने के लिए ध्यानयोग का अवलम्बन लेना चाहिए।[7]

ध्यान हेतु उपयुक्त स्थल का चयन-

ध्यानयोग के अभ्यास से पूर्व उचित स्थान का चयन करना महत्वपूर्ण एवं नितांत आवश्यक है। श्रीमद्भगवद्गीता में भी स्थान के लिए निर्देश करते हुए कहा गया है कि पवित्र स्थान में आसन लगाना चाहिए, जो न तो अधिक ऊँचा हो, न अधिक नीचा हो, ऐसे आसन पर बैठकर ध्यान साधना करना चाहिए।[8] हठप्रदीपिका के अनुसार योगी को ऐसे स्थान में रहना चाहिए, जहां का राज्य सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो, जहां धार्मिक वृत्ति के मनुष्य निवास करते हों, उपद्रवों से रहित हो, जहां चार हाथ प्रमाण की दूरी तक पत्थर, अग्नि अथवा जल की उपस्थिति न हो और एकान्त में स्थित हो।[9] वहां की भूमि ऊँची-नीची न होकर समतल हो ऐसे स्थान पर योगाभ्यास करना चाहिए।[10] घेरण्ड संहिता में भी इसी प्रकार के स्थान का वर्णन किया गया है।[11]

श्वेताश्वतरोपनिषद् में ध्यान के लिए उपयुक्त स्थान का वर्णन करते हुए कहा गया है कि 'समतल और पवित्र भूमि हो, जहां कंकड़, अग्नि, तथा बालू से रहित, जल के आश्रय और शब्द आदि की दृष्टि से मन को अनुकूल, नेत्रों को सुखद लगने वाला, गुहा बनाकर एकान्त निर्वात स्थल के आश्रय में ध्यान का अभ्यास करना चाहिए'।[12]

ध्यानयोग के लिए जीवनचर्या-

ध्यानयोग की साधना में जीवनचर्या का बहुत महत्व है। ध्यानयोग के अभ्यास में रत साधक को अपनी दिनचर्या ध्यान के अनुकूल बनानी चाहिए। इस संबंध में श्रीमद्भगद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है कि 'यथायोग्य आहार-विहार करने वाला एवं कर्मों को यथायोग्य सम्पन्न करने वाला तथा समय पर सोने वाला व जागने वाला साधक योगमार्ग में सफलता प्राप्त कर लेता है'।[13] उपनिषद्कार ने कहा है कि साध क को आहार-विहार से जुड़ी क्रियाओं को विधिवत् सम्पन्न करना चाहिए।[14] जिससे साधक ध्यानयोग में अपना मन लय कर सके।

ध्यान हेतु मन की तैयारी

ध्यानयोग के लिए मन का स्थिर होना आवश्यक है। प्राथमिक स्तर पर ध्यान के अनुकूल मन बने इसके लिए उपनिषद्कार ने प्राणायाम की प्रक्रिया का वर्णन किया है। इस प्रकार संयमित जीवनचर्या के अनुपालन करते हुए प्राणायाम की क्रिया सम्पन्न करें। प्राण को भीतर रोके, जब वह क्षीण होने लगे तब

नासिका से बाहर निकाल दें।[15] पातंजल योग सूत्र में प्राणायाम की इस विधि को आभ्यन्तरवृत्ति प्राणायाम कहा है।[16] उदाहरण देते हुए ऋषि कहते हैं कि जिस प्रकार एक कुशल सारथि दुष्ट अश्वों से जुते हुए रथ को अत्यन्त सावधानी से लक्ष्य की ओर ले जाता है, उसी प्रकार साधक को अपने मन को वश में रखकर लक्ष्य की ओर ले जाना चाहिए।[17]

श्वेताश्वतरोपनिषद् में ध्यान की विधि-

ध्येय का निरन्तर मनन करना ही ध्यान है। दीर्घकाल तक ध्यान के अभ्यास से वस्तु के यथार्थ स्वरूप का बोध होने लगता है। महर्षि पतंजलि के अनुसार ध्येय विषय के निरन्तर बिना बाधा के ध्याता के साथ एक्य होना ध्यान है- 'तत्रप्रत्ययैकतानता ध्यानम्'।[18] श्रीमद्भगवद्गीता में 'समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिर:'[19] अर्थात् शरीर, शिर और ग्रीवा को समान और अचल धारण किए हुए दृढ़ होकर ध्यान का निर्देश दिया है। श्वेताश्वतरोपनिषद् में ध्यान की विधि का वर्णन करते हुए ऋषि कहते हैं कि विद्वान् पुरुष को चाहिए कि वह सिर, ग्रीवा और वक्षस्थल इन तीनों को सीधा और स्थिर रखकर दृढ़ता-पूर्वक इन्द्रियों को बाह्य विषयों से हटाकर मन के अधीन करे और मन को हृदय में निविष्ट करके साधक प्रणव 'ओंकार' रूपी नौका पर सवार होकर संसार रूपी नदी के जितने पाप रूपी भयावय स्त्रोत हैं, उनसे पार चले जाएं।[20] ध्यान करने के लिए उपनिषद्कार ने हृदय में परमात्मा के ध्यान की विधि का वर्णन किया है- यह जगत् का उत्पादनकर्ता, देदीप्यमान परमात्मा सदैव मनुष्यों के हृदय में स्थित है। जो साधक अपने हृदय में बुद्धि और मन से ध्यान द्वारा योगयुक्त होकर इसे जान लेते हैं, वे अमरता प्राप्त कर लेते हैं।[21]

योग सिद्धि के लक्षण-

ध्यान के निरन्तर अभ्यास से साधक के शरीर तथा मन में कुछ बदलाव आता है जो ध्यान की सिद्धि की ओर संकेत करते हैं। योगतत्त्वोपनिषद् में योग सिद्धि के लक्षणों का वर्णन करते हुए कहा है कि शरीर में हल्कापन अनुभव होना, जठराग्नि का तीव्र हो जाना,[22] शरीर में दुबलापन आ जाना जैसे चिन्ह योगाभ्यास करने से प्रकट होने लगते हैं।[23] श्वेताश्वतरोपनिषद् में भी इस तरह के लक्षणों का वर्णन किया गया है। 'शरीर की स्थूलता कम होना, शरीर में किसी प्रकार का रोग न रहना, विषयों में आसक्ति का न होना, शरीर में कांति-तेजस्विता का विकास होना, स्वर का मधुर हो जाना, शरीर से शुभ गन्ध का निकलना, मल-मूत्र अल्प होना यह योग की प्रारंभिक सिद्धियां है'।[24] ऋषि कहते हैं कि योग साधना प्रारम्भ करने पर ब्रह्म की अभिव्यक्ति स्वरूप सर्वप्रथम कुहरा, धुआं, सूर्य, वायु, जुगनू, विद्युत, स्फटिकमणि, चन्द्रमा आदि बहुत से रूप साधक के समक्ष प्रकट होते हैं।[25] ध्यान के निरंतर अभ्यास से योगाग्नि प्रकट हो जाती है। उपनिषद् के ऋषि कहते हैं कि 'पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश इन पंच महाभूतों का सम्यक उत्थान होने पर और इनसे सम्बन्धित पांच योग विषयक गुणों की सिद्धि होने

पर, योगाग्निमय शरीर की प्राप्ति होती है। योगाग्निमय शरीर प्राप्त होने पर साधक को न तो रोग होता है, न वृद्धावस्था को प्राप्त होता है और न ही असमय उसे मृत्यु प्राप्त होती है'।[26] ध्यान के सतत अभ्यास करने से साधक आत्मसाक्षात्कार की तरफ बढ़ने लगता है। उदाहरण से समझाते हुए ऋषि लिखते हैं कि जिस प्रकार मिट्टी से सना हुआ रत्न अपनी स्वाभाविक आभा-चमक खो देता है, जैसे ही उसे स्वच्छ किया जाता है, वैसे ही चमकने लगता है। ठीक इसी प्रकार देहधाारी जीव ध्यान के माध्यम से अपनी मलिनता को धोकर आत्मसाक्षात्कार करता है।[27]

ध्यानयोग से मोक्ष की प्राप्ति-

संसार के जन्म-मरण-बन्धनों से छुटकारा मिलने की अवस्था ही मुक्ति कहलाती है। इसे ब्रह्मस्वरूप की प्राप्ति या मोक्ष भी कहते हैं। श्वेताश्वतरोपनिषद् में मोक्ष प्राप्त करने के लिए परमात्म साक्षात्कार पर बल दिया गया है। इसलिए कहा गया है कि 'सम्पूर्ण जगत को अपनी सत्ता से घेरे रखने वाले उस महान् परमात्मा को जानकर विद्वान् पुरुष अमर हो जाते हैं'।[28] उपनिषद् के ऋषि समझाते हुए कहते हैं कि 'परमात्मा को जाने बिना दु:खों का अन्त होना उसी प्रकार असम्भव है, जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना है'।[29] 'साधक उस ब्रह्म को जानकर ही मृत्यु के चक्र को पार कर सकता है, दूसरा कोई मार्ग नहीं है'।[30] इसीलिए ऋषि ध्यान योग द्वारा परमात्मा का साक्षात्कार करके मोक्ष प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, वे आगे कहते हैं कि 'यह जगत् कर्ता, देदीप्यमान परमात्मा सर्वदा मनुष्यों के हृदय में सम्यक प्रकार से अवस्थित है, जो साधक अपने हृदय, बुद्धि और मन से ध्यान योग द्वारा योग युक्त होकर उसे जान लेते हैं, वे मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं'।[31] योगी दीपक के समान ब्रह्मतत्त्व का साक्षात्कार करता है, तब वह जन्मरहित, निश्चल, सम्पूर्ण तत्त्वों से पवित्र उस परमात्मा को जानकर बन्धनों से मुक्ति पा लेता है।[32]

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि श्वेताश्वतरोपनिषद् में ध्यानयोग का वर्णन प्राप्त होता है एवं यह ध्यानयोग के जिज्ञासुओं के लिए मार्गदर्शक ग्रन्थ है।

1. यदि शैल समं पापं विस्तीर्ण बहुयोजनं। विद्यते ध्यानयोगेन नान्यो भेद: कदाचन।। ध्यानबिन्दूपनिषद्1
2. न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा। ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्वस्ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमान:।। मुण्डकोपनिषद् 3/1/8
3. वह्नेर्यथा योनिगतस्य मूर्तिर्न दृश्यते नैव च लिङ्गनाश:। स भूय एवेन्धनयोनिगृह्यस्तद्वोभयं वै प्रणवेन देहे।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 1/13
4. स्वदेहमरणिंकश्वा प्रणवं चोत्तरारणिम् । ध्याननिर्मथनाभ्यासाद्देवं पश्येन्निगूढवत्।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 1/14

5. तिलेषु तैलं दधनीव सर्पिराप: स्रोतस्स्वरणीषु चाग्नि:। एवमात्मात्मनि गृह्यतेऽसौ सत्येनैनं तपसा योऽनुपश्यति।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 1/15
6. तस्याभिध्यानाद्योजनात्त्वभावाद् भूयश्चान्ते विश्वमायानिवृत्ति।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 1/10
7. ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगुढाम्।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 1/3
8. शुचौ देशे प्रतिष्ठाय स्थिरमासनमात्मन:। नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम्।। श्रीमद्भगवद्गीता 6/11
9. सुराज्ये धार्मिक देशे सुभिक्षे निरुपद्रवे। धनु:प्रमाणपर्यन्तं शिलाऽग्निजलवर्जिते। एकान्ते मठिकामध्ये स्थातव्यं हठयोगिना ।।1/12
10. अल्पद्वारमरन्ध्रगर्तविवरं नात्युच्चनीचायतम्। सम्यग्गोमयसान्द्रलिप्तममलं नि:शेषजन्तुज्झितम्। बाह्ये मण्डपवेदिकूपरुचिरं प्राकारसंवेष्टितम्। प्रोक्तं योगमठस्य लक्षणमिदं सिद्धैर्हठाभ्यासिभि:।। 1/13
11. सुदेशे धार्मिके राज्ये सुभिक्षे निरुपद्रवे। कृत्वा तत्रैकं कुटिरं प्राचीरै: परिवेष्टितम्। 5/5
12. समे शुचौ शर्करावह्निवालुकाविवर्जिते शब्दजलाश्रयादिभि:। मनोनुकूले न तु चक्षुपीडने गुहानिवाताश्रयणे प्रयोजयेत्।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/10
13. युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु। युक्त स्वप्नावबोधस्य योगो भवति दु:खहा।। श्रीमद्भगवद्गीता 6/17
14. स युक्तचेष्ट:। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/9
15. प्राणान्प्रपीड्येह स युक्तचेष्ट: क्षीणे प्राणे नासिकयोच्चसीत। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/9
16. पातंजल योग सूत्र 2/52
17. दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं विद्वान्मनो धारयेताप्रमत्त:।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/9
18. योगसूत्र 3/2
19. श्रीमद्भगवद्गीता 6/13
20. त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं हृदीन्द्रियाणि मनसा संनिरुध्य। ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान्स्त्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/8
21. एष देवो विश्वकर्मा महात्मा सदा जनानां हृदये संनिविष्ट:। हृदा मनीषा मनसाऽभिक्लृप्तो य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 4/17
22. जायन्ते योगिनो देहे तानि वक्ष्याम्यशेषत:। शरीर लघुता दीप्तिर्जाठराग्निविवर्धनम्।। योगतत्वोपनिषद् 45

23. कृशत्वं च शरीरस्य सदा जायेत निश्चितम्।। योगतत्वोपनिषद् 46

24. लघुत्वमारोग्यमलोलुपत्वं वर्णप्रसादं स्वरसौष्ठवं चं। गन्धः शुभो मूत्रपुरीषमल्पं योगप्रवृत्तिं प्रथमां वदन्ति।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/13

25. निहारधूमार्कानलानिलानां खद्योतविद्युतत्स्फटिकशशीनाम्। एतानि रुपाणि पुरःसराणि ब्रह्मण्यभिव्यक्तिकराणि योगे।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/11

26. पृथ्व्याप्यतेजोऽनिलखे समुत्थिते पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्ते। न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्।। श्वेताश्वतरोपनिषद्2/12

27. यथैव बिम्बं मृदयोपलिप्तं तेजोमयं भ्राजते तत्सुधान्तम्। तद्वात्मतत्त्वं प्रसमीक्ष्य देही एकः कृतार्थो भवते वीतशोकः।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/14

28. विश्वस्यैकं परिवेष्टितारं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः। श्वेताश्वतरोपनिषद् 4/16

29. यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः। तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 6/20

30. तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 3/8

31. एष देवो विश्वकर्मा महात्मा सदा जनानां हृदये संनिविष्टः। हृदा मनीषा मनसाऽभिक्लृप्तो य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 4/17

32. यदात्मतत्त्वेन तु ब्रह्मतत्वं दीपोपमेनेह युक्तः प्रपश्येत। अजं ध्रुवं सर्वतत्त्वैर्विशुद्धं ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैः।। श्वेताश्वतरोपनिषद् 1/15

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

संस्कृत साहित्य में राष्ट्रीय चेतना

नरेश प्रसाद भट्ट
शोधच्छात्र
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

राष्ट्र लेखन प्रक्रिया और रचनाधर्म की की केन्द्र बिन्दु होती है, राष्ट्र के नाम लगी लेखनी की स्याही अमृतों को प्राप्त करती है। प्रत्येक रचनापथ का पथिक अपने चिन्तन में राष्ट्र की चिन्ता को अपनी चिन्ता और राष्ट्र की चेतना को अपनी चेतना से सम्पृक्त पाता है।

संस्कृतसाहित्य में राष्ट्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ऋग्वेद में प्राप्त होता है–

''मम दित्ता राष्ट्रं धात्रियस्य''[1]

इस मन्त्र की व्याख्या करते हुए ऋग्वेद के प्रसिद्ध व्याख्याकार सायण ने राष्ट्र शब्द का अर्थ प्रजा किया। इस प्रकार से ऋग्वेद में कई स्थलों पर राष्ट्र शब्द प्रयुक्त हुआ है। राष्ट्र शब्द की व्युत्पत्ति राज्दीप्तो धातु से सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन् प्रत्यय करने पर राष्ट्र शब्द बनता है। जिसका अर्थ राजते यत् तद् राष्ट्रम्, अर्थात् जो सुशोभित होता है वह राष्ट्र है। कोई भी राष्ट्र, राष्ट्र तब कहलाता है जब उसके पास अपनी भूमि, जन, संस्कृति, सभ्यता एवं भाषा हो तभी वहां राष्ट्र समृद्ध एवं वैभवशाली हो पाता है वैसे राष्ट्रीयता अपने में एक सम्पूर्ण विचारधारा एवं सामूहिक चेतना है, एक ऐसी भावना है जो इतनी प्रगाढ़ होती है कि सम्बद्ध समूहगत अन्य बहुविध भेदभावों को दबाकर तत्सम्बद्ध जनों को एक सूत्र में बांधे रखती है और दूसरी ओर उनको ऐसे लोगों से पृथक् किये रखती है जो उस श्रेणी में नहीं हैं। इस प्रकार राष्ट्रीयता को यदि परिभाषित करेंगे तो कहेंगे ''एक सम्मिलित राजनीतिक ध्येय से बंधे हुए किसी विशिष्ट भौगोलिक इकाई के जन समूह के पारस्परिक सहयोग और उन्नति की अभिलाषा से प्रेरित भू–भाग के लिए प्रेम और गर्व की भावना को राष्ट्रीयता कहते हैं।[2]

राष्ट्रीय चेतना के स्वर वैदिक संस्कृत में बहुत्र सुनाई देते हैं। वैदिक ऋषियों ने राष्ट्रीय चेतना को मुखरित कर इस राष्ट्रीय प्रार्थना से मानव मात्र के वैभवशाली हृदय में सुखी सम्बद्ध अखण्ड राष्ट्र की भावना जागृत की थी। वह प्रार्थना है–

ॐ आब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्
आराष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽति व्याधी जायताम्। इति।[3]

एवं

राष्ट्रं धारयतां ध्रुवम्[4]

इसी प्रकार अथर्ववेद में भूमि को माता तथा अपने को उसका पुत्र कहा गया है–

माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः
वयं तुभ्यं बलहृतः स्याम[5]

अर्थात् हम भूमि माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दें। और भी कहा गया है–

एषा राष्ट्रं सुवीरं वर्धयामि।[6]

इसी प्रकार से यजुर्वेद में कहा गया है कि भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सर्वप्रथम संस्कृति थी–

सा प्रथमा संस्कृतिर्विश्ववारा[7]

हम पुरोहित राष्ट्र को जागृत करें, उसी भाव को यजुर्वेद में कहा गया है–

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः[8]

इस प्रकार से यहां राष्ट्र चेतना का स्वर वैदिक साहित्य से आगे लौकिक संस्कृत साहित्य में और अधिक प्रबल होता गया। भारतीय एकता अखण्डता के विषय में भागवतपुराण कहता है–

भारतेषु स्त्रियः पुंसो नाना वर्णाः प्रकीर्तिताः।
नाना देवार्चन युक्ता नाना कर्माणि कुर्वते।।[9]

भारतीय भौगोलिक सीमांकन करते हुए विष्णुपुराण में लिखा है–

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्ष तद् भारती नाम भारती यत्र संततिः।।[10]

भारत के विभिन्न दिग्देशों के पर्वतों का समवेत स्मरण एक सामान्य देश की धारणा को पुष्ट करता है–

महेन्द्रो मलयः सह्यो शक्तिमानृसपर्वतः।
विन्ध्यश्च पारियात्राश्च सप्तात्र कुलपर्वतः।।[11]

पुराण साहित्य के पश्चात् वाल्मीकिकृत् आदिकाव्य रामायण में राष्ट्रीय चेतना का हृदयस्पर्शी वर्णन कवि ने किया है, रामायण में राम की यह उक्ति कितनी उत्कृष्ट एवं सारगर्भित है–

अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।[12]

एवं वेदव्यास ने महाभारत में कहा है-

सर्वेषामेव भूतानां प्रियं भारतमुत्तमम्।।[13]

संस्कृत साहित्य की दीपशिखा कहे जाने वाले कालिदास की कृतियों में राष्ट्रीयचेतना, प्राकृतिक वैभव, सांस्कृतिक गरिमा और अखण्डता सभी कुछ अपने उच्चतम रूप में चित्रित है, उनकी कृतियों में वर्णित भौगोलिग दृश्यों के वर्णन से यह स्पष्ट होता है कि प्रकृति ने भारत को किस प्रकार एक अटूट इकाई के रूप में ढाला है। 'कुमार-सम्भवम्' के आरम्भ में ही नगाधिराज हिमालय का गौरवपूर्ण चित्रण प्राप्त होता है-

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा,
हिमालयो नाम नगाधिराजः।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य,
स्थितः पृथिव्यामिव मानदण्डः।।[14]

कालिदास का यह मानदण्ड न केवल राष्ट्रभूमि की आयाति नापने का पैमाना है अपितु अपने गरिमापूर्ण व्यक्तित्व से भारतभूमि के मान-सम्मान का भी पैमाना है। यही अर्थों में उसका मानदण्ड है। कालिदास का देवात्मा हिमालय भारत की राष्ट्र अस्मिता का मूर्तिमान् प्रतीक है। उसके हृदय से निकली जलधाराओं ने धरती की एकता और महानता का सन्देश दिया है। राष्ट्रगौरव और एकता यह सन्देश ही कालिदास की कृतियों का मुख्य ध्येय है।

इसी क्रम में उत्तररामचरितम् के लेखक भवभूति के काव्यों में राष्ट्रचेतना की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। उत्तररामचरितम् में राम की यह उक्ति-

स्नेहं दयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकानां मुंचता नास्ति मे व्यथा।।[15]

इसी क्रम में इक्कीसवीं शताब्दी के संस्कृत काव्यशिल्पियों ने भी राष्ट्रीयता के स्वर अपने काव्यों में उठाए हैं। प्रसन्नभारत महाकाव्य में श्री गिरिजाशंकर मिश्र कहते हैं कि-

महीतले स्वर्णपतत्रि संज्ञकं स्वभैभवैरल्पितकल्पपादम्।
कुबेर लक्ष्मी तुलनेकललासं महाधनाढ्यं भुवि भाति भारतम्।।

और भी-

आर्यावयं भारतभूमिपुत्राः स्वातन्त्र्य निष्ठाभुविसन्तुतानः।
सदामहे सर्वमहीपलोके कस्याप्यनार्यस्य न किन्तुदास्यम्।।[16]

आधुनिक संस्कृत साहित्य के लेखक राष्ट्र के विषय में कहते हैं-

न यत्र देशोधृतिकामनाऽस्ते न मातृभूमेर्हितचिन्तनं च।
न राष्ट्ररक्षा-बलिदानभावः श्मशानतुल्यं नरजीवनं तत्।।

भारत के मनीषियों एवं ऋषियों के सम्मुख भारतीय एकता का स्वरूप सदैव साकार रहा है। इसलिए उन्होंने हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक, ब्रह्मपुत्र की घाटी से सिंधु घाटी तक भारत को एक इकाई माना है। इसलिए प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठान की समाप्ति पर आदर्शमयी प्रसिद्ध श्लोक कहा जाता है-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।

इस प्रकार मोक्ष प्रदान करने वाली भारत की पवित्र सप्त सिंधुओं के जल समावेश हेतु आज भी भारत के स्नान समय अखण्ड भारत की कल्पना को साकार करते हुए मन्त्रोच्चारण किया जाता है-

गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधं कुरु।।

संस्कृत साहित्य में राष्ट्रचेतना एवं एकता अखण्डता के पग पग पर दिग्दर्शन होते हैं, इसलिए तो यहां पर व्यक्ति और वस्तु का नाम गुण के आधार पर लिखे जाते थे। इसलिए इस देश का नाम मनीषियों ने भारतवर्ष रखा। भा- अर्थात् प्रकाश- ज्ञान-विज्ञान, ईश्वरीयतत्त्व की आभा। रत- अर्थात् लगा हुआ-युक्त, वर्ष- स्थान, तो अपना देश उन लोगों का देश है जो ईश्वरीय ज्ञान और विज्ञान की आभा से युक्त होकर विश्व में कृण्वन्तोविश्मार्यः के उद्घोष के लिए कटिबद्ध थे। इतना ही नहीं, तो यह यह उद्घोष भारतवर्ष के मनीषियों का ही था।

मातृभूमि की स्तुति में लिखा बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा राष्ट्रगीत राष्ट्र के लोगों को जागरूक करता है-

वन्दे मातरम्
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्यश्यामलां मातरम्, वन्दे मातरम्।।

भारत के ऐतिहासिक स्वर्णयुग के महान काव्यशिल्पी संस्कृत साहित्य के महाकवियों ने सिंहनाद कर भारतीयों के अन्त:करणों में अपनी मातृभूमि के प्रति गौरव की भावना जागृत कर राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ बनाने का स्तुत्य कार्य किया, राष्ट्रीय अखण्डता एवं एकता की यह अजस्र धारा सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में प्रवाहित ही नहीं होती रही, अपितु उत्तरोत्तर प्रबल होती रही, जब हमारा यह भारत देश परतन्त्रता की जंजीरों में बंधा हुआ था तब एक ओर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, रामप्रसाद बिस्मिल, चन्द्रशेखर आजाद आदि राष्ट्रवीर मातृभूमि की बलिवेदी पर हंसते-हंसते अपने जीवनसुमन अर्पित कर रहे थे, तो दूसरी ओर सुरभाषा के आराधक अपनी वाणी से राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के गीत गा-गाकर सम्पूर्ण राष्ट्र को संगठित कर रहे थे।

इस प्रकार से सिद्ध होता है कि राष्ट्र को जागरुक करने में संस्कृत के महाकवियों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। क्योंकि कहा भी गया है-

राष्ट्रस्यार्थे न यद् ज्ञानं राष्ट्रस्यार्थे न यद् धनम्।
राष्ट्रस्यार्थे बलं यन्न धिक्तज्ज्ञानं धनं बलम्।।

सन्दर्भसूची

1. ऋग्वेद 5/42/1
2. बाबू गुलाबराय- राष्ट्रीयता पृ0 सं0 2
3. ऋग्वेद
4. ऋग्वेद 10/193/1
5. अथर्ववेद 12/1/62
6. अथर्ववेद 9/41/6
7. यजुर्वेद 7/14
8. यजुर्वेद 9/23
9. भागवतपुराण 5/6/13
10. विष्णुपुराण 2/3/1
11. विष्णुपुराण 2/3/3
12. महाभारतम्
13. महाभारत, भीष्मपर्व 9/5
14. कुमारसम्भव 1/1
15. उत्तररामचरितम् 1/12
16. प्रसन्नभारतम् महाकाव्यम् 18-19

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

डा. भीमराव अम्बेडकर और उनके राजनैतिक विचार

डॉ. रुकमेश
असिसटेन्ट प्रोफेसर
दयानन्द महिला महाविद्यालय
कुरुक्षेत्र (हरियाणा)

''तुम दीपक के समान स्वयं प्रकाशित बनो,
पृथ्वी की तरह पर प्रकाशित नहीं
अपने आप पर ही विश्वास रखो
और किसी दूसरे के अधीन न बनो
सत्य पर चलो, सत्य का ही आश्रय लो।
दूसरे की शरण में न जाओ।[1] (डॉ. भीमराव अम्बेडकर)

डॉ. अम्बेडकर केवल एक बौद्धिक चिंतक ही नहीं थे बल्कि बहुत बड़े राजनीतिज्ञ भी थे। उन्होंने भारतीय राजनीति को परम्परागत राजनीति से अलग किया। जनता को स्वतंत्रता के आधार पर उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता को वैधानिक स्वरूप प्रदान किया। एक राजनीतिज्ञ और चिंतक के रूप में उन्होंने भारत के राजनैतिक विकास में बहुत योगदान दिया।[2] उनके अनुसार, ''राजनीति कुछ नहीं है, यदि वह वास्तविकताओं पर आधारित नहीं है। इसमें बहुत कम है जिसको शैक्षणिक कहा जाता है। अतः इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि राजनीति पर किसी योजना का निर्णय देने के पूर्व यह आवश्यक है कि इनकी जमीनी योजना पर विचार कर लिया जाए।[3]

उनका मत था था कि मानवतावाद और अनुभववाद को मनुष्य के राजनैतिक जीवन को नियंत्रित करना चाहिए। उनके अनुसार, ''राजनैतिक लोकतंत्र की चार प्रमुख मान्यताएँ हैं जिनको निम्नलिखित शब्दों में कहा जा सकता है:

1. व्यक्ति अपने आप में साध्य है।
2. व्यक्ति के पास कुछ अक्षुण्ण अधिकार हैं जिनकी सुनिश्चितता संविधान में होनी चाहिए।
3. कोई विशेषाधिकार प्राप्त करने के पूर्व शर्त के रूप में किसी व्यक्ति से यह अपेक्षा न की जाय कि वह अपने संवैधानिक अधिकारों में से किसी अधिकार का परित्याग करे।
4. राज्य दूसरों को शासन करने के लिए गैर सरकारी लोगों की शक्तियाँ प्रत्यायोजित न करे।''[4]

उन्होंने दृढ़ता से यह अनुभव किया कि जाति प्रथा का भारतीय राजनीति पर गहरा असर है। जातिप्रथा और लोकतांत्रिक जीवन साथ साथ नही चल सकते।[5] उनका मानना था कि राजनीति ने कभी भी मनुष्य को विकसित नहीं होने दिया है। क्योंकि राजनीति नहीं चाहती की मनुष्य विकसित हो, क्योंकि जितना विकसित मनुष्य होगा, उतना ही मुश्किल उसे गुलाम बनाना होगा, उतना ही मुश्किल उसे स्वतंत्र होने से रोकना होगा, उतना ही मुश्किल उसे आज्ञाकारी बनाना होगा।[6]

डॉ. अम्बेडकर ने लोकतंत्र को एक जीवन दर्शन के रूप में लिया, उनके लिए यह मानव सम्मान और अधिकारों के वातावरण के निर्माण का महत्त्वपूर्ण साधन है। लोकतंत्र की उनकी अवधारणा विवेकपूर्ण अनुभववाद पर आधारित है जो व्यक्ति सामाजिक अन्तः रसाकर्षण, राज्य की उपकरण प्रकृति, मूल्यवाद, विधान के पीछे विधान, साधनों की कुलिनता, स्वीकृति में वाद-विवाद, परपेचुअल कानूनों का अभाव और सभी मानवी सम्बन्धों में समानता पर जोर देती है। एक विवेकी अनुभववादी के रूप में उन्होंने टिप्पणी की कि, ''कुछ भी निश्चित नहीं, कुछ भी शाश्वत नहीं है, कुछ भी सनातन नहीं है, प्रत्येक चीज बदल रही हैं और परिवर्तन ही मनुष्य और समाज का विधान है।''[7]

डॉ. अम्बेडकर के राजनैतिक विचार सभी लोगों के सामान्य भलाई के लिए थे जिसकी उपलब्धि केवल एक स्वतंत्र समाज में हो सकती है। स्वतंत्र समाज से उनका तात्पर्य समता, स्वतंत्रता और भाईचारे से था। लोगों की सामान्य भलाई, सामान्य प्रारूप, सामान्य मानक और लोगों की सार्वभौमिक क्रिया कलापों को सम्मिलित किया था। यह माँग करता है कि समाज को सम्यक रूप से पूर्ण होना चाहिए। वैयक्तिक हित सम्पूर्ण की भलाई की साझेदारी में सन्निहित है अर्थात् समाज के सामूहिक उतरदायित्व में उन्होंने अतिवादी, समाजवाद, अतिवादी व्यक्तिवाद दोनों को नकारा। सामान्य भलाई, कानून एवं नैतिकता के आधार पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि, ''समाज को एक साथ बांधने के लिए या तो कानून की या तो नैतिकता की संस्तुति होनी चाहिए नहीं तो समाज इसके बिना टुकड़े-टुकड़े हो जायेगा।''[8] डॉ. अम्बेडकर ने मानव और समाज के मूल समस्याओं पर विचार किया और वे राजनीति विज्ञान के यथार्थवादी विचारधारा को मानते थे। लोकतंत्र की अवधारणा में उन्होंने शांति और सामाजिक न्याय जैसे दो नये सीमाओं को सम्मिलित किया और उसको एक ऐसे जीवन प्रणाली के रूप में स्वीकार किया जो कि मानव की मुक्ति और व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए है। उन्होंने लोकतंत्र के प्रत्येक अवधारणा के साथ कुछ मौलिक अवधारणाओं जैसे समता, स्वतंत्रता, भाईचारा, सामाजिक न्याय, तर्क, अनुभववाद, कानून का शासन और वैयक्तिक सम्मान को सम्मिलित किया।[9]

डॉ. अम्बेडकर की राष्ट्रीयता सम्बन्धी अवधारणा बाहरी प्रभाव और आन्तरिक दबाव के प्रति एक विरोध है। इस सन्दर्भ में उन्होंने स्पष्ट ढंग से राष्ट्र की स्वतंत्रता को जनता की स्वतंत्रता में अन्तर स्पष्ट किया

है। उन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता को जनता की स्वतंत्रता के रूप में परिभाषित किया। गरीब और गुलाम वर्गो के लिए बिना स्वतंत्रता के राष्ट्रीयता आन्तरिक गुलामी और शोषण का साधन हो सकती है। उन्होंने कई पाश्चात्य और भारतीय चिंतको से अलग हटकर लोकतंत्र, स्वतंत्रता और राष्ट्रीयता की व्याख्या की।[10] अम्बेड़कर का मानना था कि यदि अपने विचारों में समय और परिस्थितियों की मांग के अनुरूप सामजस्य बनाने में स्वतंत्र नही है तो उसके जीवित रहने की आशा ही नहीं की जा सकती। यह भी सही है कि जिस समाज की विचारधारा विरासत में मिली हो और जिसकी कुछ धार्मिक मानवता है, वह सांमजस्य बनाने की स्थिति में नही है तो अन्ततः वह समाज नष्ट हो जाता है। वह चाहते थे कि लोग उनका अनुसरण करने का निश्चय करने से पूर्व उनके विचारों को परख ले और इस बात से सन्तुष्ट हो लेकिन वह सही है।[11] उन्होंने कहा कि, ''देश के राजनीतिक स्वतंत्रता पर ध्यान देना पूर्णतया गलत है, अगर सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता जैसे गम्भीर समस्याओं को भूला दिया जाए। यह कल्पना करना आत्मघातक है कि राजनीतिक स्वतंत्रता आवश्यक रूप से वास्तविक और सम्पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान करेगी।''[12]

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मानना था कि ''जब तक महात्मा गाँधी और मि. एम.ए. जिन्ना भारतीय राजनीति से अवकाश प्राप्त नही करते तब तक भारत की राजनैतिक समस्या का कोई हल नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि मि. गांन्धी अपने अधिकार में मि. तिलक, मि. रानाडे या मि. गोखले के मुकाबले ''धन शक्ति और जनशक्ति दोनों रखते हैं। किन्तु इसके बावजूद उनकी राजनैतिक गतिविधियों के 25 वर्ष असफलताओं की श्रृंखला को ही प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने महात्मा जी के साथ मि. तिलक और मि. रानाड़े की राजनैतिक पद्धतियों की तुलना की और कहा कि पूर्व के उन दोनों नेताओं की राजनैतिक पद्धतियों से पाकिस्तान की समस्या कभी उत्पन्न नहीं होती।[13] उन्होंने तर्क दिया कि, ''क्या राष्ट्रीयता जनता को एक राष्ट्र के रूप में पुकारने का नारा है या यह जनता को एक राष्ट्र होने का गर्व है।'' सामाजिक एकता का उनके लिए अधिक महत्व था। राष्ट्रीयता को उन्होंने बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक के रूप में पहचाना। उनके अनुसार, ''भारतीय राष्ट्रवाद ने एक नया सिद्धान्त विकसित किया। जिसे बहुसंख्यक समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों पर मनमर्जी का शासन करने का दैवी अधिकार कहा जा सकता है। अल्पसंख्यक समुदायों के सत्ता की साझेदारी के किसी भी दावे को सम्प्रदायवाद कह दिया जाता है, जबकि बहुसंख्यक समुदाय द्वारा सारी सत्ता पर एकाधिकार को राष्ट्रवाद कहा जाता है।''[14]

डॉ. अम्बेडकर का विचार था कि राज्य की संरचना और संगठन सामाजिक यथार्थ पर आधारित होना चाहिए। राज्य को विद्यमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करना चाहिए। इस सन्दर्भ में उनका मत था कि बहुभाषा भाषी राज्य को विखण्डित होने का खतरा हो सकता है। उन्होंने इस बात की भी व्याख्या की कि क्यों एक भाषा भाषी राज्य स्थिर है तथा बहुभाषा भाषी राज्य अस्थिर हैं। उन्होंने किसी भी राज्य

के कार्यालय की भाषा के बारे में भी अपना सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि, ''भाषावार राज्य, जिसकी राज भाषा उसकी क्षेत्रीय भाषा हो, बहुत आसानी से एक स्वतंत्र राष्ट्र बन सकता है। स्वाधीन राष्ट्र और स्वाधीन राज्य के बीच का मार्ग बहुत संकरा होता है। यदि यह हो जाए तो भारत जैसा आधुनिक भारत नहीं रहेगा, जैसा इस समय हैं, बल्कि मध्ययुगीन भारत बन जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के राज्य होंगे, जो प्रतिद्वंदिता और युद्ध में लगे रहेंगे।''[15]

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर ने बम्बई में 'टाईम्स आफॅ इंण्डिया' के प्रतिनिधि के साथ एक वार्ता में भारत के राजनैतिक गतिरोध को समाप्त करने के लिए एक ऐसी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की जो एक ही समय में पाकिस्तान विषय से उत्पन्न समस्याओं को भी हल करेगी और युद्धकाल में सरकार के गठन का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।[16] इन्हीं विचारों के आधार पर डॉ. अम्बेडकर ने संविधान 'वाद' को मान्यता दी। संविधान 'वाद' उनके राजनैतिक विचारों का केन्द्रीय विषय वस्तु है जो कि न केवल नैतिक राजनीतिक आधार प्रस्तुत करता है बल्कि सम्पूर्ण विकास के लिए वैयक्तिक अधिकारों एवं समूहों को भी सम्मिलित करता है। एक समाजवादी लोकतांत्रिक के रूप में स्वतंत्रता समानता, भाईचारा और न्याय के सिद्धान्तों की संस्तुति की और केवल संविधान वाद द्वारा ही इन लक्ष्यों की अनुभूति की जा सकती है। उन्होंने कहा,''लोकतंत्र में एक पूर्ण संविधान के लिए जो कुछ जरूरी है वह ऐसी संविधि बनाना है, जो सरकार को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाए और जनता पर सरकार के अत्याचारों को रोके। परिणाम-स्वरूप लोकतांत्रिक कहे जाने वाले प्रायः सभी देशों के संविधान वयस्क मताधिकार और मूल अधिकारों पर आकर रुक जाते हैं। उन्होंने कभी भी इस दिशा में नहीं सोचा कि लोकतंत्र की संविधि वयस्क मताधिकार और मूल अधिकारों से भी आगे जानी चाहिए।[17] डॉ. भीमराव अम्बेड़कर जॉन लाक और माण्टेस्क्यू की तरह लोकतांत्रिक सरकार के पक्ष में थे जिसके विधायी, कार्यकारी और न्यायिक शक्तियों में विभाजन हो। वह अमेरीकी सरकार के कार्यकारणी के पक्ष में थे, और न कि वर्तमान ब्रिटिश सरकार की कार्यकारणी के। उन्होंने स्वशासन को अच्छे शासन की संज्ञा दी जो कि सक्षम और भला होना चाहिए। वह किसी एक दल के शासन के भी पक्ष में नहीं थे। वे व्यक्ति के अधिकार उनकी नैतिकता और वैधानिक क्रिया-कलापों की राज्य के अधिकनायवादी अधिकारों से तथा समाज की त्रुटिपूर्ण संरचना से सुरक्षित रखना चाहते थे। वे यह भी नहीं चाहते है कि नैतिकता, कानून और धर्म व्यक्ति के शोषण का अधिकार बन जाए।[18]

अंत में हम कह सकते हैं कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के राजनैतिक विचार सभी लोगों की भलाई के लिए थे। उन्होंने अपने विचारों में समानता, स्वतंत्रता भाईचारा और न्याय की बात की, उन्होंने जनता को महत्व दिया। वह किसी एक दल के शासन के पक्ष में नहीं थे, वे कभी नहीं चाहते थे कि जो कानून मनुष्य के लिए बनाए गये हैं वे उसके शोषण का कारण बन जायें। उनकी दृष्टि में मनुष्य एक राजनैतिक

प्राणी नहीं है, जैसा कि अनेक लोग विश्वास करते हैं।

तेरा नाम कीर्ति, यश आया, सदा धरोहर बने रहे धरा का।
ओ दलितों के अमर मसीहा तेरा कोटि-2 है बन्दन।।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. डी.सी. डीनकर-डॉ. अम्बेडकर स्मृति ग्रन्थ बोधिस्तव प्रकाशन, लखनऊ, 1994, पृ. 83
2. परमानन्द सिंह यादव, डॉ. प्रमोद कुमार डॉ. अम्बेडकर और एक मनुवादी विश्लेषण, कल्पज़ पब्लिकेशन्स, दिल्ली 2002, पृ.59
3. परमानन्द सिंह यादव, डॉ. प्रमोद कुमार डॉ. अम्बेडकर और एक मनुवादी विश्लेषण, कल्पज़ पब्लिकेशन्स, दिल्ली 2002, पृ.60
4. बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय, कल्याण मंत्रालय प्रकाशन भारत सरकार, नई दिल्ली, 1993, खण्ड-1, पृ.-194
5. बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय, कल्याण मंत्रालय प्रकाशन भारत सरकार, नई दिल्ली, 1993, खण्ड-1, पृ.-202
6. डी.सी. डीनकर-डॉ. अम्बेड़कर स्मृति ग्रन्थ बोधिस्तव प्रकाशन, लखनऊ, 1994, पृ. 53
7. बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय, कल्याण मंत्रालय प्रकाशन भारत सरकार, नई दिल्ली, 1993, खण्ड-1, पृ.-202-203
8. बाबा साहेब अम्बेडकर राइटिंग एण्ड स्पीचेज, महाराष्ट्र सरकार पब्लिकेशन, महाराष्ट्र, 1990, खण्ड-9, पृ.-233-234.
9. परमानन्द सिंह यादव, डॉ. प्रमोद कुमार डॉ. अम्बेडकर और एक मनुवादी विश्लेषण, कल्पज़ पब्लिकेशन्स, दिल्ली 2002, पृ.63
10. द टाइम्स ऑफ इंडिया, बाम्बे पब्लिकेशन 21 मार्च 1940।
11. डी.सी. डीनकर-डॉ. अम्बेडकर स्मृति ग्रन्थ बोधिस्तव प्रकाशन, लखनऊ, 1994, पृ. 464
12. द टाइम्स ऑफ इंडिया, बाम्बे पब्लिकेशन 21 मार्च 1940।
13. डी.सी. डीनकर-डॉ. अम्बेड़कर स्मृति ग्रन्थ बोधिस्तव प्रकाशन, लखनऊ, 1994, पृ. 443
14. बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय, कल्याण मंत्रालय प्रकाशन भारत सरकार, नई दिल्ली,

1993, खण्ड-2, पृ.-214

15. परमानन्द सिंह यादव, डॉ. प्रमोद कुमार डॉ. अम्बेडकर और एक मनुवादी विश्लेषण, कल्पज़ पब्लिकेशन्स, दिल्ली 2002, पृ. 66-67
16. द टाइम्स ऑफ इंडिया, बाम्बे पब्लिकेशन 13 मई 1983।
17. परमानन्द सिंह यादव, डॉ. प्रमोद कुमार डॉ. अम्बेडकर और एक मनुवादी विश्लेषण, कल्पज़ पब्लिकेशन्स, दिल्ली 2002, पृ. 66-67
18. बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वाङ्मय, कल्याण मंत्रालय प्रकाशन भारत सरकार, नई दिल्ली, 1993, खण्ड-1, पृ.- 178

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

गोविन्द चातक के नाटकों में लोकतत्त्व

डॉ० गार्गी सिंह
असिस्टेन्ट प्रोफेसर (हिन्दी)
फेरुपुर डिग्री कालेज, फेरुपुर
हरिद्वार

हर क्षेत्र की अपनी एक विशिष्ट संस्कृति और प्रथा-परम्परा होती है। उसमें उस क्षेत्र की विशेष अस्मिता के दर्शन होते हैं। भारतीय लेखकों ने अपनी लेखनी के माध्यम से जन-जन में लोक-चेतना पहुँचाने का प्रयास किया। चातक ने इस दिशा में अपने मौलिक लेखन द्वारा महत्त्वपूर्ण कार्य किया है वह लोक साहित्य के गतिशील साहित्य स्रष्टा हैं। गोविन्द चातक एक सफल नाटककार के रूप में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हैं। उनकी चिंतन-पद्धति, मौलिक और प्रतिपादन शैली स्पष्ट है। वे साहित्य के मर्म के साथ-साथ विद्यार्थी, पाठक की मनः स्थिति से परिचित हैं। अपनी कृतियों में उन्होंने (प्रकृति-संस्कृति)-लोकगाथा, लोकगीत, भाषा विज्ञान व साहित्य के विभिन्न अंगों का सैद्धान्तिक और तात्त्विक विवेचन किया है तथा उनकी शैली स्वतंत्र और मार्मिक है।

गोविन्द चातक प्रतिभाशाली और प्रेरणादायी स्वभाव से सम्पन्न गम्भीर व्यक्तित्व के स्वामी हैं, जो उन्हें अपने परिवेश और जिज्ञासु मनोवृत्ति से मिला है। चातक की सबसे बड़ी प्रेरणा लोक रहा है। लोक में व्याप्त लोक-गीत एवं वहाँ के जीवन से जुड़ने के कारण छात्र-जीवन में ही उन्होंने गढ़वाली लोकगीतों का संकलन प्रकाशित किया। उन्होंने पर्वतीय जनजीवन को गम्भीरतापूर्वक देखा-समझा, पर्वतीय अंचलों में भ्रमण कर लोक जीवन की वास्तविकताओं को अनुभव किया। उनके बीच रहकर जीवन को जिया और हिमालय की सुरम्य तपस्थली में एक निष्ठावान साधक की तरह लोक संस्कृति के अछूते आयामों की खोज कर हिन्दी जगत के सामने लाने का प्रयास किया।

डॉ0 गोविन्द चातक बहुआयामी साहित्यकार हैं, इसमें संदेह नहीं। उन्होंने साहित्य की विधाओ में अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं जिनकी सर्वाधिक उल्लेखनीय विशिष्टता यह है कि उनका साहित्य मध्यवर्गीय चेतना एवं जन सामान्य की सहज अनुभूतियों से ओत-प्रोत है जो निम्नवत् है-

मूल प्रेरणा के अन्तर्गत चातक की मूल प्रेरणा का स्रोत लोक को दर्शाया गया है तथा महापुरुषों से प्रेरणा लेकर जीवन पथ में नए-नए कीर्तिमान स्थापित किये। शंभुप्रसाद बहुगुणा जी की प्रेरणा से ही चातक को लेखन, गढ़वाली लोकगीत और भाषा के प्रति रुचि तथा आलोचना में राह मिली। इलाहाबाद में जाकर चातक को लेखन की दिशा मिली। जिस समय चातक लोकगीत एकत्र कर रहे थे उस समय मसूरी में उन्हें महापंडित सांकृत्यायनं का सान्निध्य प्राप्त था। उनकी प्रेरणा चातक के साथ हमेशा रही।

लोकतत्त्व- लोक में व्याप्त वह तत्त्व जिनके अन्तर्गत हमारे संस्कार, रीति-रिवाज मर्यादाएँ आदि मूलभूत रूप से सम्मिलित हो उन्हें लोक तत्त्व कहते हैं। इस शब्द के प्रचलित अर्थ दो हैं- एक विश्व अथवा समाज और दूसरा जन सामान्य अथवा जन साधारण। यह अंग्रेजी के एक शब्द 'फोक' का पर्यायवाची है। डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी का कहना है कि- लोक शब्द का अर्थ 'जनपद' या ग्राम नहीं है बल्कि नगरों और ग्रामों में फैली हुई वह समूची जनता है जिनके व्यावहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नहीं है।[1]

लोक जीवन की संस्कृति की अभिव्यक्ति जिन तत्त्वों के माध्यम से होती है वह सभी लोक तत्त्व के अन्तर्गत आते हैं। रहन-सहन, रीति-रिवाज, मान्यताओं, विश्वासों, रूढ़ियों आदि से किसी विशेष स्थान की संस्कृति का पता चलता है। स्वातन्त्र्योतर हिन्दी नाटक साहित्य में लोकतत्त्व पर विचार करते समय इन मुख्य बातों के साथ-साथ पुराण, मिथक, आख्यान, इतिहास आदि का भी समावेश किया गया है। लोकतत्त्व के अन्तर्गत सारा लोक-साहित्य आता है एवं लोक-साहित्य के अन्तर्गत सभी लोकगाथाएँ, लोकगीत, लोकनाट्य, पुराण, आख्यान आदि आ जाते हैं। चातक की मूल प्रेरणा जहाँ लोक रही है वहीं उन्होंने लोकनाट्यों से भी प्रेरणा ली। लोक-नाट्यों की यह विशेषता है कि इसमें विशेष रूपों से लोकरुचि का ध्यान रखा जाता है। लोक नाटकों के सहजस्रोत लोकजीवन के सहज संस्कार होते हैं। आपसी मेल-मिलाप, धार्मिक अनुष्ठान, मेला-ठेला, पर्व-त्यौहार, फसल की रोपाई या कटाई की सुखदाता आदि लोक मनोरंजन के ऐसे मूलभूत बिन्दु हैं जिससे लोकनाटकों की अन्तः सलिला प्रस्फुटित होती है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी नाटक साहित्य में नाटककारों ने विभिन्न प्रयोग किये। शब्द साहित्य की यह विधा कथ्य एवं शिल्प दोनों दृष्टियों में पश्चिमी नाटक साहित्य में अपनाने की दिशा में पश्चिम ने ही प्रयोग किये। परिणामस्वरूप हिन्दी साहित्यकारों ने भी अपने लोक साहित्य की महत्ता को समझा और इस प्रकार लोकतत्त्व का समावेश साहित्य की विभिन्न विधाओं में होने लगा। लोकतत्त्व द्वारा इन नाटकों में कथ्य के धरातल पर अतीत को समसामयिक परिस्थितियों से जोड़ा गया एवं आधुनिक संवेदनाओं को अभिव्यक्ति दी गयी। जन-जीवन जो कुछ सोचता या अनुभव करता है उसकी अभिव्यक्ति साहित्य में होती है। लोकगीत, लोककथाओं, लोकनाटकों एवं लोक-सुभाषितों में जन-जीवन का दर्पण झलकता है। आधुनिक बोध के सन्दर्भ में लोक तत्त्व के अन्तर्गत लोक नाट्य के अतिरिक्त लोक गीत, लोक कथाएँ, लोक विश्वास आदि सभी सामग्री जो सभ्य समाज से लेकर अल्प शिक्षित लोगों के बीच आज तक प्रचलित है, पौराणिक ऐतिहासिक, मिथकीय चरित्र एवं कथानक भी इसी के अन्तर्गत आते हैं। लोकतत्त्व का प्रयोग नाटक में आधुनिक बोध के साथ जुड़कर हुआ है। लोक कथाओं, पुराण, इतिहास आदि को अपने कथ्य का विषय बनाकर वर्तमान को अभिव्यक्ति देना नाटककारों का मुख्य ध्येय रहा है। स्वतन्त्रता के बाद लोक-तत्त्व, लोक रंग या परम्परागत साहित्य के पुरनागमन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि जहाँ एक ओर इस साहित्य को नयी दृष्टि से परखा गया है वही इसकी प्राचीनता, संस्कार एवं परम्परा के द्वारा आधुनिक भावों, मनः स्थितियों, व्यवस्थाओं को शाश्वतता प्रदान की गयी है।

नाटकों में लोकतत्त्व का प्रवेश विस्तृत अर्थ में लिया जाता है। इसका सम्बन्ध किसी ग्राम या जनपद से न होकर उस समूची जनता से है जिसके व्यावहारिक ज्ञान का आधार केवल पोथियाँ ही नहीं संघर्षमय जीवन के कटु-मधुर अनुभव भी हैं। स्वातन्त्र्योत्तर नाटकों में 'लोकतत्त्व' नई दृष्टि एवं नये संदर्भो के साथ प्रविष्ट हुआ। लोक तत्त्व के माध्यम से नाटककारों ने आधुनिक भाव बोध, समसामयिक परिस्थितियों, विसंगतियों चरित्रों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण आदि प्रस्तुत किया। पौराणिक, ऐतिहासिक मिथकीय पात्रों का चरित्र महत्वपूर्ण नहीं रह गया। नाटकों में लोकतत्त्व के प्रवेश से ही नाटकों में लोकगीत, लोकविश्वास, लोकशिल्प ने प्रवेश पा लिया है। नाटक सफल तभी होता है जब कुछ खास वर्ग के दर्शकों के लिए न होकर आम दर्शक के लिए हो नहीं तो परिणाम यह होता है कि नाटक जनमानस का न होकर किसी विशेष वर्ग के पठन-पाठन तक सीमित रह जाता है। लोक नाटकों की लोकप्रियता एवं जीवन्तता का सबसे बड़ा कारण यह भी है कि उनकी भाषा लोक प्रचलित होती है। नाटकों की भाषा में परिवर्तन, ग्रामीण, देशज एवं बोलीगत प्रयोग, पात्रानुकूल भाषा, मुहावरे, कहावते एवं लोकोक्तियाँ, शब्दों में नवीन अर्थ योजना आदि के प्रयोग से स्वातन्त्र्योत्तर नाटकों में लोकतत्त्व के मिश्रण से भाषा में एक नवीन रूप का जन्म हुआ है।

लोकतत्त्व का भरपूर समायोजन चातक जी के नाटकों में देखने को मिलता है। जिसमें लोक-संस्कृति लोक-जीवन सभी कुछ देखने को मिलता है। लोकतत्त्व लोक साहित्य का महत्त्वपूर्ण अंग है, चातक के नाटकों में लोक गीत, लोककथा, बुझौवल आदि लोक चेतना समाहित है। 'दूर का आकाश' नाटक में लोक तत्त्व की छटा बिखरी हुई है। यह भावनाएँ शाश्वत सत्य मानी जाती है जिनका प्राचीन काल से आज तक महत्व है और जो लोक में अपना अस्तित्त्व बनाये हुए।

चातक चूँकि लोक के चितेरे है। उनके नाटकों में लोक समाज, लोक के रीति रिवाज दृष्टिगत होते हैं। केवल इतना ही नहीं उनके नाटकों में बदलते हुए लोक-जीवन में परिवर्तित होते हुए जीवन दृश्यों का बड़ी सूक्ष्मता और सुन्दरता से प्रस्तुतीकरण हुआ है।

लोक जीवन का कोई अंश इनकी दृष्टि से वंचित नहीं रहा है।

'दूर का आकाश' नाटक के माध्यम से प्रकृति वर्णन की सुन्दर छटा प्रस्तुत होती है। वही दूसरी ओर राजसी सुखों तथा वहाँ की सभ्यता के दर्शन होते हैं। 'काला मुँह' नाटक के माध्यम से उच्च समाज का निम्न समाज पर अपनी हुक्म बनाये रखना तथा हरिजन शोषण को उभारा गया है तथा 'बाँसुरी बजती रही' में चातक ने प्रेम का अलौकिक स्वरूप प्रस्तुत करते हुए प्रकृति का मनोरम चित्रण प्रस्तुत किया है तथा धार्मिक मान्यताओं को उजागर किया है तो 'अंधेरी रात का सफर' नाटक में लेखक का मानसिक द्वन्द्व उभारा है जो लेखक का समाज के प्रति है तथा 'केकड़े' नाटक में मानवीय रिश्तों पर आधारित

चरित्र नाटक है जो मोहन राकेश के नाटक 'आधे-अधूरे' से मिलता-जुलता है। 'केकड़े' नाटक में आधुनिक लोक सभ्यता में कुछ हद तक पाश्चात्य शैली के दर्शन होते हैं।[2]

चातक के प्रत्येक नाटक में अलग-अलग लोकतत्त्वों में उभारा गया है। मानव- जीवन व्यापी है, और प्रत्येक मानव में उसके जन्म से ही बद्धमूल है। इस प्रकार ये उसकी प्रकृति के ही अंग हो गये हैं। यह सब बाते चातक के नाटकों में पूर्ण रूप से देखने को मिलते हैं। चातक के नाटकों में लोक के साथ-साथ समाज का भी चित्रण दिखाया गया है। प्रेम, त्याग, विसंगति, करुणा, आपसी द्वन्द्व तथा टकरवा, घुटन, संत्रास, विछोह, नैतिकता, समर्पण आदि रूप देखने को मिलते हैं। चातक के नाटकों में मानवीय संवेदनाएँ तथा प्रेम का त्रासद स्वरूप पूर्ण रूप से देखने को मिलता है वस्तुतः चातक के नाटक लोक का साक्षात् दर्पण है जिसमें आज का स्वरूप स्पष्ट नजर आता है। लोक जीवन का कोई अंश इनकी दृष्टि से वंचित नहीं रहा है। स्वयं रचनाकार का मानना है कि इस सत्य को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है कि लोक संस्कृति और लोक-साहित्य का किसी भी देश और जाति के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है मध्य-हिमालय का गढ़वाल-कुमाऊँ क्षेत्र अपने प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए ही नहीं वरन् अपने प्रदूषण रहित सरल जीवन पद्धति और निराली प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के लिए भरी विख्यात रहा है। यह दोनों क्षेत्र भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सभी दृष्टियों से एक रहे हैं।[3]

गोविन्द चातक के समस्त नाटकों में लोक का परिचय देखने को मिलता है। जिसमें लोक संस्कृति, लोक जीवन सभी कुछ देखने को मिलता है। गढ़वाल के छोटे से गाँव में जन्में डॉ0 गोविन्द चातक के जीवन का संस्कार वहाँ की प्रकृति ने किया। सदानीरा अलकनंदा की तरल तरंगों ने राग और स्वर देकर, उत्तुंग देवदारू के विटपों ने सुगन्धिमय स्वाभिमान प्रदान कर और हिमवंत की सौन्दर्यमयी प्रकृति ने अनुभूतियाँ प्रदान कर डॉ0 गोविन्द चातक की तरुणाई का संस्कार किया। इसलिये वे प्रकृति कवि, कोमल भावों के उपासक, लोक जीवन के गायक और शब्द शिल्पी बने हुए हैं लगभग 40 वर्ष पूर्व कहे गये ये शब्द डॉ0 चातक के सम्बन्ध में आज भी सही उतरते हैं। जीवन और यौवन के प्रारम्भिक वर्षों में उन्होंने पहाड़ों, वनों और नदियों को लांघते हुए लोक जीवन के समीप्य की साधना की और पहाड़ों में लुप्तप्रायः लोक-साहित्य का संकलन किया।[4]

संदर्भ ग्रन्थ

1. अक्षंत - लोक साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में डॉ0 चातक का योगदान। सम्पादन - गणेश खुगशाला 'गणी', कीर्ति नवानी, पृष्ठ 11
2. वही, पृष्ठ 19, 22, 28
3. लव कुमार लवलीन - गोविन्द चातक के नाटक और नाटयकला, पृष्ठ 19
4. शैलजा भारद्वाज - 'स्वतान्त्र्योत्तर हिन्दी नाटक साहित्य में लोक तत्त्व', पृष्ठ 2

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

पूर्व मध्यकालीन गढ़वाल मूर्तिकला में शैव धर्म

डॉ० अजय परमार
असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग,
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार उत्तराखण्ड

भगवान शिव तथा उनसे सम्बन्धित धर्म की प्राचीनता प्रागैतिहासिक युग तक जाती है। भारत में आज से पांच सहस्त्र वर्ष पूर्व भी रूद्र-पशुपति की प्रतिमा तथा लिंग के रूप में पूजा सुप्रचलित थी। सैन्धव सभ्यता के स्थल मोहनजोदड़ों से प्राप्त-रुद्र पशुपति अंकित मोहर इसका प्रमुख उदाहरण है।

उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत स्थित गढ़वाल हिमालय क्षेत्र, (जिसे प्राचीन काल में केदारखण्ड के नाम से जाना जाता था), भी युगों-युगों से भगवान शिव की लीला और भद्रों द्वारा की गई उनकी अराधना का मुख्य स्थल रहा है। महाभारत और पुराणों में वर्णित कैलास ओर कैलासवासी शिव का क्रीड़ाक्षेत्र गढ़वाल है। डॉ0 भगवत शरण उपाध्याय का कथन है, कि हिमवान (हिमालय) की पुत्री पार्वती-उमा ही शाद्रों की ईष्ट देवी बनीं, जिनके दोनों रूप सती और उमा की क्रीड़ास्थली बदरी-केदार क्षेत्र में ही थी। सती दाह कनखल (हरिद्वार) में हुआ और उमा का जन्म हिमवान में। यहीं उमा का विवाह और कुमार की उत्पत्ति भी हुई। यहीं कैलासशिखर शिव का तथा नन्दाशिखर उमा का निवास स्थान माना गया है, और मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य की क्रीड़ा स्थली भी यहीं प्रतीत होती है। कालिदास ने भी कुमार सम्भव में हिमालय की राजधानी औषधिप्रस्थ, गंधमादन, मेरु और कैलास की स्थिति गढ़वाल के रूद्र हिमालय में मानी है।[१] तुंगनाथ पर्वत पर रावणशिलास्थान में, रावण ने शिव की तपस्या कर वरदान प्राप्त किया था।[२] यहीं दशौली (बैरासकुण्ड) में उसने अपने दस सिरों को काटकर शिव को समर्पित किया। यहीं उसने वेदाध्ययन कर, इस पर अपना प्रसिद्ध कृष्णयजुर्वेद भाष्य लिखा। नारद नें रुद्रप्रयाग में रुद्र चरणों मे बैठकर संगीत शास्त्र का अध्ययन किया। यहीं रावण के भाई कुबेर ने शिव की तपस्या की[३]। यहीं रावण का भाई खर निवास करता था।[४] यहीं त्रियुगी नारायण में पार्वती का विवाह सम्पत्र हुआ और मंदाकिनी तट पर गौरीकुण्ड के निकट गणेश और कुमार कार्तिकेय का जन्म हुआ। रामायण में राम-लक्ष्मण के विरूद्ध युद्ध में रावण और मेघनाद का बार-बार हिमवंत में, शस्त्र-शास्त्रों के आचार्य शंकर से युद्ध-कला के सम्बंध में निर्देश प्राप्त करने के लिए आने का वर्णन है। महाभारत में भी पाशुपत आदि दिव्यास्त्रों की प्राप्ति के निमित्त कृष्णार्जुन शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में ही स्थित केदारनाथ मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक लिंग है। जिसके इतिहास के विषय में वायु पुराण, केदारकल्प तथा केदारखण्ड मे चर्चा है। यही नहीं तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मद्महेश्वर तथा कल्पेश्वर में जहां शिव के क्रमशः बाहु, मुख, नाभी और जटाओं की पूजा की जाती है, केदारनाथ के साथ मिलकर पंचकेदार कहलाते है। गढ़वाल की प्राचीन मुद्राओं, जो आज से 2500 वर्ष पूर्व प्रसारित हुई थी, में सरिता

(गंगा) त्रिशूल, नंदी, वृषभ और कैलास के वर्णन मिलते हैं। आज भी अकेले इस क्षेत्र मे कई सहस्त्र शिव मंदिर हैं, जिनमें मुख्यत: शिवलिंग और शिवपरिवार की प्रतिमाएं मिलती हैं।

इस प्रकार हम देखते, हैं कि गढ़वाल हिमालय की यह भूमि शिव के सहस्त्र तीर्थों एवं मंदिरों से अलंकृत होने के साथ-साथ शैव धर्म की साधना की प्रमुख स्थल भी है। शिव के अनेक महान तीर्थों एवं मंदिरों की पुण्य भूमि होने के कारण, प्राचीन ऋषि-मुनियों से लेकर वानप्रस्थी, परिव्राजक, राजा, रंक तथा सामान्य गृहस्थ आदि सभी की युग-युग में यही कामना रही है, कि उनके जीवन की अंतिम घड़ियाँ गढ़वाल हिमालय परिक्षेत्र में बीतें। फलस्वरूप विभिन्न बाहरी संस्कृतियों के लोग आध्यात्मिक शांति और मोक्ष प्राप्ति की मंशा से यहां आते रहे, और यह आव्रजन पूर्व मध्य काल में उस समय अपनी पराकाष्ठा पर पहुंचा, जब यहां धार्मिक रूप से सहिष्णु कत्यूरी राजवंश का शासन स्थापित हुआ। उनके लगभग तीन सौ-सवा तीन सौ वर्ष के शासन काल (7वीं शती ई0 के अन्त से 11 वीं शती ई0 के आराम्भ) में, भारत के सुदूर प्रदेशों से लोगों के आने का क्रम निर्बाध गति से जारी रहा। कत्यूरी नरेश अपने को परम महेश्वर और परम ब्रह्मण्य कहते थे। भगवान शिव पर उनकी अगाध श्रद्धा थी। उनका विश्वास था, कि भगवान शिव की अनुकम्पा से ही उन्हें राजलक्ष्मी प्राप्त हुई है। फलत: उन्होनें स्वयं अपने राज्य में शैव धर्म के प्रचार और प्रसार में अपना सहयोग प्रदान किया। आठवीं शती के उत्तरार्द्ध में कत्यूरी शासक निम्बर देव के शासन काल में जगद्गुरु शंकराचार्य के गढ़वाल क्षेत्र में आने से इस धर्म की उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ और पूर्व मध्यकाल में शिव के अनेक रूपों की मूर्तियों का निर्माण हुआ। अत: मनुष्य की त्रास, कौतूहल एवं जिज्ञासा ने यहाँ शैव धर्म को जिस रूप मे जन्म दिया, गढ़वाल हिमालयी मूर्तिकला उसी रूप में प्रकट हुई और गढ़वाल-हिमालय की संस्कृति की संवाहक बनीं। इस दौरान विभिन्न बाहरी संस्कृति के लोगों से जब स्थानीय संस्कृति का सम्पर्क स्थापित हुआ, तो हिन्दू धर्म और कला, जो विभिन्न संस्कृतियों के अन्तर्गत पल्लवित हुई थी, नवीनता के साथ भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट हुई। तभी तो हम यहां कि मूर्तिकला में शिव को रौद्र या संहारक रूप में ही नहीं देखते, बल्कि उनके शांत और सौम्य रूप के भी हमें दर्शन होते हैं।

गढवाल हिमालय क्षेत्र में कत्यूरी शासनान्तर्गत पूर्व मध्यकालीन शिव मूर्तियां निम्नलिखित रूपों में प्राप्त होती हैं-

1. **लिंग मूर्ति :** प्रतिमा विज्ञान की दृष्टि से शिव प्रतिमा के दो रूप हैं- लिंग प्रतिमा और रूप प्रतिमा। सम्पूर्ण भारत में रूप प्रतिमा के उदाहरण उतने नहीं प्राप्त हुए हैं, जितने कि लिंग प्रतिमा के। स्वयं शिव और शद्रि को लिंग का प्रतीक माना गया है। जिससे सृष्टि का उद्भव हुआ।[५] आगम और शिव ग्रंन्थो में लिंगों के तीन प्रकार बताये गये हैं। (क) निष्कल (लिंग) (ख) सकल (बेरचा प्रतिमा) (ग) मिश्र (मुख लिंग)

निष्कल लिंग : लिंग पुराण (31.8) में निष्कल लिंगों की पूजा ही योग्य मानी गई है। गढ़वाल हिमालय में ये बहुतायत से प्राप्त हुए हैं। ऊर्ध्वभाग या पूजा भाग रूपायण के आधार पर इन्हें दो वर्गो में रखा जा सकता है–

(1) वे लिंग जिनका स्वरूप वास्तविक शिश्न का है तथा इनमें शिश्न रेखाएं (ब्रह्मसूत्र) बनी हैं। और ऊर्ध्व भाग क्रमशः छत्र और कुकुटाण्ड आकार के हैं।[६] निर्मित किये गये। इनमें ऊर्ध्वभाग बेलनाकार, ऊपर प्रायः सपाट तथा शिश्न रेखाएं (ब्रह्मसूत्र) आकारवादी रीति से बनी हैं।

सकल लिंग : आकार में निष्कल लिंग के समान हैं। परंतु भोग पर्याय में एक हजार या इससे अधिक क्षुद्र लिंगो की रचना उल्लेखनीय है।

मुख लिंग : प्रारम्भिक मुख लिंगो में एक मुख या पंच मुख आते हैं। इनमें एक मुख समस्त पंच इंद्रियों या पंचतत्वों का प्रतीक माना गया है। चतुर्मुखी लिंगों में रुद्र भाग पर जटाजूट सहित चार मुख तथा ऊपर बाहर निकला वृत्ताकार भाग पंचमुख होता है। ये चार मुख सूर्य, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र के तथा वृत्ताकार ऊर्ध्व भाग ब्रह्माण्ड का द्योतक है। जबकि कुछ विद्वान इन चार मुखों को शिव के सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्तपुरुष रूप तथा शीर्ष पर पांचवे को ईशान मानते है।

इस क्षेत्र से शिव लिंगोदभव मूर्ति की प्राप्ति अति विशिष्ट है। वैसे पंचोपासना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले पंचायतन शिव लिंगों में विष्णु, सूर्य, उमा, महेश, गणेश का अंकन मिलता है, जो कि क्रमशः वैष्णव, सौर, शाक्त तथा गाणपत्य सम्प्रदाय का प्रतीक है। परन्तु इस मूर्ति में गणेश के स्थान पर ब्रह्मा का निरूपण किया गया है।

2. **वीणाधर दक्षिणामूर्ति :** शिव की शांत मूर्तियों में दक्षिणा मूर्तियाँ उस स्वरूप को प्रकट करती है, जिसमें वे ज्ञान–विज्ञान और कलाओं के उपदेशक के रूप में प्रकल्पित किये गये हैं। शिव के इस रूप की मूर्तियां पूरे भारत में समान रूप से मिलती हैं। परन्तु गढ़वाल हिमालय में इन मूर्तियों की प्राप्ति भी उल्लेखनीय है। इन मूर्तियों में पद्म पर ललितासन मुद्रा में बैठे, वस्त्राभूषणों से अलंकृत त्रिनेत्रधारी चतुर्भुजी शिव के पिछले हाथों में, क्रमशः पद्म या अक्षमाला और त्रिशूल तथा अगले दोनों में वीणा शोभायमान है।

3. **कल्याण सुन्दर मूर्ति :** शिव विवाह से सम्बन्धित मूर्तियाँ कल्याण सुंदर मूर्ति कहलाती हैं। सम्पूर्ण भारत में इस प्रकार की बहुसंख्यक मूर्तियां प्राप्त हुई हैं।[७] इसमें चतुर्भुजी शिव पार्वती के हाथ को अपने अगले दाहिनें हाथ से लेकर पाणिग्रहण करते दर्शाये जाते हैं। वस्त्राभूषणों से अलंकृत शिव, पार्वती के समक्ष पुरोहित रूपी ब्रह्मा यज्ञाग्नि के आगे बैठे तथा कन्या के दाता विष्णु लक्ष्मी सहित हाथ में घट लिये प्रदर्शित किये जाते हैं।

4. **शिवनृत्य मूर्ति :** शिव का एक प्रसिद्ध रूप नटराज का है। उन्हें नाट्य शास्त्रों का प्रथम प्रतिस्थापक माना गया है। आगमों मे वर्णित है कि नटराज शिव एक सौ आठ नृत्यों के अन्यतम नट हैं। वास्तव में नटराज मूर्ति विश्वकला के लिए भारत का महानतम योगदान है।[५] शिव की नृत्य मूर्तियाँ दक्षिण भारत में अनेक रूपों में उपलब्ध हुई हैं। गढ़वाल हिमालय में अब तक कुछ ही स्वतंत्र मूर्तियाँ देखने में आयी हैं। इन मूर्तियों में विभिन्न वस्त्राभूषणों से अलंकृत अति भंग मुद्रा में नाचते शिव के हाथ आकर्षक मुद्रा में लहरा रहे हैं। उनके हाथों में त्रिशूल, सर्प, डमरू, खट्वांग शोभायमान हैं। कुछ मूर्तियों में वे अगले दोनों हाथों से वीणा बजाते दर्शाये गये हैं।

5. **एकल शिव मूर्ति :** गढ़वाल हिमालय क्षेत्र से हमें एकल शिव की मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। जिनमें विभिन्न वस्त्राभूषणों से अलंकृत, हाथों में आयुध तथा बाहों में उत्तरीय धारण किये शिव, फूल पद्म पर आसनस्थ प्रदर्शित हैं।

6. **अंधकासुर वध मूर्ति :** गढ़वाल क्षेत्र में अष्टभुजी, चतुर्भुजी अंधकासुर वध मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं। प्रतिमा में शिव अंधकासुर का वध कर रहे हैं। उनके दोनों हाथ हाथी की खाल इस प्रकार थामे हैं, जैसे किसी को छाया दे रहे हों। उनके बाकि हाथों में परश, नाग, धनुष हैं, तथा एक दाहिना हाथ अभय मुद्रा में मिलता है। खोपड़ियों की माला, सर्पयज्ञोपवीत धारण किये, जटाजूटी शिव के दाहिने ओर बैठी पार्वती, कार्तिकेय को आलिंगनबद्ध किये हैं।

7. **उमा-महेश मूर्ति :** हिमालय में स्थित कैलास पर्वत पर शिव का वास माना गया है। इसलिए कैलास में गणेश, कार्तिकेय, नन्दी और पार्वती सहित विराजमान शिव का ये रूप प्रत्येक काल में हिमालय प्रदेश के कलाकारों और उपासकों के लिए जहाँ अत्यंत प्रिय रहा, वहीं इस रूप के प्रति उनके हृदय में अगाध श्रद्धा भी थी। उसी का परिणाम है कि लिंग मूर्तियों के पश्चात् उसमें कुछ भिन्नताएं भी आ गईं। इन मूर्तियों में उमा महेश विभिन्न वस्त्राभूषणों, जैसे कुण्डल, बाजूबंध, कंकण, लम्बी माला, कमरबंध, चक्र व पुष्प, कुण्डल, केयूर, कटिबंध, नुपूर, अधोवस्त्र आदि से अंलकृत हैं। शिव जटामुकुट धारण किये हैं। उनकी जटा से वासुकी नाग ऊपर निकलता प्रदर्शित है। शिव जटामुकुट धारण किये हैं। उनकी जटा से वासुकी नाग ऊपर निकलता प्रदर्शित हैं। सभी मूर्तियों में शिव चतुर्भुज हैं और आसनस्थ (ललितासन, अर्द्धपर्यंक मुद्रा) अवस्था में हैं। जबकि कुछ मूर्तियों में वे नन्दी पर आरूढ़ हैं। उनका अगला दांया हाथ कुछ मूर्तियों में व्याख्यान मुद्रा में मातुलुंग धारण किए हुए हैं। निचला बायाँ हस्त बायीं जंघा पर विराजमान पार्वती को अलिंगन किये हुए है, या उनके किसी अंग पर अवलंबित है। पिछले दोनो दायें और बायें हाथों में पुष्प और अक्षमाला या सर्प और त्रिशूल और अक्षमाला (या उत्पल) का अंकन है। देवी उमा का दायां हाथ शिव की कटि को, या दायें स्कंध को आलिंगन किये है। या वे अपना दायां हस्त शिव के बायें चरण पर रखी हुई हैं। देवी उमा का बायां हाथ विभिन्न मूर्तियों में या तो लहराते उत्तरीय को

सम्भाल रहा है, या वे बायें हाथ में दर्पण, केतकी, पुष्प, मातुलुंग में से एक चीज को पकड़ी हैं। उमा-महेश एक दूसरे को निहारते प्रदर्शित किये गये हैं। शिव वाहन नंदी तथा पार्वती वाहन सिंह और उनके दोनों पुत्रों गणेश और कार्तिकेय का अंकन भी द्रष्टव्य है। यह विशेष ध्यान देने योग्य है, कि गढ़वाल हिमालय क्षेत्र से प्राप्त उमा महेश की अधिकांश मूर्तियां आसनस्थ अवस्था में प्रदर्शित हैं। परन्तु कुछ उमा-महेश की मूर्तियाँ स्थानक अवस्था में भी यहां प्राप्त हुई हैं।

8. **अन्य शैव मूर्तियां :**

(क) **भैरव मूर्ति :** शिव का सौम्य ही नहीं अशांत या उग्र रूप भी है। भैरव रूप शिव के अशांत या उग्र रूप को तो प्रदर्शित करता ही है, साथ ही तांत्रिक साधना में भी इस रूप का अत्यधिक महत्व है। प्रो0 बनर्जी ने तंत्र साधना में भैरवों और योगनियों के बीच घनिष्ठ संबंध बताया है।[९] शिव के इस तांत्रिक रूप का वर्णन तंत्र और पौराणिक ग्रंन्थों में सर्वत्र प्राप्त होता है। साथ ही इनका कलांकन भी प्रचुरता में प्राप्त हुआ है।[१०] गढ़वाल हिमालय में भैरव मूर्तियां इनके बाल रूप (बटुक) और अन्य रूपों को प्रदर्शित करती हैं। इनमें बटुक भैरव मूर्तियां कलात्मक दृष्टि से उत्कृष्ट हैं। इन मूर्तियों में भैरव का स्थानक, जटाजूट धारी चतुर्भुज रूप दर्शाया गया है। वे अलग-अलग मुद्राओं में घंटा, मद्यपात्र, डमरू, गजचर्म तथा विभिन्न प्रकार के आयुध (जैसे त्रिशूल, नागपाश, दंड, खर्पर आदि) धारण किये हैं। उनकी मुखाकृति अति भंयकर है। गले में कपालमाला, कपालयज्ञोपवीत, कानों और कंठ में सर्पआभारण का अंकन है, और हस्त-पदादि कंटक भूषित है।

(ख) **लकुलीश मूर्ति :** पुराणों में लकुलीश को शिव का 27 वां अवतार कहा गया है। प्रायः लकुलीश का अर्थ दंड या लंगोट धारण करने वाले से लिया जाता है। इन मूर्तियों में द्विभुजी लकुलीश वस्त्राभूणों से अंलकृत हैं। उन्हें प्रस्तर रथिका पर या चन्द्रशाला के मध्य भाग पर, प्रस्तर पट्ट पर और मंदिर के प्रवेश द्वार पर पद्मासन या अर्द्धपर्यक मुद्रा में विराजमान दर्शाया गया है। इनका दायां, बायां हाथ क्रमशः अक्षसूत्राभय (या अभय मुद्रा में) और लकुटयुक्त है या लकुट अथवा मातुलुंग धारण किये है।

(ग) **हरिहर मूर्ति :** वायु पुराण में विष्णु को शिव के वाम भाग में प्रतिस्थापित करने का उल्लेख आया है और शिव-विष्णु के इसी रूप को हरिहर कहा गया है।[११] सम्भवतः वैष्णव और शैव मतावलम्बियों में एकता स्थापित करने के उद्देश्य से ही, हरिहर रूप की मूर्तियाँ गढ़ी गईं। इसी क्रम में आगे हिन्दू और बौद्ध धर्म में भी समन्वय की भावना से संयुक्त मूर्तियाँ गढ़ी गईं। कहीं-कहीं ब्रह्मा, विष्णु, महेश को एक ही समन्वित रूप में दिखाया गया। श्री तत्त्व निधि में हरिहर मूर्ति शिव परिवार में वर्णित है। अन्यत्र भी वह शिव की सौम्य-लीला मूर्ति मानी गयी है। अतः मैंने हरिहर रूप को गढ़वाल हिमालय की मूर्तिकला का वर्गीकरण करते हुए शैव प्रतिमाओं के अन्तर्गत ही रखा है।

गढ़वाल हिमालय क्षेत्र से प्राप्त समपाद स्थानक हरिहर प्रतिमाओं में हरिहर का दायां भाग शिव-रूप में है। गले में मुण्डमाल धारण किये, चंद्र सज्जित बाघम्बरधारी शिव विभिन्न वस्त्राभूषणों से सज्जित हैं। ऊपरी दायें हाथ में त्रिशूल है तथा निचला दायां हाथ वरद् मुद्रा में है या अक्षमाला या पद्म या सर्प धारण किये हैं। हरिहर का बायां भाग विष्णु रूप में है। उन्हें अर्द्धांश पीताम्बरधारी दर्शाया गया है, वे विभिन्न अलंकरणों से सज्जित हैं। इनके ऊपरी बायें हाथ में चक्र है, तथा निचले बायें हाथ में शंख या पद धारण किये हैं। हरिहर के दायें बायें पार्श्व में क्रमशः नंदी और गरुड़ के चित्र अंकित हैं।

गणेश और कार्तिकेय यद्यपि विशुद्ध वैदिक देवता हैं, परन्तु उन्हें शिव-पार्वती के पुत्रों के रूप में भी जाना जाता है। सम्पूर्ण भारत में इनकी मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं परन्तु शिव-पार्वती मूर्तियों के साथ भी इनका अंकन बहुतायत में सर्वत्र प्राप्त होता है। अतः इस आधार पर इनकी मूर्तियों को शैव मूर्तियों के अन्तर्गत रखना समीचीन होगा।

(घ) **गणेश या विनायक मूर्ति :** गुप्तकाल में जब पंचदेवोपासना का महत्त्व बढ़ा, तब गणपति समृद्धि के प्रतीक तथा मुदमंगलदाता देवता के रूप में प्रतिष्ठित हुए। पूर्व मध्यकाल अर्थात् कत्यूरी काल में गणेश मूर्तियाँ सर्वत्र बहुसंख्या मे निर्मित हुईं। फलस्वरूप इस समय गढ़वाल हिमालय में भी इनका अंकन बहुतायत किया गया। इस क्षेत्र में उपलब्ध गणेश मूर्तियाँ आसनस्थ, स्थानक और नृत्यरत अवस्थाओं में हैं, और चार रूपों में भी प्राप्त हुई हैं। 1. स्वतंत्र, 2. द्वार उत्तरांग पर, 3. मंदिर भित्तियों तथा रथिकाओं में, 4. सप्तमातृका नवग्रह शिला पर दाहिनी ओर तथा पार्वती प्रतिमा के उपरिभाग में और उमा-महेश की प्रतिमा में नीचे कार्तिकेय के साथ। सर्वाधिक उदाहरण स्वतंत्र और द्वारोत्तरांग मूर्तियों के पाये जाते हैं। इसलिए गढ़वाल हिमालयी वास्तुकला के अन्तर्गत जो भी मंदिर और भवन बनाये गये हैं, उन सभी में इन्हें विघ्न विनाशक और मंगल करने वाले देवता के रूप में, द्वार उत्तरांगों पर, ललाटबिम्ब रूप में स्थान प्रदान किया किया गया है। गढ़वाल हिमालय क्षेत्र से प्राप्त द्विभुजी या चतुर्भुजी गणेश मूर्तियां ज्यादातर अर्द्धपर्यंकासन या ललितासन मुद्रा में हैं। उन्हें एकदंत, गजबदन, सूर्पकर्ण तथा लम्बोदर दर्शाया गया है। उनकी सूंड वामावर्त है, तथा कुछ प्रतिमाओं में वे त्रिनेत्रधारी प्रदर्शित हैं। अधोवस्त्र धारण किये वस्त्राभूषणों से सज्जित गणेश हाथों में स्वदंत, अक्षमाला, परशु, मोदक पात्र, मूली तथा पद्म धारण किये हैं। गणेश के वाहन मूषक को उनके पैरों के पास प्रदर्शित किया गया है।

गढ़वाल हिमालय में नृत्यरत गणपति मूर्तियाँ अल्प हैं। इनकी शैलीगत विशेषताएँ उपरोक्त आसनस्थ गणेश मूर्तियों के समान ही हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि नृत्यरत गणेश द्विभुजी, चतुर्भुजी होने के अलावा अष्टभुजी, दसभुजी भी दर्शाये गये हैं।

(ङ) **कार्तिकेय मूर्ति :** शिवपुत्र कार्तिकेय को देवसेनापति तथा पर्वतीय प्रदेश को देवता माना जाता है, इसलिए गढ़वाल हिमालय क्षेत्र की पर्वतीय और आयुधजीवी जातियों (जैसे यौधेये, कार्तिकेयपुर के खस) का इनकी उपासना करना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। फलतः कार्तिकेय की एकमुखी, त्रिमुखी तथा षडानन मूर्तियाँ यहाँ बहुसंख्या में मिली हैं। इन मूर्तियों का निर्माण या अंकन यहाँ द्वार अत्तरांगों, रथिकाओं पर उमा-महेश मूर्तियों के साथ-साथ स्वतंत्र रूप में भी देखने को मिलता है। त्रिशिख केश सज्जा और विभिन्न वस्त्राभूषणों से सज्जित द्विभुजी या चतुर्भुजी कार्तिकेय को मयूरारूढ़ या त्रिभंग मुद्रा में खडे दर्शाया गया है। उनका एक हाथ अभय मुद्रा में है, या वो मयूर को दाना खिला रहे हैं। जबकि दूसरे हाथ में शूल या शक्ति प्रदर्शित है। कुछ मूर्तियों में वे दोनों हाथ से त्रिशूल मातुलुंग पकड़े हैं। इन मूर्तियों में कार्तिकेयवाहन मयूर का अंकन भी कलात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

पूर्व मध्यकाल स्थानीय तथा बाहरी संस्कृतियों के संयोग का काल था, इसलिए इस काल की मूर्तिकला में हमें भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर तथा दक्षिण की कलाओं का, स्थानीय कला के साथ संगम देखने को मिलता है। परिणामस्वरूप इस काल में कत्यूरी राजवंश के अन्तर्गत जिन शैव मूर्तियों को निर्माण किया गया, उनमें कुछ विशेषताएँ दृष्टि गोचर होती हैं।

(1) यह क्षेत्र प्रारंभ से ही शिव की साधना का स्थल रहा है, क्योंकि प्राचीन भारतीय साहित्यों तथा ग्रन्थों में इनका निवास स्थान हिमालय क्षेत्र बताया गया है। इनमें कितने ही आख्यान ऐसे हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि, यह क्षेत्र शिव की लीलाओं और भक्तों द्वारा की गई उनकी साधना और उपासना की मुख्य स्थली रहा है। अतः इस काल में यहाँ शिव रूप की मूर्तियाँ ज्यादा गढ़ी गई।

(2) इस काल में मूर्तियों को बनाने के लिए भूरी बालुज शिलाओं या नीली अथवा हरी झाई वाली शिलाओं का प्रयोग किया गया है। भूरी बालुज शिलाओं से बनी अनेक मूर्तियों पर काला रंग किया गया है। कलाकारों ने उन पर इतनी कुशलता से प्रलेप किया है, कि लगभग एक सहस्त्र वर्ष से भी अधिक दिनों से किये जा रहे दुग्ध, जलादि अभिषेक से भी, इनका प्रलेप धुला नही है और न ही हल्का हुआ है। आज भी यह उसी प्रकार चमकदार काला ही दिखाई देता है, जैसा उस काल में था।

(3) इस काल में शिव की मूर्तियों को विभिन्न प्रकार के वस्त्राभूषणों से अलंकृत किया गया है। इनके पतले गालों, पतले होठों, नुकीले हनु और अर्द्धनिमीलित नेत्रों की रचना देखकर पता चलता है, कि इस काल के कलाकारों में सौन्दर्य भावना कितनी गहरी तथा सुसंस्कृत थी।

(4) अति पतले अधोवस्त्र, करधनी और केशों को जाली जैसे वस्त्रों से ढका हुआ दिखाया जाना इस काल की विशेषता है।

(5) इस काल में शिव के हाथों में उनकी शक्ति प्रदर्शित करने के लिए, निश्चित क्रम से उनके आयुध दिखाये जाने लगे। मूर्ति के चरणों के आस-पास अनेकों लघु मूर्तियाँ बनाकर सजाया जाने लगा।[१२] देव विग्रह के चरणों के पास उनके वाहन को अंकित करने की प्रथा चल पड़ी।

(6) इस काल में शिव की मूर्तियों में प्रभावमण्डल को कमल, पत्र, पुष्प, लता आदि से अलंकृत किया गया है।[१३]

(7) इस काल में अधिकांश शिव मूर्तियाँ कुरेद कर बनाई गई थी। उनके मुखमण्डल पर योगस्थ भाव की अभिव्यक्ति का विशेष ध्यान रखा गया है। ये मुखमण्डल सामने से देखने में उतने प्रभावशाली नहीं लगते जितने दाहिनी या बायीं और से देखने पर लगते हैं।[१४]

(8) शिव एवं शिवपरिवार की मूर्तियों (विशेषकर वक्रतुण्ड गणेश की मूर्तियों) में बलखाती हुई देह मुद्रा का अतिरंजित प्रदर्शन किया गया है, फिर भी गठन में कहीं से अशक्तता या असफलता नही पाई जाती।[१५]

(9) इस काल की शिवमूर्तियों में यह विशेष ध्यान देने योग्य है, कि शिवपत्नी, जिन्हें उनकी शक्ति के रूप मे भी जाना जाता है, का अंकन स्वतंत्र रूप से तो गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में किया ही गया है। परन्तु इस शक्ति को यहाँ की मूर्ति कला में, उनकी सहचरी के रूप में उनके साथ प्रदर्शित करने की भी प्रथा यहाँ रही है (जैसे-उमा-महेश आदि)।

(10) इस युग में जबकि खजुराहों,[१६] भुवनेश्वर,[१७] बैजनाथ (कांगड़ा) आदि के मंदिरों में कामरूप प्रधान देवी देवताओं का अंकन किया जा रहा था, तथा अश्लील मुद्राओं वाली मूर्तियों के निर्माण में अनके कलाकार व्यस्त थे, गढ़वाल हिमालय के कलाकारों ने इस पावन भूमि के मंदिरों के लिए शिव के सौम्य (शांत) तथा उग्र (प्रचण्ड) रूप वाली मूर्तियों का अंकन कर, सात्त्विक भावनाओं को जागृत करने का सफल प्रयास किया।

पूर्व मध्य काल अर्थात्, कत्यूरी शासन गढ़वाल हिमालय की मूर्तिकला का स्वर्ण युग था। क्योंकि इस काल में, जो भी मूर्तियां बनाई गईं, सभी प्रतिमा विज्ञान की दृष्टि से अति उत्तम हैं। यद्यपि कलाकार ने कहीं-कहीं प्राचीन मूर्तिकला विषयक ग्रन्थों, जैसे-रूपमण्डन, अपराजितपृच्छा, आदि में बताये रूपों की अवहेलना भी कर दी है। परन्तु इससे मूर्ति की शैलीगत विशेषताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, और न ही प्रयोजन का उद्देश्य ही इससे आहत हुआ है। कलाकार ने शायद धार्मिक भावनाओं के वशीभूत हो कर या सुन्दरता बढ़ाने के निमित्त ये अभिनव प्रयोग किये होंगे। मूर्तिकारों द्वारा बनाई मूर्तियां यह सिद्ध करती हैं, कि उन्हें मानव शरीर और मानवीय भाव-भंगिमाओं की सूक्ष्म जानकारी भी थी। गढ़वाल

हिमालय की मूर्तिकला मनुष्य की शारीरिक तथा भावनात्मक आवश्यकताओं के निकट तो थी ही, साथ ही उसने धर्म प्रधान के साथ-साथ मनुष्य प्रधान बनने का भी सफल प्रयत्न किया है।

सन्दर्भ :

1. डा0 भगवतशरण उपाध्याय-कालिदास का भारत, भाग 1. पृ0 10
2. केदारखण्ड 81/16
3. रामायण-उत्तरकाण्ड, 16/8, 87/12
4. प्राचीन चरित्र कोश, पृ0 177
5. अपराजितपृच्छा, 196, शिव महापुराण-विद्येश्वर संहिता, अध्याय 16
6. जे0 एन0 बनर्जी-रिलिजन इन आर्ट एंड आर्कियोलॉजी, पृ0 67
7. एलिफेंटा की शिव-मंदिर गुहा में परिणयमूर्ति (7वीं शती ई0), एलोरा की रूपमूर्तियाँ (8वीं शती ई0) आदि
8. हैवल-हिमालयाज इन इंडियन आर्ट, पृ0 60
9. जे0 एन0 बनर्जी-रिलिजन इन आर्ट एंड आर्कियोलॉजी, पृ0 76
10. संग्रहालय पुरात्व पत्रिका (लखनऊ), अंक 4, 1969 ई0, पृ0 45, चित्र 3
11. जोशी-प्राचीन भारतीय मूर्तिकला विज्ञान, पृ0 54, 1977
12. वासुदेव उपाध्याय-गुप्त साम्राज्य का इतिहास, भाग 2, पृ0 273
13. वही, भाग 2, पृ0 270-272
14. रायकृष्ण दास-भारतीय मूर्ति कला, पृ0 137
15. वही
16. रायकृष्ण दास-भारतीय मूर्ति कला, पृ0 130-135
17. वही

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

मानव विकास में संज्ञानात्मक अधिगम

कु० मीनाक्षी
असिस्टेंट प्रोफेसर (शिक्षाशास्त्र)
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

मानव विकास में संज्ञानात्मक अधिगम का विशेष महत्व है अधिगम मानव के संज्ञान मे वृद्धि कर मानव के व्यवहार परिवर्तन मे सहायक होता है मानव विकास का अर्थ ''मानव में होने वाले परिवर्तनों का क्रम'' गर्भधारण से लेकर परिपक्वता तक मानव की शारीरिक और मानसिक योग्यताओं तथा विशेषताओं में परिवर्तन समय-समय पर होते रहते हैं परन्तु यह सभी परिवर्तन एक समय पर नही होते हैं कुछ परिवर्तन की गति शीघ्र होती है कुछ की मंद। जन्म के समय शिशु अपने वातावरण और अपने निकट के लोगों के विषय में पूर्ण अनभिज्ञ होता है उसका मस्तिष्क पूर्ण रूप से अविकसित होता है किन्तु विकास के साथ-साथ उसकी विभिन्न अवस्थाओं में रूचियाँ परिवर्तित होती हैं तथा विभिन्न अवस्थाओं में अलग-अलग रूचियाँ उत्पन्न होती हैं। जैसे-जैसे उसकी आयु और अनुभव बढ़ते हैं, उसके संज्ञान का विकास होता जाता है और उसकी मानसिक शक्तियों की अधिगम क्षमता में भी परिवर्तन होता जाता है।

विकास की प्रक्रिया में मानव की संज्ञानात्मक संरचना में रूपान्तरण होता है। यह रूपान्तरण उद्दीपक-अनुक्रिया सम्बन्धों के रूप में न होकर अधिक गहन और आन्तरिक होता है अतः इसकी व्याख्या संगठनात्मक समग्र के रूप में ही की जा सकती है। संज्ञानात्मक संरचना का विकास व्यक्ति की संरचना तथा उसके वातावरण की संरचना की परस्पर क्रिया का प्रतिफल है। यह विकास, परिपक्वता अथवा सामान्य अधिगम का प्रतिफल नही है। मनुष्य की प्रगति मुख्यतः चिन्तन पर आधारित है। चिन्तन की सहायता से व्यक्ति अनेक प्रकार की समस्याओं का समाधान करता है। चिन्तन समस्या समाधान में ही नहीं अपितु प्रत्येक प्रकार के अधिगम में महत्वपूर्ण है। चिन्तन के कारण व्यक्ति की अभिवृतियाँ और विचार परिवर्तित हो जाते हैं। संज्ञानात्मक चिन्तन एक प्रकार की वह मानसिक प्रक्रिया है जो समस्या समाधान की ओर उन्मुख होती है।

बुद्धि के समान अधिगम शैली कोई क्षमता नही होती अधिगम की विशेष शैली में आधुनिक समय में नवीन शैली उभर के समाने आई है संज्ञानात्मक अधिगम की शैली इसका सम्बन्ध छात्रों द्वारा विशेष ढंग के चिंतन, स्मरण, प्रत्यक्षण, समस्या समाधान प्रविधि तथा निर्णय प्रक्रिया से होता है। संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त में पियाजे तथा ब्रूनर का योगदान उतम रहा है पियाजे के अनुसार बुद्धि एक ऐसी अनुकूलन

सम्बन्धी प्रक्रिया है जिसमें जैविक परिवक्वता का पारस्परिक प्रभाव और वातावरण के साथ होनी वाली अन्त:क्रिया दोनो ही सम्मिलित होती है तथा बौद्धिक विकास कुछ संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं जैसे- प्रकृति के नियम को समझना व्याकरण के नियम को समझना और गणितीय नियमों को समझना आदि के विकास पर निर्भर करता हैं। बालक में बोध की क्षमता का विकास उसके नाडी-संस्थान के विकास के साथ-साथ बढता जाता है। बोध के लिए ज्ञानेन्द्रियों का विकास और परिपक्वता भी आवश्यक है। बोध की क्षमता उन बालकों में अधिक होती है जिनमें मानसिक विकास सामान्य से अधिक होता है तथा उन बालकों में बोध का विकास सामान्य से कम होता है, जिनकी मानसिक याग्यताओं का विकास सामान्य से कम होता है। बालक जिस दिन से उद्दीपकों में विभेद करना सीखने लगता है उसी दिन से उसमें बोध का विकास प्रारम्भ हो जाता है। अत: मानव विकासानुसार संज्ञानात्मक विकास के द्वारा अधिगम के नवीन अनुभव को प्राप्त कर मानसिक क्रियाओं के स्तर मे को विकसित किया जाता है जो निम्नप्रकार से है-

शैशवावस्था में संज्ञान का विकास-जन्म के बाद कुछ माह तक बालक अपने वातावरण की वस्तुओं का ज्ञान अपने संवेदनात्मक खोजों के आधार पर प्राप्त करता है। कुछ ही दिनों में बालक ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा देखना, सुनना, सूघँना, स्वाद लेना, स्पर्श अनुभूति करना आदि क्रियायें करता है। लगभग दो सप्ताह की आयु से उसमें बोध के बीज अंकुरित होने लगते हैं। परन्तु वातावरण के विभिन्न उद्दीपकों में अन्तर पहचानने की योग्यता लगभग तीन माह से तीव्र गति से विकसित होने लगती है। लगभग चार माह की आयु से वह परिचितों को देखकर मुस्कारने लगता है। हस आयु से वह परिचितों और अपरिचितों में भेद करने लग जाता है। परिपक्वता में वृद्धि के साथ धीरे-धीरे उनमें पहचानने की शक्ति विकसित होती है और वह अपने परिवार तथा करीब रहने वालों को पहचानने लगता है और यही से उसकी समझ का विकास भी शुरू होता है वह अपनी माता को सर्वप्रथम पहचानता है फिर परिवार के अन्य लोगों तथा अपने खिलौने, कपडों आदि को पहचानता है इस अवस्था में प्रत्यय का विकास बडी शीघ्रता से होता है परिचित व्यक्तियों को देखकर पीने के लिये लालायित होना अथवा न पीने के लिए मुँह घुमा देना, कपडे पहनाये जाने के डर से रोना शुरू कर देना आदि ऐसी प्रतिक्रियायें हैं जो यह स्पष्ट करती हैं कि शिशु में समझ का विकास हो रहा है। शिशु की समझ पहले सम्पूर्ण वस्तु आती है, उसके बाद उसका ध्यान वस्तु के विभिन्न अंगों की ओर जाता है। पियाजे के अनुसार 4-6 वर्ष की आयु में शिशु जिस किसी वस्तु में किसी प्रकार की क्रियाशीलता देखता है उसी वस्तु में संज्ञान को लगाता है जिसमें गति देखता है। यह निश्चित रूप से कहना कठिन है कि स्थान, समय, वजन और आकार के प्रयोग की योग्यता शैशवावस्था में कब आरम्भ होती है। यह देखा गया है कि अधिकतर शिशु उन वस्तुओं को छूने का प्रयास करता है जो लगभग उससे बीस इन्च की दूरी पर होती हैं। शिशु अपने परिवार में सुबह, दोपहर, शाम, रात शब्द सुनकर समय का अनुमान लगाता है। धीरे-धीरे उसे रात और दिन का ज्ञान होता

है। लगभग तीन वर्ष की आयु में वह सुबह और शाम अथवा रात व दिन के भेद को समझने लगता है। जीवन के द्वितीय वर्ष में बालक का संज्ञान इतना विकसित हो जाता है कि वह शब्दों कों बनाना शुरू कर देता हैं शरीर के अंगों को बता सकता है। चित्रों को पहचान सकता है तथा नाम लेने पर वस्तुओं को इंगित कर सकता हैं तीन वर्ष का बालक छोटे- छोटे वाक्य भी बोलना प्रारम्भ कर देता है। वह तीन अंकों की संख्या दुहरा सकता है। उसे मैं और तुम का ज्ञान हो जाता हैं चौथे वर्ष में बालक अक्षर लिख सकता है वह कुछ वस्तुओं को क्रमानुसार रख सकता है। स्मृति के आधार पर वस्तुओं के नाम बता सकता है वह कुछ वस्तुओं को गिन भी सकता है। लगभग चौथे वर्ष में शिशु यह बतला देता है कि आज सोमवार है या मंगल। शिशु को आकार के विषय में ज्ञान जल्दी हो जाता है। तीन वर्ष की आयु में वह खिलौनों, मेज, कुर्सी, सन्दूक आदि वस्तुओं के अन्तर को समझने लगता है। जहाँ तक संख्या के प्रयोग का प्रश्न है, शिशु दूसरे या तीसरे वर्ष में कुछ संख्याओं के नाम अवश्य लेता है। इस अवस्था में शिशु की जिज्ञासा बडी तीव्र होती हैं वह प्रत्येक वस्तु, मनुष्य और घटना के विषय में क्या, क्यों और कैसे के प्रश्न करता है और यह क्रम तीन से छः वर्ष तक चलता है। वह माता के साथ खाना बनाने और छोटी-छोटी चीजों को उठाने में उसे आनन्द आता है। शिशु तरह-तरह की वस्तुओं को एकत्रित करता है। मिटटी, बालू, खड़िया, पेन्सिल आदि से वह तरह-तरह की चीजों को बनाता है। इस काल में शिशु के जीवन में कल्पना की इतनी अधिक प्रधानता होती है कि वह अपने काल्पनिक जगत को ही वास्तविक समझता है। शिशु कभी छड़ी लेकर मास्टर साहब बनता है, कभी बडे-बडे कपडे पहनकर पापा जी बनता है, कभी चित्रों से बात करता है और कभी रेलगाड़ी बनता है। एक वर्ष की आयु में शिशु परिवार की बहुत- सी चीजों से परिचित हो जाता है और उनकों संकेत से मांगता है। दो वर्ष की आयु में वह खिलौना, कपडा, गाय कुत्ता, बिल्ली आदि के रंग, आकार आदि के विषय में बतलाता है। चार से सात वर्ष की आयु में वह अपने कपड़े रखने के स्थान आदि के विषय में बतलाने लगता है। इस प्रकार शिशु में एक वर्ष की आयु में दृष्टि-कल्पना, दो से चार वर्ष की आयु में शब्द-कल्पना और चार से सात वर्ष की आयु में सौन्दर्य-कल्पना का विकास होता हैं। शिशु में भी सोचने की क्रिया होती है एक वर्ष का शिशु अपने खिलौने छिनने पर रोता है। उसे दुःख होता है और वह अपना खिलौना वापस लेना चाहता है दो वर्ष का शिशु अपने खिलौने छिनने पर रोता है। उसे दुःख होता है और वह अपना खिलौना वापस लेना चाहता है। दो वर्ष का शिशु दरवाजे से टकरा जाने पर दरवाजे को पीटने से चुप हो जाता है। वह सोचता है कि दरवाजे ने उसको मारा है और अब दरवाजे को पीट दिया गया है। यथार्थ में शिशु में चिन्तन की क्रिया होती है लेकिन वह उसका निरीक्षण नहीं कर सकता, वह अपने विचारों को प्रकट नहीं कर सकता। इसलिए उसके चिन्तन की क्रिया को समझने में कठिनाई होती है। शैशवावस्था में शिशु को अहं स्वयं में केन्द्रित रहता है जिसके परिणामस्वरूप वह एकान्त में खेल भी खेलता है और खिलौनों को अपना साथी बना लेता है।वह अनुकरण करना भी आरम्भ कर देता है। पाँचवे

वर्ष का बालक रंगों के अन्तर का समझ सकता है। अपना नाम लिख सकता है। उसके शब्द कोष में लगभग 1800 शब्द हो जाते है। 10-11 शब्दों के वाक्यों को दुहरा सकता है।

बाल्यावस्था में संज्ञान का विकास- बाल्यावस्था में संज्ञानात्मक अधिगम के विकास की गति अतितीव्र होती है। पियाजे की ठोस संक्रिया की अवस्था- सात से बारह वर्ष तक चलती है इस अवस्था की अधिगम विशेषता यह है कि बालक ठोस वस्तुओं के आधार पर आसानी से मानसिक संक्रियाएँ करके समस्या का समाधान कर लेता है परन्तु यदि उन वस्तुओं को न देकर उसके बारे में शाब्दिक कथन तैयार कर यदि समस्या उपस्थित की जाती है, तो वे ऐसी समस्याओं पर मानसिक संक्रियाँ कर निष्कर्ष पर पहुँचने में असमर्थ रहते हैं। जैसे पूछा जाये कि रितु मंजू से बड़ी है तथा मंजू बड़ी है सीता से तो सबसे बड़ा कौन तो वह इसका जवाब नही दे पायेगा क्योंकि अभी उसमें ठोस संक्रियात्मक अधिगम का विकास नही हुआ है किन्तु वह संरक्षण, सम्बन्ध तथा वर्गीकरण सीख जाता है बालक अपनी जिज्ञासा शान्त करने के लिए अनेक प्रकार के प्रश्न माँ-बाप से पूछता है। सामान्यतः इसी अवस्था में बालक विद्यालय जाना आरम्भ करता है। विद्यालय में प्रवेश के बाद बालक में मानसिक क्षितित का विकास होने लगता है। इस अवस्था में बालक के प्रत्यक्षण की शक्तियाँ एवं अवधान की क्षमता विकसित हो जाती हैं। बालक की जिज्ञासा का विकास होता है और उसकी क्रियाशीलता बढ़ जाती है। बाल्यावस्था में बालक का चिन्तन और तर्क केन्द्रित होता है। बालक में संग्रह की प्रवृत्ति बढ़ जाती है। वह कहानियाँ पढ़ने, नवीन बातों का जानने एवं सूचनायें एकत्रित करने में रुचि लेने लगता है कार्यकरण के सम्बन्धों को बालक समझने लगता है। गणित, भाषा आदि के अध्ययन से उसमें तर्क की क्षमता तथा शब्द ज्ञान का पर्याप्त विकास होता है। छः वर्ष के बालक को दायें-बायें का ज्ञान हो जाता है। समस्या समाधान की क्षमता का विकास भी होने लगता है बालक 13-14 वस्तुओं को गिन सकता है। आठ वर्ष की अवस्था में बालक 16-17 शब्दों के वाक्यों को दुहरा सकता है बाल्यावस्था के उत्तरकाल में उसमें तार्किक चिन्तन के लक्षण भी दिखाई सकते हैं।

किशोरावस्था में संज्ञान का विकास

वुडवर्थ के अनुसार 15-20 की आयु में उनका मानसिक विकास अपनी उच्चतम सीमा पर पहुँच जाता हैं उनमे एकाग्रता, स्मृति, कल्पना, तर्क एवं समस्या समाधान, रुचि का विकास हो जाता है। पियाजे की औपचारिक संक्रिया की अवस्था ग्यारह से लेकर वयस्कावस्था तक चलती रहती है इस अवस्था में बालक उच्च अधिगम अर्जन के लिए अपनी मानसिक क्रियाओं का प्रयोग करने लगता है। संज्ञानात्मक दृष्टि से उसका चिंतन अधिक लचीला तथा प्रभावी हो जाता है ओर चिंतन में पूर्ण क्रमबद्धता आ जाती है तथा किसी समस्या का समाधान काल्पनिक रूप से सोचकर तथा चिंतन करके करता है चिंतन मे

वस्तुनिष्ठता तथा वास्तविकता की भूमिका अधिक बढ़ जाती है कल्पना की बाहुल्यता के कारण वह कल्पना जगत में विचरण करता है ओर अपनी कल्पना को गुप्त रखना चाहता है उसमें दिवास्वपन देखने की प्रवृति पैदा हो जाती है। कुछ किशोर अपनी कल्पना को कहानी, कविता, उपन्यास, संगीत और ललित कलाओं के माध्यम से अभिवयक्ति करते हैं। किशोरावस्था में रुचियाँ बड़ी तेजी से विकसित होती हैं जिससे किशोर तथा किशोरियों के संज्ञान मे अन्तर आना शुरू हो जाता है। विकास की इस अवस्था मे किशोरों में संज्ञानात्मक अधिगम के द्वारा तुलनात्मक सोच तथा अमूर्त चिंतन का विकास बहुत ही परिपक्वता के साथ होता है वह अपने युग के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक दशाओं के विषय में भी सोचता हैं इस अवस्था में किशोर में तर्क और निर्णय करने की शक्ति भी पर्याप्त मात्रा में विकसित हो जाती हैं उसके तर्क और निर्णय करने की शक्ति भी बढ़ जाती है और वह साधारणतः किसी भी बात को तर्क किये बिना स्वीकार नहीं करता।

निष्कर्ष

इस प्रकार संज्ञानात्मक अधिगम का विकास मानवीय विकास के साथ-साथ परिवर्तित होता रहता आयु जैसे-जैसे बढ़ती जाती है नई-नई अनूभूतियाँ होती जाती हैं जैसे चिंतन करने की क्षमता, तर्क करने की क्षमता, याद रखने की क्षमता आदि सम्मिलित होती हैं जब ऐसी क्षमताएँ बालकों में उदित होकर काफी मजबूत हो जाती हैं तो ऐसा कहा जाता हे कि बालक का संज्ञानात्मक विकास हो रहा है और वह अपने संज्ञान के द्वारा जीवन का नवीन ज्ञान सीखता जाता है। सीखने की क्रिया बालकों एवं वयस्कों के व्यवहार और मानसिक क्रियाओं के अनेक पहलुओं को प्रभावित करती है और बालक के चारों ओर का सम्पूर्ण मनोवैज्ञानिक वातावरण उसके बोध से प्रभावित होता है। बोध के द्वारा वह अपने चारों ओर के मनोवैज्ञानिक वातावरण को तथा उसमें उपस्थित लोगों एवं स्वयं अपने आप को समझ सकता है। वह अपने बोध के द्वारा अपने चारों ओर के वातावरण मे प्रभावपूर्ण समायोजन कर सकता है तथा स्वयं को विभिन्न खतरों से सुरक्षित कर सकता है। विकास क्रम के साथ-साथ अधिगम संज्ञान की योग्यता तथा परिपक्वता बढ़ती जाती है। अपनी संवेदना, प्रत्यक्षीकरण, चिन्तन, तक्र, स्मृति और कल्पना आदि के संज्ञान द्वारा बालक अपनी समस्या का समाधान करते हैं और प्राप्त अधिगम अनुभवों के द्वारा व्यवहार परिमार्जित करते हैं।

सन्दर्भग्रन्थ सूची-

1. मित्तल आर0 ए0 व अन्य, श्री इन वन पुस्तक 2011 आर0 लाल बुक डिपो।

2. वर्मा प्रीति, बाल मनोविज्ञान-बाल विकास 1997 विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।

3. सिंह अरुण कुमार व सिंह आशीष कुमार, मनोविज्ञान के संप्रदाय एवं इतिहास 2001 मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन।

4. सिंह अरुण कुमार, शिक्षा मनोविज्ञान 2015 भारती भवन पब्लिशर्स एंड डिस्टीब्यूटस।

5. पचौरी गिरीश, अधिगमकर्ता का विकास एवं शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया 2014 आर0लाल बुक डिपो।

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

वैदिक मनोविज्ञान

कल्याण के विशेष सन्दर्भ में

डॉ. भारती पन्त गुरुरानी
स.प्रवक्ता, ऋषिकुल विद्यापीठ
संस्कृतमहाविद्यालय, ऋषिकुल, हरिद्वार

वेद आर्य संस्कृति एवं मानवमात्र के ज्ञान के आधार स्तम्भ हैं। विश्व को सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान देने का श्रेय वेदों को ही जाता है। वेद ही विश्व शान्ति, विश्व बन्धुत्व एवं विश्व कल्याण के उद्घोषक हैं। वेदों की प्रासंगिकता को परिपोषित करते हुये मनु ने महत्त्वपूर्ण वाक्य कहा है- **'सर्वज्ञानमयो हि सः'**[१]। अर्थात् वेदों में सभी विद्याओं के सूत्र विद्यमान हैं। वेदों में धर्म, ज्ञान, विज्ञान, दर्शन, आचारशिक्षा, आयुर्वेद, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र आदि से सम्बद्ध विषय निहित हैं। **''वेदों में मानव कल्याण, जन कल्याण से सम्बन्धित हजारों मन्त्र प्राप्त होते हैं। जन कल्याण जो कि आज मनोविज्ञान में बहुतायात से प्रयुक्त होने लगा है''**[२]। वर्तमान समय में मनोविज्ञान एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विज्ञान है। अंग्रेजी में मनोविज्ञान को **Psychology** कहा जाता है। **Psychology** शब्द **Psycho** ग्रीकभाषा से लिया गया है जिसका अर्थ होता है- **Sprit, Mind,** आत्मा व मन। और **Logy** ग्रीक भाषा के **Logia** शब्द से बना है जिसका अर्थ होता है- विज्ञान। जिसका सम्पूर्ण अर्थ है मन का विज्ञान या मान की विभिन्न स्थितियों का विज्ञान। मन के समस्त क्रिया कलाप का वैज्ञानिक अध्ययन इसका विषय है। मनोविज्ञान का सम्बन्ध दर्शन और विज्ञान दोनों से है। मन और मन की विविध चेष्टायें दर्शन का विषय हैं। अतः यह दर्शन भी है। मन के विविध क्रिया कलापों का यन्त्रों के द्वारा सूक्ष्मतम निरीक्षण और उनका परीक्षण, उन परीक्षणों से विविध निष्कर्ष निकालना आदि विज्ञान का विषय है। अतः मनोविज्ञान दर्शन और विज्ञान दोनों से सम्बद्ध है।

वेदों में ऋषि कहते है **'मनसा सं कल्पयति तद् देवां अपि गच्छति'**[३] अर्थात् मन का कार्य विचार करना, चिन्तन करना और विचार करना मन का धर्म है। मन ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से कार्य करता है। इतना ही नहीं वेदों में मन को त्रिकालदर्शी बताया है-**यत् ते भूतं च भव्यं च मनो जगाम दूरकम्'**[४] अर्थात् मन वर्तमान की स्थितियों, भूतकाल की घटनाओं और भविष्य की योजनाओं का कारक होता है। इसी प्रकार यजुर्वेद के 34वें अध्याय में प्रारम्भिक छः मन्त्रों को शिवसंकल्प सूक्त कहा जाता है। ये छः मन्त्र सर्वथा मनोवैज्ञानिक हैं। इनमें मन के गुणों पर विचार किया गया है और कहा गया है-

'यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।
दूरंगमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु'[५]॥

अर्थात् मन जाग्रत् एवं स्वप्न अवस्था दोनों में ही चलायमान रहता है और वह मन ज्योतियों का भी ज्योति है। मनुष्य की दृष्टि जहाँ नहीं जा सकती है वहाँ मन की गति पहुँच जाती है इतना ही नहीं आत्मतत्त्व का साक्षात्कार भी मन ही कर सकता है। वेदों में मन को दैव और दिव्य कहा गया है। इसलिये हमारा मन शुभ विचारों वाला हो। इसका अभिप्राय यह है कि हम शुभ विचारों को सर्वदा अपने अन्दर आने दें और दुर्विचारों को सर्वदा बाहर निकालें। संकल्प क्या है? कल्प का अर्थ है-विचार, संकल्प का अर्थ है-अच्छे विचार, अच्छी भावनायें।

वेदों में ऋषियों ने कहा है **'यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु'[६]।** अर्थात् जो मन ज्ञान, स्मृति और धारण शक्ति का साधन है, जो प्राणिमात्र के अन्दर अमर ज्योति है, जिसके बिना कोई काम नहीं किया जा सकता है इसलिये वह मेरा मन शुभ विचारों वाला होवे।

वेदों में मनोविज्ञान की जो रूपरेखा प्रस्तुत है, उसका कुछ विकसित रूप ब्राह्मणग्रन्थों एवं उपनिषदों में प्राप्त होता है। कठोपनिषद् में कहा गया है कि मानव शरीर का संचालक मन नही है। मन एक योग्य सारथि की तरह शरीररूपी रथ को चलाता है और कहा गया है कि आत्मा रथ का स्वामी है, शरीर रथ है, बुद्धि सारथि है और मन लगाम है जो नियन्त्रण करता है।

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥[७]

जिस प्रकार वर्तमान समय में मनोविज्ञान का विश्लेशणात्मक अध्ययन हो रहा है, उतना विस्तृत और व्यापक अध्ययन प्राचीन काल में प्राप्त नहीं होता है। वैदिक मनोविज्ञान के अन्तर्गत अथर्ववेद के इस मन्त्र में सूत्र रूप में मनोविज्ञान के सभी विषयों का उल्लेख प्राप्त होता है-

मनसे चेतसे धिये आकूतये उत चिन्तये।
मत्यै श्रुताय चक्षसे विधेय हविषा वयम्॥[८]

अर्थात् 'मनसे' के द्वारा संवेदना और प्ररेणा का ग्रहण है, 'चेतसे' के द्वारा चेतना और चिन्तन अभिप्रेरित है, 'धिये' के द्वारा ध्यान या अवधान अभिलक्षित है, 'आकूतये' के द्वारा अनुभूति और संवेग का ग्रहण किया है, 'चिन्तये' के द्वारा चित्त के धर्म स्मरण और तद्यथारूप में विस्मरण का ग्रहण किया है, 'मत्यै' के द्वारा बुद्धि अभिप्रेरित है, 'श्रुताय' के द्वारा श्रवण एवं शिक्षण का ग्रहण किया है इसी प्रकार 'चक्षसे' के द्वारा चक्षु कार्य, दर्शन या प्रत्यक्षण का ग्रहण किया है।

अतः उक्त सूत्र के द्वारा यह कहा जा सकता है कि प्राचीनकाल से ही मनोविज्ञान का वेद के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सी.जी.यूँग का भी कहना था कि **''उपनिषदों के विचारों की जो अत्यन्त असाधारण गम्भीरता तथा आश्चर्यजनक मनोवैज्ञानिक सत्यता है उसका ठीक-ठीक मूल्यांकन कर पाना आधुनिक विद्वानों के लिए अभी तक एक सुदूर भविष्य की सम्भावना ही है'। यूँग ने 'साइकोलॉजी आफॅ अनकांशंस' नामक विशाल ग्रन्थ में उपनिषदों के अनेक उद्धरण देकर जिस अतीन्द्रिय तथा अति मानसिक मनोविज्ञान की नींव डाली है उसी का विकसित रूप हमें उनके 'साइकोलोजिकल टाइप्स अनकांश' नामक ग्रन्थ में प्राप्त होता है।**[९]

मनोवैज्ञानिक चिन्तन का वास्तविक रूप हमें वैदिक साहित्य में मिलता है। सी.वी.यूँग ने जिस औपनिषदिक मनोविज्ञान का मूल्यांकन किया है वह वस्तुतः वेद मन्त्रों से उद्धृत है। वेद मन्त्रों का जो मनोवैज्ञानिक अथवा परा मनोवैज्ञानिक तत्त्व हैं, उनका हृदयंगम करने की परिपाटी शताब्दियों से उपेक्षित रही है। वास्तव में भारतीय मनोविज्ञान उत्कृष्ट रूप में वेदमन्त्रों में ही प्राप्त होता है। वेद स्वयं मनोविज्ञान का एक परिभाषिक शब्द है। सामान्यतः वेद का अर्थ ज्ञान से किया जाता है। परन्तु वास्तव में वेद शब्द उस चेतना शक्ति का ज्ञान है जो हमारे सूक्ष्मतम आन्तरिक संवेगों को लेकर बहिर्मुख चित्तवृत्तियों तथा क्रियाओं तक में व्याप्त होती रहती है।

जिस प्रकार वेदों में मनोविज्ञान की स्पष्ट अवधारणा दिखायी देती है ठीक उसी प्रकार वेद और मनोविज्ञान में कल्याण सम्बन्धी सामग्री प्रचुर मात्रा में प्राप्त होती है। कल्याण से अभिप्राय है मानव मात्र या समूह का कल्याण। इसमें मानव की आध्यात्मिक, धार्मिक, नैतिक, आरोग्य सम्बन्धी, आर्थिक, सामाजिक और आचार-विचार सम्बन्धी सभी सत्प्रवृत्तियां सम्मिलित हैं। **मनो न्वा हवामहे नाराशंसेन सोमेन। पितृणां च मन्मभिः॥**[१०]

इस मन्त्र में मन को जन कल्याण के लिए प्रेरित करने का वर्णन है। मानव कल्याण या जन कल्याण की भावना पवित्र मन की पुकार है। जब मन में पवित्रता होगी तभी जन-हित, विश्वहित, विश्वबन्धुत्व के भाव जागृत होते हैं। मन्त्र में कहा गया है कि पूर्वजों की कामना रही है कि जनहित हो, पवित्र मन की यही कामना रहती है। कि जनहित और विश्वहित हो। पवित्र मन उच्च आंकाक्षाओं को जन्म देता है, प्रेरणा देता है, शक्ति और स्फूर्ति देता है तथा उत्कृष्ट आत्म विश्वास जागृत करता है।

कल्याण से तात्पर्य सामान्य भाषा में किसी व्यक्ति या समूह की अपने जीवन की सन्तोष की दशाओं से सम्बन्धित होता है, अर्थात् उनके सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर से। किसी भी व्यक्ति में कल्याण की उच्च भावना, उसकी सकारात्मक दशाओं से होती है और कल्याण की निम्न भावना नकारात्मक दशाओं से होती है।

M.C. Nulty (२०१२)[११] सकारात्मक मनोविज्ञान, आत्म चेतनात्मक अनुभवों के मूल्यों का व्यक्तिगत स्तर है। कल्याण व्यक्तिगत अनुभवों का एक महत्त्वपूर्ण कारक है। अर्थात् भूतकाल के साथ सन्तोष की तृप्ति, भविष्य के लिए आशावादिता तथा वर्तमान में प्रसन्नता। यदि व्यक्ति अपनी सभी स्थितियों तथा अनुभवों से अच्छी वस्तुओं को आत्मसात् करते हैं तो वह सकारात्मक अनुभवों से बहुत प्रसन्न होते हैं। यदि एक व्यक्ति केवल नकारात्मक वस्तुओं पर ही केन्द्रीत रहता है तो उसका मस्तिष्क की नकारात्मक स्थितियों को प्रदर्शित करती है।

वेदों में कहा गया है कि जैसे भूमि में चेतना या विवेक शक्ति नहीं है तथा जैसे मरणासन्न व्यक्ति का मन विक्षिप्त हो जाता है, उसी प्रकार ईर्ष्या, द्वेष आदि दुर्गुणों वाले का मन मरा हुआ होता है और वह कोई अच्छी बात सोच नहीं सकता है। **यथा भूमिर्मृतमनाः यथोत मम्रुषो मनः। एवेर्ष्योर्मृतं मनः॥**[१२]

'आत्म चेतनात्मक कल्याण इस विचार पर आधारित है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं के विषय में कैसे विचार करते हैं'। **Diener sub, Ed, Funkook (२०००).**

आत्मचेतनात्मक कल्याण अर्थात् जीवन का सकारात्मक पहलू-: अथर्ववेद के एक मन्त्र में बहुत सुन्दर उपदेश दिया गया है कि हम वर्चस्वी हों, तेजस्वी हों, धनधान्य से परिपूर्ण हों, हम शरीर से स्वस्थ व निरोग हों ता हमारा मन स्वस्थ एवं पवित्र हो। यह मत जन कल्याण की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस चिन्तन में मानव का लक्ष्य और मानव की दिनचर्या की रूपरेखा निश्चित की गयी है। मानव जीवन का लक्ष्य है कि मनुष्य अपने आचार-विचार को शुद्ध कर स्वयं को तेजस्वी और वर्चस्वी बनाये। साथ ही इसका साधन भी बताया गया है कि तेजस्वी और वर्चस्वी बनने के लिए मन की शुद्धि की आवश्यकता है। जब तक मन शुद्ध नहीं होगा तब तक शुद्ध विचार नहीं आयेंगे। तेज व वर्चस् की प्राप्ति से मनुष्य को अच्छा स्वास्थ्य और दीर्घायु प्राप्त होती है। अच्छा स्वास्थ्य होने पर वह कर्मठ बनता है, जब मनुष्य कर्मठ बनता है तभी वह सासारिक सुख और समृद्धि प्राप्त कर सकता है।

ऋग्वेद का कथन है कि मनुष्य अपने कल्याण के लिए निष्काम भाव से कर्म करे, निश्काम भाव से किया हुआ कर्म मनुष्य को सदा उन्नत करता है, जैसे माता-पिता अपने बच्चों का पालन-पोषण निष्काम भाव से करते हैं। उनके कर्म में कहीं भी स्वार्थ नहीं रहता। निष्काम कर्म से मनुष्य को जो सन्तोष प्राप्त होता है वह अवर्णनीय है।

भारतीय सन्दर्भ में कल्याण का सम्प्रत्यय पृथक्-पृथक् संस्कृतियों में भिन्न-भिन्न रहा है, समय-समय पर इसकी परिभाषा विस्तृत होती रहती है। इस परिवर्तन के पीछे मुख्य कारण आनन्द की अनुभूति और लक्ष्य की प्राप्ति के साधन हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति में कल्याण का तात्पर्य केवल आध्यात्मिक कल्याण और पुरुषार्थ के चार तत्त्व धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की विधियों से था। सामान्य शब्दों में कहा

जा सकता है कि प्राचीन काल के लोग अपनी आत्म संतुष्टि की तुलना में दूसरों के कल्याण के विषय में अधिक चिन्तन करते थे और दूसरों को आनन्दित देखकर प्रसन्नता का अनुभव करते थे। भारतीय पौराणिक कथाओं में कल्याण का आशय आध्यात्मिकता से था। प्राचीन काल में भविष्य इतना जटिल नहीं था जितना की वर्तमान में है। ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चिन्तन आदि प्राचीन काल के लोगों में ये विशिष्ट गुण थे, जिस कारण लोगों में कल्याण की भावना प्रचुरमात्रा में रहती थी किन्तु वर्तमान में कल्याण का सम्प्रत्यय पूर्ण रूप से परिवर्तित हो गया है। वर्तमान समय में आध्यात्मिकता धीरे-धीरे भौतिकता की ओर बढ़ रही है और व्यक्ति भौतिकता का आदि होता जा रहा है।

जीवन के नकारात्मक गुण की दशाओं को जानने और सम्प्रेक्षण करने के लिए मनोवैज्ञानिकों एवं समाज मनोवैज्ञानिकों की रुचि बढ़ती जा रही है। **e.g. Argle (१९८७)**[१३] लोगों से उनके मनोवैज्ञानिक कल्याण और प्रत्यक्षण के बारे में पूछा गया और उन्हें जटिल रूप से दो प्रकार के मूल्यांकन प्राप्त हुये हैं। पहला संज्ञानात्मक दशाओं की उपेक्षा, साथ ही प्रसन्नता से संतुष्टि तथा दूसरी स्थिति प्रभावकारी दशाओं को प्रदर्शित करती है, अर्थात् विशिष्ट भावनाओं को जैसे कि आनन्द की अनुभूति **Argle (१९८७)** । संतुष्टि और क्रियात्मक दशाओं में भेद के अन्तर को **Warr (१९८७, ८९, १९९०, १९९३)** के द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है। **Brief, Butcher, George and Link (१९९३)**[१४] आदि मनोवैज्ञानिकों ने भी आत्मचेतनात्मक कल्याण के बहुआयामी प्रकृति की आवश्यकता की वकालत की है। ये सभी मनोवैज्ञानिक दावा करते हैं कि आत्मचेतनात्मक कल्याण को अनेक कारक प्रभावित करते हैं। जैसे- व्यक्तिगत कारक, परिस्थितिजन्य दशायें और उनका आपस में सहसम्बन्ध, अर्थात् किसी भी व्यक्ति में कल्याण का स्तर उसकी आयु, परिवेश, उसके आस-पास का वातावरण, उसके परिवार की सामाजिक, आर्थिक स्थिति से निर्धारित होता है।

भारतीय दृष्टि में किसी भी कल्याणकारक दशा के लिए मनोबल का होना आवश्यक है। मनोबल के लिए किसी अन्य के सहयोग की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि मन स्वयं शक्तिशाली एवं स्फूर्त है। मन यदि बलवान् है तो अपना कल्याण अपने आप कर लेगा और यदि मन निर्बल या उदासीन है तो अपना शत्रु भी अपने आप बन जायेगा। इसलिए श्रीमद् भगवद्गीता में कहा गया है कि अपना उद्धार अपनी आत्मशक्ति या मनोबल से करें। आत्मशक्ति का निरादर न करें क्योंकि यह आत्मशक्ति ही अपना बन्धु है और यदि इस मनोबल का निरादर किया जाता है तो यही मनोबल शत्रुवत् व्यवहार करता है और नाश का कारण होता है।

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः।।[१५]

जन कल्याण मनोवैज्ञानिक कल्याण का एक पहलू है। जन कल्याण से सम्बन्धित कई मुख्य विशेषतायें हैं। (**Diener, १९८४**)[१६] प्रथम मनोवैज्ञानिक कल्याण व्यक्ति की पूर्व से लेकर अति उन्नत भाव तक की स्थिति से पूरे क्षेत्र को आच्छादित करता है। यह केवल व्यक्ति की अनैच्छिक स्थिति जैसे विशाद व निराशावादिता को ही केन्द्रित नहीं करती है अपितु यह व्यक्तिगत विभिन्नता के सकारात्मक कल्याण के स्तर को भी महत्त्वपूर्ण रूप से निरूपित करती है।

द्वितीय कल्याण को व्यक्ति के आन्तरिक अनुभवों के रूप में भी वर्णित किया जाता है। यद्यपि व्यक्ति के कल्याण का निर्धारण करते समय उसके आन्तरिक मनोदशा को ही सम्मिलित नहीं किया जा सकता है क्योंकि आन्तरिक मनोदशा क्षणिक भी हो सकती है, यद्यपि एक व्यक्ति की मनोदशा हर नयी घटना पर बदलती रहती है, इसलिए जनकल्याण का अध्ययन उसके पूरे समय की मनोदशाओं के आधार पर करते हैं।

कल्याण इसलिए ही महत्त्वपूर्ण नहीं है कि व्यक्ति इससे प्रसन्नता का अनुभव करता है बल्कि इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि प्रसन्न मनुष्य अन्य सभी मनुष्यों से अधिक सकारात्मक और वांछनीय व्यवहार प्रस्तुत करता है। (**Fordyce १९७७,**[१७] **१९८३**)[१८] ने कई अध्ययन प्रस्तुत किये जिसमें उन्होंने व्यक्ति के कल्याण के बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम का अभिकल्प तैयार किया है। यह कार्यक्रम इस विचार पर आधारित था कि व्यक्ति कल्याण को बढ़ाया जा सकता है। इसमें लोगों को उन लोगों की नकल करने को कहा गया जो लोग प्रसन्न रहते थे, जैसे कि अपने को व्यस्त रखना, अधिकतर समय सामाजिक कार्यों में रहना, एक सकारात्मक आलेख विकसित करना, समूह में रहना और स्वस्थ व्यक्ति की तरह कार्य करना। (**Fordycy १९७७, १९८३**) ने पाया कि इस कार्यक्रम के द्वारा इन लोगों की खुशी में अधिक उन्नति हुई बजाय उनके कि जिनकों नियन्त्रित परिस्थिति में रखा गया था और सीमित सूचनायें दी गयी थी। इस अध्ययन के 09 से 28 महीनों के बाद **Fordycc** ने पाया कि इस कार्यक्रम का दूरगामी प्रभाव हुआ।

अत: निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि जहाँ एक तरफ वेदों में कल्याण को आध्यात्मिक कल्याण और पुरुषार्थ के चार तत्त्व धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की विधियों के रूप में वर्णित किया गया है, उसी प्रकार मनोविज्ञान में आत्मचेतनात्मक कल्याण के बहु आयामी प्रकृति की आवश्यकता से सम्बन्धित किया गया है। मनोवैज्ञानिक दावा करते हैं कि कल्याण को अनेक कारक प्रभावित करते हैं, जैसे- व्यक्तिगत कारक, परिस्थितिजन्य दशायें, कल्याण का स्तर, आयु, परिवेश उसके आस-पास का वातावरण, परिवार की सामाजिक व आर्थिक स्थिति आदि।

शोध सारांश

वेद ज्ञान के स्रोत हैं, विश्व को सर्वप्रथम ज्ञान देने का श्रेय वेदों को प्राप्त है। वेद मानव मात्र के लिए प्रकाश स्तम्भ हैं। जहाँ वेदों की ज्योति है, वहाँ ज्ञान का प्रकाश है, उन्नति है, सुख है, शान्ति है और सतत विकास है। वेदों को माता के समान माना गया है। जिस प्रकार माता सन्तान की रक्षा करती है, ठीक उसी प्रकार वेद सारे संसार की रक्षा के साधन हैं। माता अपने दूध से बालक को पुष्ट करती है, उसी प्रकार वेद ज्ञानरूपी दूध पिलाकर संसार में सुख की वृद्धि करते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन में वेदों को जन कल्याण का एक माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया गया है। जिस प्रकार वेदों में मनोविज्ञान की स्पष्ट अवधारणा दिखाई देती है ठीक उसी प्रकार वेद और मनोविज्ञान में कल्याण सम्बन्धी अवधारण विद्यमान है, कल्याण से अभिप्राय है मानव मात्र या समूह का कल्याण। इसमें मानव की आध्यात्मिक, सामाजिक और आचार-विचार सम्बन्धी सभी सत्प्रवृत्तियां सम्मिलित हैं।

सन्दर्भसूची

1. मनुस्मृति 2.7
2. वैदिक मनोविज्ञान- डॉ. कपिलदेव द्विवेदी (पृष्ठ सं. 5)
3. अथर्ववेद 12.4.31
4. ऋग्वेद 10.58.12
5. यजुर्वेद- 34.1
6. यजुर्वेद- 34.3
7. कठोपनिषत् 1.3.3
8. अथर्ववेद 6.41.1
9. आधुनिक भारत में संस्कृत की उपादेयता (संस्कृत में मनोविज्ञान) पृ0 सं0 107-108
10. ऋग्वेद 10.57.3
11. M.C. Nulty (2012). 'Beyond Positive Psychology. American Psychologyjist 67.101.110
12. अथर्ववेद 6.18.2

13. Argle (1987). The Psychology of happiness London Methuen.

14. **Brief, A.P., Butcher, A.G., George, J.M., and Link, K.E. (1993)** Integrating bottom up and top down theories of subjective well being: The case of helth. Journal of personality and social Psychology 64.646.653 .

15. श्रीमद्भगवद्गीता 6.5

16. Diener, E. (1984) Subjective well being Psychological Bulletion, 95.54575 .

17. Fordyce, M.W (1977). The Happiness measure' A sixty secand index of emotional well being and mental health. Unpublished manuscript. Edison community college, Ft. myers, F.L.

18. Fordyce, M.W (1983). Development of a Program to increase personal Happiness. Journal of Counseling Psychology, 24, 511-520)

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

वैदिक मन्त्रोच्चारण में प्रातिशाख्य एवं शिक्षाशास्त्र का महत्त्व

डा० डम्बरप्रसाद पौडेल
प्रवक्ता, नव्य व्याकरण
श्रीगरीबदासीय साधु सं.म.वि.
जगजीतपुर, हरिद्वार

वेदों का महत्त्व न केवल उनकी प्राचीनता तथा उन में निहित ज्ञान-विज्ञान के कारण ही है, अपितु वेदों के अध्ययन ने नवीन शोधों को प्रवर्तित किया है। वेदों की एवं लौकिक संस्कृत की आश्चर्यजनक समता लैटिन, ग्रीक, फारसी आदि भाषाओं में दृष्टिगोचर हुई। इससे प्राचीन इतिहास पर महत्वपूर्ण प्रकाश पड़ा है।

वेद शब्द विद् ज्ञाने, विद्लृ लाभे या विद् सत्तायाम् इन् में से किसी धातु से घञ् प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है। पहला विद् ज्ञाने से ज्ञानार्थ में अर्थात् वेद में वह सम्पूर्ण ज्ञान विद्यमान है। जिससे प्राणिमात्र की एहिलौकिक उन्नति हो सकती है। में वेद-ऋक्, यजु, साम और अथर्व इन् चार अंशों में विभक्त है। पद्यमय रचनावली ऋग्वेद, गीतमय रचनावली सामवेद और शेष यज्ञमय-गद्य पद्य रचना का नाम यजुर्वेद है, इस प्रकार रचना के अनुसार वेद विभाग से पूर्व इस समस्त रचनाका नाम त्रयी विद्या हैं। इन तीनों वेदों में क्रमशः ऋग्वेद-ज्ञानकाण्ड, यजुर्वेद-कर्मकाण्ड, सामवेद-उपासनाकाण्ड कहीं मिश्रित कहीं अमिश्रित भाव से विद्यमान है।[1] वैदिक मन्त्रोच्चारण के नियमों का वर्णन करते हुये तैत्तिरीयोपनिद् में प्रत्येक उच्चारण में सावधानी के साथ शुद्ध बोलने का अभ्यास शिक्षा के नियमानुसार होना चाहिए, तथा अशुद्ध स्वरका उच्चारण करनेवाले को अनिष्टता का भागी होना पड़ता है।[2] मैं यहाँ पर यह भी स्पष्ट कहना चाहुंगा की शुक्ल-यजुर्वेद पर ही विशेष स्वर प्रक्रिया विधि की चर्चा की जा रही है। पाणिनि ने वेद के छः अंगों का उल्लेख किया है जो क्रमशः-छन्द-पाद, कल्प-हाथ, ज्योतिष-नेत्र, निरुक्त-कर्ण, शिक्षा-नासिका, व्याकरण-मुख, इस प्रकार वेद के छः अंग कहे गये हैं।

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते।।
शिक्षाघ्राणन्तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्।
तस्मात्सांगमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयताम्।।[3]

वेद का मुखरूपी व्याकरण शास्त्र के अनुसार तीन प्रकार की अशुद्धियाँ कही गई है, वर्ण स्थान, ताल्वादि की अशुद्धियाँ और यह दोष प्रकृत अर्थ के बोध में व्याघात होतें हैं, वह अर्थ अनर्थरूप से प्रतिपादक होतें हैं, यथा-सकल के स्थान शकल में लिख जाये तो सबका अर्थ न होकर खण्ड अर्थ हो जायेगा तो मात्र दीर्घ और त्रिमात्रा प्लुत के उच्चारण में व्यतिक्रम हो तो भी अशुद्धि हो जायेगी और उदात्तादि स्वर के व्यतिक्रम से भी अशुद्धि दोष होगा, यथा देवदास, इस पद में समास है, तो देव का दास इस अर्थ

में षष्ठी देव है, दास जिसका इस अर्थ में बहुब्रीहि, देवनामक दास इस अर्थ में कर्मधारय समास होता है, तब क्या निर्णय किया जाये इसके निर्णय का उपाय स्वर ही है, देवदास इस शब्द में चार शब्द हैं, इन में यही दूसरा स्वर उदात्त उच्चारित हो तो यह बहुब्रीहि, यदि चतुर्थ उदात्त हो तो तत्पुरुष, दूसरा और चौथा उच्चारित हो तो कर्मधारय होता है, इसी प्रकार दन्त्य सकार का उच्चारणस्थान में तालव्य व मूध र्न्य ''ष''का अनियम उच्चारण करने से दोष होता है, ह्रस्व के उच्चारण में दीर्घादि उच्चार से दोष होता है यथा-

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्बज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतो पराधात्।।[4]

जो शब्दमात्रा व स्वर से मिथ्या प्रयुक्त होता है वह अर्थ को न कहकर वाणीरूप बज्र होकर यजमान को नष्ट करता है, जैसे - इन्द्रशत्रु इसमें स्वर का अपराध होने से इन्द्र ने शत्रु को मारा, इस से व्याकरण में जैसी मात्रा-वर्णशुद्धि की आवश्यकता है इसी प्रकार स्वर सिद्धि की भी बड़ी आवश्यकता है। मुख्यतः स्वर तीन प्रकार के हैं, जिन का स्वर चिन्ह उदात्त का नहीं है, तीर्सा पाईका (-) चिह्न अनुदात्त स्वर है, स्वरित का चिन्ह (।) खड़ी पाई का चिन्ह है, यह क्रम समस्त संहिता में जानना चाहिए।

अभ्यासार्थे द्रुतां वृत्तिं प्रयोगार्थेतु मध्यमाम्।
शिक्षाणामुपदेशार्थं कुर्याद् वृत्तिं विलम्बिताम्।।[5]

अर्थात् वेद पाठ के समय गुरु का सबसे प्रथम कर्त्तव्य शुद्धता पर ध्यान देना ही होता है। शुद्ध उच्चारण और विधिपूर्वक स्वर-क्रिया ही शिष्य के प्रति गुरु की प्रथम दीक्षा होती है, इस का कारण यह है कि अशुद्ध उच्चारण के दुष्परिणाम से बचाया जाये। उदाहरण के लिए ''हर्षचरित'' का बाणवंश परिचय द्रष्टव्य (तानो वा नित्यत्त्वात्) है।[6]

इस में दुर्वासा के द्वारा अशुद्ध उच्चारण किये जाने पर सरस्वती ने उपहास किया और दुर्वासा को पाप निवारण हेतु मृत्युलोक को जाना पड़ा। निरुक्त में भी अशुद्ध उच्चारण का फल अच्छा नहीं कहा गया है।

स्वर शब्द का अर्थ

स्वृ धातु से घञ् प्रत्यय लगाकर तीनों का अर्थ एक समान बनता है। स्वर शब्दका व्युत्पत्तिमूलक अर्थ स्वयं राजन्ते इति स्वराः है।[7] माहेश्वर सूत्रों के अच् प्रत्याहार के वर्ण स्वर कहे जातें हैं। यही इन स्वरों का स्वयं राजकत्व है। स्वरों का महत्व वेद में उदात्तादि स्वर के भेद से अर्थ में भेद किस प्रकार हो जाता है इसका उदाहरण देना उपयुक्त होगा। उदाहरणार्थ सामान्यतया भ्रातृव्य शब्द के दो अर्थ प्रचलित है। एक शत्रु, दूसरा भतीजा, इन दोनों अर्थों को दृष्टि में रखतें हुए भ्रातृव्यस्य बधाय,[8] इस मन्त्रांश का कौन सा अर्थ हो?, यहाँ एक सन्देह उत्पन्न हो जाता है। भ्रातृव्य शब्दका आद्युदात्त,[9] स्वर होनेपर शत्रु अर्थ तथा अन्तरित स्वर[10] होनेपर भतीजा अर्थ होता है। प्रस्तुत उदाहरण में भ्रातृव्य शब्दका आद्युदात्त स्वर

है। अतः इसका अर्थ शत्रु है, इस प्रकार स्वरों के महत्वको ध्यान में रखकर ही आचार्यों ने प्रातिशाख्यों एवं शिक्षा ग्रन्थों में इसे विशेष स्थान दिया है। स्वरित के आठ भेद बतलाये गयें हैं,

अष्टौ स्वरान् प्रवक्ष्यामि तेषामेव तु लक्षणम्।
जात्योऽभिनिहितः क्षैप्रः प्रलिश्टश्च तथाऽपरः।।
तैरो व्यञ्जनसंज्ञश्च तथा तैरोविरामकः।
पादवृत्तौ भवेत्तद्वत् ताथाभाव्य इति स्वराः।।[11]

1–सन्धिज स्वरित, 2– असन्धिज स्वरित, और सामान्य स्वरित। सन्धिज स्वरित का तीन भेद है जो क्रमशः – अभिनिहित, क्षैप्र, और प्रलिष्ट। सन्धिज का शाब्दिक अर्थ है सन्धि से उत्पन्न जो स्वरित दो स्वरों की सन्धि से उत्पन्न होता है, उसे सन्धिज कहते हैं।

(क) अभिनिहित, वाजसनेय प्रातिशाख्य में विधान करते हुए कहा गया है कि पदान्तीय एकार तथा ओकार से परे पदादि अकार का अभिनिहित या पूर्वरूप हो जाता है।[12] जैसे– ते अवन्तु–तेवन्तु। वेदः असि– वेदोऽसि।

(ख) क्षैप्र स्वरित वाजसनेय प्रातिशाख्य में विधान करते हुए कहा गया है कि उदात्त इकार–उकार को यकार तथा वकार होनेपर क्षैप्र स्वरित हाता है। पाणिनि व्याकरण का यण् सन्धि ही प्रातिशाख्यों में क्षैप्र सन्धि के नाम से प्रसिद्ध है। जैसे– त्रि अम्बकम्= त्र्यम्बकम्। नु इन्द्रः–न्विद्रः।

(ग) प्रश्लिष्ट स्वरित पाणिनीय व्याकरण की दीर्घ सन्धि, गुण सन्धि को प्रातिशाख्यों में प्रश्लिष्ट सन्धि कहा जाता है। वाजसनेय प्रातिशाख्य में प्रश्लिष्ट स्वरित का विधान करते हुए कहा गया है कि पूर्वपदान्त उदात्त धर्मवान स्वर इकार के प्रश्लेष में प्रश्लिष्ट स्वरित होता है।[13] जैसे– स्रुची इव= स्रुचीव। अभि इन्ध ताम्= अभीन्धताम्।

असन्धिज स्वरित (जात्य) स्वतन्त्र स्वरित के अन्तर्गत असन्धिज स्वरित एक भिन्न वर्ग है। इस असन्धि ज स्वरित के अन्तर्गत केवल एक स्वरित आता है और वह है जात्य स्वरित। जो स्वरित जन्म या स्वभाव से ही स्वरित होता है उसे जात्य या नित्य स्वरित कहते हैं।[14] याज्ञवल्क्य और पाणिनीय शिक्षा में स्पष्ट कहा है कि यकार या वकारयुक्त स्वर जहाँ पर स्वरित होता है वहाँ पर वह जात्य स्वरित होता है। जैसे– कन्या। सामान्य स्वरित– समान पद में अथवा पृथक्–पृथक् पदों में पूर्ववर्ती उदात्त के कारण परवर्ती अनुदात्त स्वर जब सामान्य स्वरित जाता है, तब उस स्वरित को सामान्य स्वरित कहते हैं।[15] सामान्य स्वरित के अन्तर्गत तैरोव्यञ्जन, तैरोविराम, पादवृत्त और तथाभाव्य इन् चार स्वरितों का समावेश है।

(क) तैरोव्यञ्जन स्वरित– वाजसनेय प्रातिशाख्य के अनुसार नानापद में अथवा एक पद में जहाँ व्यञ्जन का व्यवधान होनेपर भी पूर्ववर्ती उदात्त के प्रभाव के कारण परवर्ती अनुदात्त स्वरित हो जाता है, उस स्वरित को तैरोव्यञ्जन स्वरित कहते हैं।[16] जैसे– इडे। देवः वः=देवोवः।

(ख) तैरोविराम स्वरित- अवग्रहवत् मात्राकालिक विराम को तैरोहित मानकर स्वरित हो जाने को तैरोविराम स्वरित कहते है।[17] उदात्त और स्वरित के मध्य में अवग्रहरूप विराम को व्यवधान होने के कारण ही इस विशेष भेद को तैरोविराम स्वरित कहते है। जैसे- गोपताविंतिगो पतौ= गोपतौ।

(ग) पादवृत्त स्वरित- वाजसनेय प्रातिशाख्यपर भाष्यकार उव्वट का मत है कि दो स्वर वर्णों की मध्य में कालकृत व्यवधान को विवृत्ति कहते है। विवृत्ति के द्वारा व्यवहृत स्वरित पादवृत्त स्वरित होता है, अर्थात् पदान्तीय और पदादि दो स्वरों के मध्यसन्धि की स्थिति होने पर भी सन्धि नहीं होती वह विवृत्ति है।[18] जैसे- ध्रुवाऽअसदन्= ध्रुवाऽअसदन्नृतस्य।

1. पाणिनीय शिक्षा पृ0 48
2. तैत्तिरीयोपनिषद् प्रथम वल्ली द्वितीय अनुवाक्।
3. पाणिनीय शिक्षा श्लोकसंख्या-41-42,भागलपुर वि0वि0सन् 1990
4. वही 52
5. याज्ञवल्क्य शिक्षा के भूमिका में पृ0 5, चौखम्बा ओरियन्टालिया वाराणसी, सन्1989
6. वही
7. पाणिनीय सूत्र 4-1-145
8. वही 1--144
9. याज्ञवल्क्य शिक्षा श्लोक 76-77, चौखम्बा ओरियन्टालिया वाराणसी सन् 1989
10. वाजसनेय-प्रातिशाख्य, सूत्र संख्या 4-63 उव्वटभाष्य
11. वही-1-116
12. याज्ञवल्क्य शिक्षा श्लोक 78
13. वाजसनेय-प्रातिशाख्य सूत्रसंख्या 1-117
14. वही 1-118
15. वही 1-1-119

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

उत्तराखण्ड की कुमाउँनी बोली का क्षेत्रीय स्वरूप

डॉ० गोपाल राम
प्रवक्ता, हिन्दी विभाग
श्रीगरीबदासीय साधु संस्कृत महाविद्यालय,
जगजीतपुर, कनखल हरिद्वार

भारतवर्ष में हिन्दी भाषा बहुसंख्यक लोगों द्वारा बोली जाती है, परन्तु उत्तर भारत के अत्यधिक प्रदेशों में हिन्दी भाषा बोली जाती है। इस उत्तर भारत के पूरे क्षेत्र में हिन्दी भाषा की पाँच उपभाषाएँ हैं, जो क्रमशः पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी, राजस्थानी, पहाड़ी व बिहारी हिन्दी के उपभाषाओं के नाम से जानी जाती है। पहाड़ी उपभाषा का विकास खस अपभ्रंश से हुआ है। कुछ विद्वान शौरसेनी से ही इसका विकास मानते हैं इसकी लिपी देवनागरी है। यह उपभाषा तीन वर्गों में बाँटी है - पश्चिमी पहाड़ी, मध्य पहाड़ी, पूर्वी पहाड़ी। पश्चिमी पहाड़ी की लगभग 30 बोलियाँ है। इसमें उत्तराखण्ड के जौनसार भाबर की जौनसारी तथा पहाड़ी भाग शिमला की शिरमौरी, चँबाली, कुलई आदि प्रमुख बोलियाँ है, मध्य पहाड़ी के दो भाग हैं - गढ़वाली और कुमाउँनी। कुमाउँनी में थोड़ा साहित्य है, किन्तु लोक साहित्य की दृष्टि से ये सम्पन्न बोलियाँ हैं। खसपर्जिया, अस्कोटी, सरोली एवं कुमंय्या आदि इस बोली के कई उपभाग है। पूर्वी पहाड़ी का सम्बंध नेपाली से है।[१]

कुमाउँनी बोली के मूल स्रोत के सम्बंध में दो मत प्रचलित है, एक मत के अनुसार यह बोली दरद-खस, प्राकृत से सम्बद्ध है, जबकि दूसरी विचारधारा के अनुसार - वर्तमान कुमाउँनी हिन्दी भाषा के समान शौरसैनी अपभ्रंश से उत्पन्न है।[२] परन्तु यह बात सत्य है कि भौगोलिक परिस्थितियाँ, सामाजिक व जातिय परिवेश की अलग-अलग विशेषताओं के समान ही प्रत्येक भाषा एवं बोली में विभन्नताओं का समावेश होता है, उसी तरह कुमाऊँ क्षेत्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से स्पष्ट होता है यह भूभाग क्रमशः किरात, राजी, खस, सूर्यवंशीय, कत्यूरी, चन्दवंशीय चन्द, गोरखा व अंग्रेजों का निवास स्थान रहा है।

डॉ0 ग्रियर्सन का वृहत एवं प्रसिद्ध ग्रंथ 'भारत का भाषा सर्वेक्षण' के 1/1 तथा 9/4 में उन्होंने कुमाउँनी बोली पर विस्तृत प्रकाश डाला है। उनका मत है कि प्राचीन खस जाति पिशाचों से संबंधित थी। अतः खसो की भाषा की दरद रही होगी, जिसके अवशेष कुमाउँनी में रह गए हैं। मध्यकाल में आर्य क्षत्रिय शासकों की भाषा और रीति-रिवाजों ने खस या दरद भाषा को इतना प्रभावित कर दिया कि उसका मूलरूप लुप्त हो गया और वह राजस्थानी का रुपांन्तर मात्र रह गई।[३]

वर्तमान कुमाउँनी बोली, जो गत चार-पाँच सौ वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई है। यह बोली भारत के विभिन्न भागों से आये आर्य जाति के लोगों के संपर्क से निर्मित हुई हैं। डॉ0 वर्मा ने कहा है कि 'हिंदी, राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती आदि की भाँति मध्य पहाड़ी का सम्बंध भी शौरसेनी अपभ्रंश से है।'[४]

अगर कुमाउँनी बोली की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो, मध्यकाल में कुमाउँनी बोली को राजस्थानी ने प्रभावित किया और आधुनिक काल के परिवेश में कुमाउँनी हिन्दी भाषा की खड़ी बोली की विशेषताएँ ग्रहण कर रही है।

जॉर्ज ग्रियर्सन ने कुमाउँनी की विभिन्न उपबोलियों को तीन वर्गों में विभाजित किया है-

प्रथम वर्ग - अल्मोड़ा की खसपर्जिया, फल्दाकोटी, पंछाईं आदि।

द्वितीय वर्ग - नैनीताल की बोली, काली कुमाऊँ की कुमाईं, चौगर्खिया, दनपुरिया आदि।

तृतीय वर्ग - पिथौरागढ़ की सोर्याली, अस्कोटी, सीराली तथा तिब्बत-बर्मी मिश्रित जौहारी बोली।[५]

कुमाऊँ के महान भाषा विद्वान डॉ0 भवानी त्रिलोचन पाण्डेय ने कुमाउँनी बोली को भौगोलिक आधार पर तीन भागों में बॉटा है- उत्तरी कुमाउँनी के अन्तर्गत पिथौरागढ़ के तिब्बत-बर्मी भाषा मिश्रित, जौहार-दारमा क्षेत्र को, मध्यवर्ती कुमाउँनी के अन्तर्गत मूल कुमाउँनी क्षेत्र को तथा दक्षिणी कुमाउँनी के अन्तर्गत हिन्दी मिश्रित भाबरी बोली वाले तराई क्षेत्र को रखा है।[६]

प्रो0 डी0 डी0 शर्मा ने कुमाउँनी की विभिन्न बोलियों को निम्नलिखित चार केन्द्रों से सम्बन्धित माना है (1) मध्य केन्द्र - खसपर्जिया आदि। (2) उत्तर पूर्व केन्द्र सोर्याली आदि। (3) दक्षिण केन्द्र में रौची भैंसी आदि। (4) पश्चिमी केन्द्र में नैनीताल एवं अल्मोड़ा की पश्चिमी सीमावर्ती बोलियाँ।[७]

प्रो0 केशवदत्त रूवाली कुमाउँनी को आग्नेय, दरद आदि से प्रभावित एवं शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित मानते हुए कहते हैं - 'कुमाउँनी पर एक ओर आग्नेय, दरद या खस प्राकृत का प्रभाव पड़ा तो दूसरी ओर उसमें कुछ विशेषताएँ अर्धमागधी की भी विद्यमान हैं, परन्तु रूपात्मक गठन की दृष्टि से वह शौरसेनी अपभ्रंश के निकट है।'[८]

कुमाऊँ बोली का क्षेत्र मध्य हिमालय भाग में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 21040.84 वर्ग किमी है, जिसका सीमाकंन बागेश्वर व पिथौरागढ़ की हिमचोटियों से नैनीताल व चम्पावत का तराई भूभाग तक फैला है। स्कन्दपुराण में हिमालय को पाँच खण्ड़ों में विभाजित करते हुए कहा गया है-

खण्डाः पंच हिमालयस्य कथिता नेपाल कुर्मांचलौ।
केदारोऽथ जलन्धरोऽथ रुचिरः कश्मीरसंज्ञोऽन्तिम।।[९]

यहाँ पर हिमालय को पाँच भागों में विभाजित किया गया है- नेपाल, कुमाऊँ, केदार, जलन्धर (हिमाचल व पंजाब का पहाड़ी भू-भाग), कश्मीर। इन पाँचों खण्डों में पहाड़ी हिन्दी भाषा बोली जाती है। इसलिए भाषा की समानता व बोलियों की आपस में व्यवहारिकता के कारण प्राचीन काल से ही हिमालय का यह भू-भाग एक सूत्र में बधा है। अगर भौगोलिक दृष्टि से कुमाऊँ क्षेत्र पर नजर डाले तो वर्तमान में कुमाऊँ मण्डल 28^0-43' उत्तरी अक्षांश से 30^0-49' उत्तरी अक्षांश तथा 78^0-43^0 पूर्वी देशान्तर से 81-02' पूर्वी देशान्तर के मध्य में स्थित है।'[१०]

कुमाउँनी बोली कुमाऊँ क्षेत्र के अल्मोडा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत व नैनीताल के पर्वतीय क्षेत्रों में बोली जाती है, परन्तु इन पाँचों जिलों के प्रत्येक क्षेत्र में कुमाउँनी बोली के क्षेत्रीय स्वरुप में भिन्नताएँ दिखाई पड़ती हैं। वर्तमान परिवेश में कुमाउँनी बोली के दो भेद मिलते हैं- (1) पश्चिमी कुमाउँनी, (2) पूर्वी कुमाउँनी।

(१) **पश्चिमी कुमाउँनी** :- यह बोली अल्मोड़ा, बागेश्वर व नैनीताल के पश्चिमी भूभाग के क्षेत्रों में बोली जाती है तथा इसकी छः उपबोलियाँ है- 'खसपर्जिया, चौगर्खिया, गंगोई, दनपुरिया, पछाई और रौचीभैंसी।'[११]

(२) **पूर्वी कुमाउँनी** :- यह बोली अल्मोड़ा, बागेश्वर के कुछ पूर्वी भागों व पिथौरागढ़, चम्पावत् में बोली जाती है। इस बोली की चार उपबोलिया है, जो निम्नवत् है - 'कुमाई, सोर्याली, सीराली अस्कोटी)[१२]

परन्तु वर्गीकरण के आधार पर कुमाउँनी बोली के उपबोलियों के क्षेत्रीय स्वरुप का विश्लेशणात्मक अध्ययन निम्नांकित है -

(क) पश्चिमी कुमाउँनी का क्षेत्रीय स्वरुप :-

१. **खसपर्जिया** :-ब्रिटिशकालीन अल्मोड़ा शहर के चारों क्षेत्र में बारह पटिट्याँ निर्धारित थी, उनके क्षेत्र समूह को बारह-मंडल कहा जाता था। यह भू-भाग कुमाऊँ मण्डल के केन्द्र में होने के कारण इसे कुमाऊँ का हृदयस्थल भी कहा जाता है।

वस्तुतः देखा जाए तो खसपर्जिया का नाम खासपरजा या खसप्रजा के आधार पर है, यों तो खस जाति के लोग पूरे कुमाऊँ क्षेत्र में फैले हैं, परन्तु ऐसा नहीं लगता है कि यह नाम उस जाति विशेष से पड़ा है क्योंकि खस जाति के लोग कुमाऊँ के अधिकांश भू-भाग में निवास करते हैं अगर इस बोली की उत्पत्ति खस जाति से होती तो शायद यह बोली कुमाऊँ के सभी क्षेत्रों में व्याप्त होती परन्तु ऐसा नहीं है। हांलाकि अल्मोड़ा ब्रिटिश काल से पहले ही विकसित रहा है इसलिए उसके

आस-पास का क्षेत्र या बारह मण्डलों में रहने वाले लोगों को खास प्रजा या खसपरजा कहा जाता था। उक्त भू-भाग में रहने वाले कर्मचारी वर्ग जो विभिन्न खास पदों पर कार्यरत थे इसलिए उन लोगों को खासप्रजा कहा गया, जिनकी बोली को आगे चलकर खसपर्जिया कहा गया था। इस बोली का क्षेत्र - हवाल बाग, ताकुला, द्वारहाट, ताडीखेत, भैसियाछीना लमगडा एवं रायगढ।

हिन्दी साहित्य के सुप्रसिद्ध आलोचक जार्ज ग्रियर्सन के द्वारा 1898 में संकलित खसपर्जिया बोली का उदाहरण निम्नवत् है-कै मैसाक द्वी च्याल छिय और उनोंमें हैं कांसैल आपण बवधै कय ओ बाब अपण जाजात में हैं जो वाट म्यर हुड़ उ मीकणि दी दे और वील उनोकणि आपणि जाजात वाँट दिय। और तै पछिहैं कास च्यल सब चीज एक बटैबेर परदेश न्है गोय।[१३]

२. **चौगर्खिया** :- इस बोली का नामकरण चौगर्खा के आधार पर है, चार दिशाओं की ओर विस्तीर्ण चार पर्वत श्रेणियों के कारण इस भू-भाग को चौगर्खा नाम से सम्बोधित किया जाता है, यह भी कहा जाता है कि इस क्षेत्र में कभी चार गोरखा वीर रहा करते थे इसलिए इसका नाम चौगर्खा पड़ा।[१४] इस बोली का क्षेत्र पूर्व में रंगोड़, दारुण पट्टियाँ, जागेश्वर का समस्त क्षेत्र दक्षिण में सलाम पट्टी व पश्चिम में लखनपुर है।

1998 ई0 में जार्ज ग्रियर्सन के द्वारा चौगर्खिया बोली का संकलित अंश निम्नवत् है - 'कै मैंसका द्वी चेला भिया और उनन में है नान चेलाले आपण बाब थैं कय ओ बबा लटिपटि में है जो बॉट मैं दिछै ऊ मैं दि दे। और वीले उनरा बिच आपणि लटिपटि बानि दियो और भौत दिन नि भिया नाना चेला ले सबै लटिपटि बट्यैबेर परदेश हूँ गियो।'[१५]

३. **गंगोई** :- गंगोली क्षेत्र में बोली जाने के कारण इस भाषा का नाम गंगोली पड़ा है, यह शब्द गंगावली का तद्भव शब्द है। इसका नाम गंगावली (गंगोली) इसलिए पड़ा क्योंकि यह क्षेत्र सरयू व पूर्वी रामगंगा नदियों के दक्षिणवर्ती भू-भाग में विराजमान है। यह बोली गंगोलीहाट एवं उसके आस-पास बोली जाती है इसलिए भी इसका नाम गंगोली पड़ा है।[१६] वस्तुतः देखा जाय तो यह बोली गंगोलीहाट व बेरीनाग विकासखण्ड में बोली जाती है। 1898 में जॉर्ज ग्रियर्सन द्वारा पं0 गोविन्द प्रसाद घिल्डियाल से प्राप्त गंगोई बोली का उदाहरण निम्न प्रकार से है -'कै मैसक द्वी च्याल छ्य। फिर उनन में नन च्यालाले आपण बाबथैं कयो कि हला बाब भानिकुनि लटिपटि में म्यार बानकि ज्य मैं थै औछे म दी। फिर वीले द्वी च्यालन लटिपटि आपणि बाणि दे। फिर भ्यौत दिन नि भ्यो छिय नानु च्योलो आपणि लटिपटि येटबटि करिबेर परदेशहीं नसि ग्यो।'[१७]

४. **दनपुरिया** :- यह बोली बागेश्वर जनपद के बागेश्वर व दानपुर विकासखण्ड में बोली जाती है। ये बोली दानपुर क्षेत्र में बोली जाती है इसलिए इस बोली का नाम दनपुरिया है। इसके अन्तगर्त

मल्ला, तल्ला व बिचला दानपुर, मल्ला, तल्ला व बिचला कत्यूर, व कमस्यार, दुर्ग, नाकुरी आदि पट्टियाँ आती हैं। 1898 में जार्ज ग्रियर्सन द्वारा उद्धृत दनपुरिया बोली का एक अंश देखिए- 'कै मैश का द्वी छ्मौड़ा हुआ और नाना न अपण बाप थैं कयॉ ई बाब लटिपटि हैं जो बानो मैं मिलना, उ मैं दिहाल। तब वील उनरा बीच आपणि लटिपटि बाँट दिनाँ और ज्यदा दिन नि बताँ कि नान छ्योड़ा ले सब समेटबेर टाड़ा मुलुक गय।'[१८]

५. **पछाई** :- यह बोली कुमाऊँ के पश्चिमी भू-भाग में बोली जाती है, जो गढ़वाल क्षेत्र की सीमा से जुड़ा है। कुमाऊँ मण्डल के पश्चिमी भाग होने के कारण इस बोली का नाम पछाई पड़ा है, जो सल्ट, भिक्यासैंण, स्याल्दे चखुटियाँ आदि विकासखण्डों में बोली जाती है।

सन् 1900 ई0 में पं0 गंगादत्त उप्रेती की सहायता से जॉर्ज ग्रियर्सन द्वारा संकलित पछाई बोली का एक उदाहरण निम्न प्रकार से है- 'द्वीये भणा गौंमजि गया, येक बुड़ि दगड़ि भेट है। द्वीय भणोंल बुड़ि हॉति कय कि तु हमरि लणै द्यखि दे, हैं को जितुँछ। बुड़ियल कय, म्यर नाति गोरू-भैश चराहणि वण जारौछ, वेकणि रोट देहणि जानु, पछा तुम द्वी भणौक लणै कणि द्यखुल। यतुक कबेर तुड़ियल द्वीप पैकोंकणि लकणाँ कै बुज सुदि अपण का नाम धरदि, अपण नातिकणि जैबेर रोट दि।'[१९]

६. **रौ-चौभैंसी (नैनताली)** :-कुमाऊँ मण्डल के नैनीताल जनपद का अधिकांश भाग रौचौभैंसी बोली के अन्तगर्त आता है और नैनीताल के आस-पास के क्षेत्र में बोली जाने के कारण इसका नाम नैनताली भी है। इस बोली का मुख्य क्षेत्र कोटाबाग, भीमताल, हल्द्वानी, ओखलकाँडा विकासखण्डों के अधिकांश भू-भागों में यह बोली जाती है। इस बोली का नामकरण नैनीताल की रौ और चौ भैंसी पट्टियों के नाम पर हुआ है। 1898 ई0 में जॉर्ज ग्रियर्सन ने रौचौभैंसी बोली को इस प्रकार प्रस्तुत किया है - 'एककै मैंशा का द्वी च्याला छिया। नानैले अपर बाब धै कयो कि बबा म्योरो बान मॅकणि दी दे। तब वीले उनरो हिसो बान कर दियो। थ्वाड़े दिन पछा नाना च्यालै ले अपणो बानो सब एकट्ठो करो और दूर देस सु बाटो लागो और वॉ जैबेर आपणो माल वहियाति में फुँकि दियो।'[२०]

ख पूर्वी कुमाउँनी का क्षेत्रीय स्वरूप :-

१. **कुमाई** :-यह बोली कुमाऊँ मण्डल के 'चम्पावत' जिले की बोली है इस बोली को कुमय्याँ बोली भी कहा जाता है। यह चम्पावत जनपद के चम्पावत्, पाटी, लोहाघाट एवं बाराकोट विकासखण्डों में बोली जाती है। चम्पावत चन्द राजाओं की प्राचीन राजधानी रही है। उस युग में इस बोली को राजभाषा का दर्जा प्राप्त था, जिससे कुमाई बोली का विकास अत्यधिक रुप में हुआ। इसी कारण

जार्ज ग्रियर्सन ने 'कुमाई बोली को उच्चारण व व्याकरण की दृष्टि से एक आदर्श बोली स्वीकार किया है।'[२१]

1998 में जॉर्ज ग्रियर्सन द्वारा कुमाउँनी बोली का सर्वेक्षण करने के पश्चात उनके द्वारा संकलित कुमाई बोली का स्वरूप निम्नांकित रुप में प्रस्तुत है- 'कै मान्सा द्वी चेला छ्या और उनों में है नाना चेला आपना बाबधें कयों कि ओ बाब अस्ता-बिस्ता में हैं जो बॉड़ मैं मिलछ मैं दिदे और उई ले उनों का बीच आपनि अस्ता-बिस्ता वॉड़ि दिनी और अत्ती दिन नाई भौछ्य। कान्सो चेलो सब तीर सिगोर बटोलिबेट टाड़ा मुल्क निसि गयो।'[२२]

२. **सोर्याली** :-यह बोली कुमाऊँ मण्डल के पिथौरागढ़ जनपद के सोर परगने में बोली जाती है। सोर परगने में बोली जाने के कारण इस बोली का नाम सोर्याली पड़ा। इसे पूर्वी कुमाउँनी की प्रतिनिधि बोली भी कहा जाता हैं। नेपाल के निकट होने के कारण सोर्याली में नेपाली का प्रभाव देखने को मिलता है, क्योंकि भौगोलिक दृष्टि से सोर परगने के पूर्व में काली नदी है जिसकी सीमा नेपाल देश से लगी है। इसलिए इस बोली में नेपाली भाषा की बहुलता देखने की मिलती है।

जॉर्ज ग्रियर्सन द्वारा संकलित सोर्याली बोली का उदाहरण निम्नवत् है-'कै आदमी का द्वी चेला थ्या। और उनन मॉ कॉसा ले अपना बाबाथैं क्यों, ओ बाबा अस्ता में है जो बाण मैंस मिल दी दे। और वीले उनरा बीच अपनी अस्ता बिस्ता वाण दिनी। और भौत दिन नॉई ग्योथ्या कि कांसो चेलो सवेतीर एक बाटो करिबेर परदेश खीं जान्वेथ्यो।'[२३]

३. **सीराली** :- बोली कुमाऊँ मण्डल के पिथौरागढ़ जिले के सीरा परगने की बोली को सीराली कहते है, यह बोली डीडीहाट विकासखण्ड एवं मुन्स्यारी विकासखण्ड के दक्षिणी भू-भाग में बोली जाती है। इसके अतिरिक्त यह बोली थल, अट्ठाबीसी, बारावीसी, माली आदि क्षेत्रों में बोली जाती है। जॉर्ज ग्रियर्सन ने सीराली को व्यवहार में सोर्याली के समान कहा है।[२४]

हिन्दी के महान इतिहासकार जॉर्ज ग्रियर्सन द्वारा संकलित सीराली का उदाहरण निम्नवत् है- 'कसै माइस का द्वी चेला छ्या। और उनन में कांसा चेला ले अपना बाबा थे कयो। ओ बाबा जाजात में जो वाट मेरो चैछ सो मैं दी दिय। तब वील उनरा आपस में अपनी जाजात वाटि दी। फिर भौत दिन नै भैछ्या कि काँसा चेलाले सब जमा करबेर परदेश छिन नस ग्यो। वॉ कुकर्म में रै बेर अपनो सब माल-ताल फुकि दियो और जब उ सब खर्च कर चुक्यो वी मुलुक में अकाल पड्यो।'[२५]

४. **अस्कोटी** :- पिथौरागढ के सोर परगने के उत्तरवर्ती नेपाल सीमा के अर्न्तगत अस्कोटी बोली जाती है, अस्कोट क्षेत्र में बोली जाने के कारण इस बोली को अस्कोटी कहा गया है। इस बोली का मुख्य

क्षेत्र कनालीछीना विकासखण्ड है इसके अतिरिक्त यह बोली धारचूला क्षेत्र के दक्षिणी छोर वाले भू-भाग में बोली जाती है। अस्कोटी बोली की भाषायी विकास को रेखांकित करते हुए जॉर्ज ग्रियर्सन द्वारा संकलित उदाहरण निम्नवत है- 'कै मानस का द्वी चेला थ्या। और उनन मेंहै ननाले अपना बवा थैं कयो, बबा जयजात में है जो बॉट मैस मिलि सो मैं दी दे। और वील उनरा बीच आपनो जायजात बाणि दी। और भौत दिन नी भित्या कि कान्सो चेलो सबतीर जमाकरिवेर इस देश कितैं गयो। और वा लुचपन रै बैर अपन सब माल-ताल उडै दियो, और जब उ सबतीर खर्च कर चुक्यो वी देश में बडे अकाल पड्यो औ ऊ तंग हुन वस्यो और ऊ वी देश का कै भला मानस का पास जैबेर रौन बस्यौ।'[२६]

वस्तुतः वर्तमान समय में देखा जाय तो कुमाऊँनी बोली के क्षेत्रीय स्वरूपों में यातायात व दूरसंचार की सुविधा से अनेकों परिवर्तन आए है। इस दृष्टिकोण से देखें तो कुमाऊँनी बोली में स्थान व क्षेत्र के रूप में अन्तर बहुत कम हो गया है। अगर हम विवेचनात्मक अध्ययन करें तो उत्तराखण्डी कुमाऊँनी बोली के क्षेत्रीय स्वरूप में बहुत भिन्नताएँ देखने के मिलती हैं, जो सहज व स्वभाविक रूप से भिन्न हैं।

सन्दर्भ सूची

1. कर्नाटक डॉ., चक्रधर, भाषा विज्ञान, 2004, पृ0 85, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी
2. रुवाली, प्रो. केशवदत्त, कुमाऊँनी भाषा और संस्कृति,1944, पृ0 27, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो,अल्मोड़ा
3. रुवाली, प्रो. केशवदत्त, कुमाऊँनी भाषा और संस्कृति,1944, पृ0 28, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो,अल्मोड़ा
4. रुवाली, प्रो. केशवदत्त, कुमाऊँनी भाषा और संस्कृति,1944, पृ0 28, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो,अल्मोड़ा
5. काण्डपाल, डॉ. भवानी दत्त, कुमाऊँनी का संस्कृतमूलक व्याकरण, भाषा विज्ञान एवं साहित्य, 2007 पृ0 14, सत्यम पब्लिसिंग, नई दिल्ली
6. पाण्डेय, डॉ. त्रिलोचन, कुमाऊँनी भाषा और उसका साहित्य, 1977, पृ0 25, 26, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो, अल्मोड़ा।
7. काण्डपाल, डॉ. भवानी दत्त, कुमाऊँनी का संस्कृतमूलक व्याकरण, भाषा विज्ञान एवं साहित्य, 2007 पृ0 15, सत्यम पब्लिसिंग, नई दिल्ली
8. रुवाली, प्रो. केशवदत्त, कुमाऊँनी भाषा और संस्कृति, 1977, पृ0 94, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो,अल्मोड़ा
9. स्कन्दपुराण - मानसकाण्ड 21/4
10. काण्डपाल, डॉ. भवानी दत्त, कुमाऊँनी का संस्कृतमूलक व्याकरण, भाषा विज्ञान एवं साहित्य, 2007 पृ0 13, सत्यम पब्लिसिंग, नई दिल्ली

11. रुवाली, प्रो. केशवदत्त, कुमाऊँनी भाषा और संस्कृति,1944, पृ0 42, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो,अल्मोड़ा
12. रुवाली, प्रो. केशवदत्त, कुमाऊँनी भाषा और संस्कृति,1944, पृ0 42, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो,अल्मोड़ा
13. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 190
14. रुवाली, प्रो. केशवदत्त, कुमाऊँनी भाषा और संस्कृति,1944, पृ0 44, श्री अल्मोड़ा बुक डिपो,अल्मोड़ा
15. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 228
16. काण्डपाल, डॉ. भवानी दत्त, कुमाऊँनी का संस्कृतमूलक व्याकरण, भाषा विज्ञान एवं साहित्य, 2007 पृ0 116, सत्यम पब्लिसिंग, नई दिल्ली।
17. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 231
18. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 235
19. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 211
20. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 219
21. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 109
22. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 225
23. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 239
24. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 246
25. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 246
26. Sir G.A. Grierson, Linguistic Survey of India, Vol-IX, Part - V, 1967, पृ0 244

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा का विकासात्मक स्वरूप

डॉ० नरेन्द्र प्रताप सिंह,
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग
देवसंस्कृति विश्वविद्यालय,
हरिद्वार, उत्तराखण्ड

भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है, भाषिक आदान-प्रदान के बिना उसकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती। इसका विकास एवं व्याकरण दोनों आवश्यक है। भाषा विचारों का स्थूल स्वरूप हैं, इसका अस्तित्व शब्द एवं वाक्यों के आधार पर तय होता है। सूचना तकनीक और अर्थ युग में हिंदी भाषा का विकासात्मक स्वरूप से परिचित होना, वर्तमान समय की मांग है। प्राचीन से नवीन रूप तक हिंदी भाषा का विकासात्मक स्वरूप क्रमशः वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश और अवहट्ठ, प्राचीन हिंदी व वर्तमान हिन्दी आदि है। नये शब्दों ने प्राचीन वर्णो के साथ मिलकर उसे एक नया रूप दे दिया है। भाषा नदी की धारा के समान गतिशील और प्रवाहमान है। घटना और परिस्थिति भाषा के विकास में सहायक है। माना जाता है कि भाषा शरीर है और वर्ण उसकी आत्मा। हिन्दी विस्तृत भू-मण्डल पर बोली जाने के कारण यह एकता और अखण्डता को प्रकट करती है । हिन्दी संस्कृत की पुत्री है। हिन्दी और संस्कृत भाषा का विश्व में विशेष स्थान है, इसीलिए आवश्यकता है कि हिंदी के व्याकरण और सम्प्रेषण दोनों को सहज एवं सुगम बनाने के लिए विशेष प्रयास किया जाए। हिन्दी व संस्कृत में धर्म, दर्शन,, नीतिशास्त्र, आचार संहिता आदि विषयों को व्याख्यायित व परिभाषित करने वाले अकूत शब्द भण्डार है। वैश्विक व भूमण्डलीयकरण के दौर में साहित्यिक व सांस्कृतिक शून्यता की आपूर्ति में संस्कृत व हिन्दी भाषा साहित्य में समाहित जीवन विद्या के सूत्र भक्तिकाव्य व मानवता के रूप में सहजता के साथ उपलब्ध हैं।

भाषा खामोश लहरों की भांति अपने मूल रूप में सतत् प्रवाहमान व विकासशील रहती है। कभी सुगम तो कभी दुर्गम मार्ग से अग्रसर होते हुए हर परिस्थिति में परिवर्तित प्रतिछाया के रूप में साहित्य का सृजन करती रहती हैं।[9] भाषा के उद्‌भव का मुख्य कारण परस्पर विचार-विनिमय ही होता है। कुछ विद्वानों के अनुसार प्राचीनकाल में पशु-पक्षियों की ध्वनि का अनुकरण करने पर मनुष्य के कुछ प्रारम्भिक शब्द साकार हुए होगे, जैसे- किसी पक्षी द्वारा 'का' 'का' की ध्वनि का अनुसरण कर 'काक' शब्द की रचना हुई होगी । उसी प्रकार म्याउ, कोयल आदि शब्दों की। इसके अलावा उसने अपने सहधर्मियों और साथियों की भी ध्वनियों से कुछ शब्दों का निर्माण किया होगा ।[10] भाषा का समर्पण सदैव अपने लक्ष्य

की ओर ही रहता है ताकि मानवीय भावों एवं विचारों की अविरल अभिव्यक्ति स्वस्थ समाज का निर्माण कर सके। इस प्रयास में भाषा सदैव सहायक रहती है।[11] व्यक्ति और समाज से बल मिलने पर भाषा में क्रमबद्धता और निरन्तरता बनी रहती है। जिससे वह संवर्द्धित और ह्रष्ट-पुष्ट होती है।[12] अतीत के अनेक विद्वानों ने संसार की भाषाओं में एकता स्थापित करने के लिए उन्हें एक परिवार के अन्तर्गत रखकर भाषा को व्यवस्थित करने का प्रयास किया था। संसार में कुल मिलाकर बारह -तेरह भाषा परिवार हैं। द्रविड, चीनी, सेमेटिक, हेमेटिक, आग्नेय, यूराल-अल्टाइक, बॉटु, अमरीकी (रेड इंडियन), काकेशस ,सुडानी, बुशमैन, जापानी-कारियाई तथा भारोपीय। भारोपीय परिवार को विरोस, संस्कृत या भारतहिन्ती परिवार आदि नामों से भी पुकारा जाता है ।[13] भारोपीय परिवार सबसे बड़ा भाषा परिवार है, इसकी प्रमुख भाषाओं में संस्कृत, ग्रीक, लैटिन, अवेस्ता, अंग्रेजी, जर्मन, रूसी, फ्रांसीसी, हिंदी, मराठी व बंगाली आदि हैं। भारोपीय शब्द भारत से लेकर यूरोप तक के विस्तार का द्योतक हैं। बेबिलोन से लेकर मिस्र तक और काकेशस पूर्वी मध्य तथा दक्षिण यूरोप तक संस्कृत परिवार से मिली-जुली भाषाएं बोली जाती हैं।[15] आर्यों के आने से पूर्व भारत में नेग्रिटो, आस्ट्रिक, किरात और द्रविड, मुख्य जातियाँ थीं। डॉ भोलानाथ तिवारी ने प्राचीनतम जाति में नेग्रिटो (दक्षिण अफ्रीका) को माना है संसार के प्राचीनतम ग्रंन्थ 'ऋग्वेद' की भाषा ईसा से 2400 वर्ष पूर्व की आर्यों की भाषा का विकसित रूप है। यह भाषा स्वर प्रधान तथा श्लिष्ट योगात्मक होने के कारण जटिल मानी जाती है। पारसियों का धर्मग्रन्थ 'अवेस्ता' की भाषा 'ऋग्वेद' से काफी मिलती है। संस्कृत, अवेस्ता और फारसी के शब्दों में भी पर्याप्त साम्य दृष्टिगोचर होता है।[17] जैसे- संस्कृत को वैदिक भाषा ,छान्दस या प्राचीन संस्कृत भी कहा जाता है। पाश्चात्य भाषाशास्त्रियों ने भाषिक तुलना के आधार पर 'ऋग्वेद' के 2से 9 मंडलों को प्राचीन तथा 1 और 10 मंडलों को अपेक्षाकृत परवर्ती माना है। संस्कृत का अर्थ है 'संस्कार की गई या शिष्ट भाषा'।[18] 1500ई0 पू0 से 500ई0 पू0 तक लौकिक और वैदिक संस्कृत का समय है। लौकिक संस्कृत वैदिक संस्कृत के परिवर्तित रूपों से ही विकसित हुई। इसके अस्थिर एवं अव्यवस्थित रूपों की विविधता को एकरूपता प्रदान करने में पाणिनि के व्याकरणिक नियमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, संस्कृत भाषा से अनेक शब्द अन्य भाषाओं में प्रयुक्त होने के कारण ही इसे 'भाषा की जननी' कहा जाता है ।[19] विभिन्न भाषाओं के अनेक अक्षर को चुनना और उन्हें ग्रहण करके प्रयोग में लाना ही भाषा की सामर्थ्यता है। मनुष्य ने जब से प्रतीक और चिह्न को अपने मानस में स्थापित करके उन्हें पत्थरों पर उकेरा तभी से भाषा का जन्म हुआ। भाषा के दो रूप है: एक मौखिक व दूसरा लिखित। इस प्रकार अभिव्यक्ति व बौद्धिक विकास के साथ-साथ भाषा का शिल्प सौन्दर्य बढ़ता गया और वह समय के साथ समर्थ होती गयी। मानव अपने भावों को व्यक्त करने के लिए जिस सार्थक मौखिक साधन को अपनाता है, वह भाषा है तथा भाषा के उच्चारण, प्रयोग और उपयोगिता की शिक्षा भाषा विज्ञान से प्राप्त होती है।

भाषा विज्ञान का प्रारंभ सन् 1786 में सर विलियम जोन्स के संस्कृत, लैटिन एवं ग्रीक के तुलनात्मक अध्ययन के संकेत से हुआ। पाश्चात्य देशों ने भाषाविज्ञान के कई नाम प्रचालित हैं जिनमें से कम्पेरेटिव फिलोलॉजी, साइन्स ऑफ लैग्वेज तथा लिग्विंजिक आदि प्रमुख हैं। प्राचीन भारत में निर्वचनशास्त्र, व्याकरण, शब्दानुसान आदि शब्दों का प्रयोग भाषाविज्ञान के लिए किया जाता रहा। आधुनिक काल में भाषाशास्त्र, तुलनात्म्क भाषा शास्त्र, शब्दतत्व, व भाषिकी आदि शब्दों का इस्तेमाल भाषा विज्ञान के पर्याय के रूप में होता है। भारतीय भाषाओं में भाषा विज्ञान के लिए भाषा तत्व, भाषा शास्त्र, शब्द तत्व, शब्द शास्त्र व शब्द कथा आदि का नाम प्रचलित है। इसी प्रकार पद-विद्या व शब्दशास्त्र इत्यादि शब्दों का आशय भी भाषा-विज्ञान के प्रयोजन को सिद्ध करता रहा, परन्तु समय के साथ ये शब्द रूढ हो जाने से इसका नाम भाषा-विज्ञान ही उपयुक्त जान पडा ।[20] भाषा-विज्ञान में भाषा का अनुशीलन किया जाता है। भाषा का यह प्राचीन रूप विद्वानों के चिन्तन-मनन का ही फल है । इस विज्ञान में संज्ञा आदि परिभाषाओं को सावधानी से समझना पडता है। वर्ण-लोप, अर्थ-विकार आदि भाषा के कार्यो का निरीक्षण करना और उन्हीं के आधार पर भाषा नियमों की रचना करना भाषा-विज्ञान का काम है। भाषा में विकार या परिवर्तन क्यों होता है? कैसे एक भाषा समय के साथ-साथ अनेक भाषाओं अथवा विभाषाओं का रूप धारण कर लेती है? भाषा के मूल में संज्ञा व क्रिया आदि शब्द-भेदों का भी अध्ययन आदि जिज्ञासा का समाधान भाषा विज्ञान की विविध शाखाओं के माध्यम से होता है।[21] भाषा-विज्ञान में भाषा की उत्पत्ति, उसकी बनावट, उसके विकास तथा ह्रास की वैज्ञानिक व्याख्या है। ध्वनि-विचार, रूप-विचार, अर्थ-विचार ये सब भाषा-विज्ञान के प्रधान अंग हैं। भाषा का शरीर जिन व्यक्त ध्वनियों से बनता है, उन्हें 'वर्ण' कहकर पुकारा जाता है।[22] शब्दों का मूल रूप क्या है। उसमें जोड़ा अंश उपसर्ग है या प्रत्यय । कभी-कभी कुछ शब्द एक जैसे दिखायी देते हैं मगर उनका उद्‌गम भिन्न-भिन्न मूलों से होता है,जैसे- संस्कृत शब्द 'कार्य' से हिंन्दी में 'कारज' और 'काज' दो रूप जान पड़ते हैं।[23] अर्थात् शब्दों की व्युत्पत्ति का निमित्त कुछ और होता है और व्यवहार कुछ और होता है ।[24] ध्वनि-प्रतीकों की संरचनात्मक व्यवस्था को भाषा कहते हैं। भाषा के बाह्य रूप को उसकी शब्दावली तथा आन्तरिक गठन को उसके संरचनात्मक स्वरूप से जाना जाता है।

भाषिक संरचना और भाषिक प्रकार्य भिन्न-भिन्न है। भाषा की संरचना में इसके आंतरिक गठन पर विचार किया जाता है। हॉकिट ने भाषिक संरचना के पाँच भेद बताए हैं जिनमें व्याकरणिक, स्वानिमिक, रूप-स्वानिमिक, आर्थी व स्वनिक हैं। जबकि भोलानाथ तिवारी ने छह स्तर : अर्थ, प्रोक्ति, वाक्य, रूप, शब्द और ध्वनि को स्वीकार किया है। इसमें अर्थ मूल तत्व है जो प्रोक्ति में व्यक्त होता है, प्रोक्ति के भीतर वाक्य, वाक्य के भीतर रूप, रूप के भीतर शब्द एवं धातु, कारक चिह्न और प्रत्यय आदि समाहित है। आधुनिक भाषा विज्ञान में रूपिम के अन्तर्गत शब्द, धातु, कारक, चिह्न तथा प्रत्यय आते हैं। प्रत्येक

भाषा का ढांचा या आकार-प्रकार दूसरी भाषा से भिन्न होता है। विभिन्न भाषाओं में लिंग, वचन, क्रिया-भेद आदि में एकरूपता नहीं पायी जाती है जैसे - हिन्दी में दो वचन और संस्कृत में तीन वचन होते हैं। हिन्दी में दो लिंग तो गुजराती में तीन लिंग होते हैं। कुछ भाषाओं में ध्वनियों को प्रकट करने लिए पर्याप्त चिह्न नहीं होते हैं। अंग्रेजी का ध्वनि-चिह्न 'टी' हिन्दी वर्णमाला की दोनों ध्वनियों 'ट' और 'त' के लिए प्रयोग में लाया जाता है ।[25] संरचनात्मक भाषा-विज्ञान को अंग्रेजी में 'स्ट्रक्चरल लिग्विस्टिक्स' भी कहते हैं। यह वर्णनात्मक भाषा-विज्ञान के अन्तर्गत ही है। 'पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय' के प्रसिद्ध भाषाविद् डॉ0 जैलिया एस. हैरिस की पुस्तक 'स्ट्रक्चरल लिग्विस्टिक्स' के प्रकाशित होने से भाषा-विज्ञान को 'वर्णनात्मक भाषा-विज्ञान' से भिन्न माना है। भाषा-विज्ञान में ध्वनियों ,पदों, वाक्यों आदि की व्याख्या मात्र की जाती है जबकि संरचनात्मक भाषा-विज्ञान में विवरण के साथ-साथ उनका पूरा विश्लेषण किया जाता है।[26] भाषा का संरचनात्मक स्वरूप भाषिक व्यवस्था के अनुरूप हो जिससे एक भाषा समुदाय के लोग आपस में बातचीत कर सके और समझ सके । भाषा एक ऐसी सहजात प्रकृति है जो मानसिक और शारीरिक सामर्थ्य के रूप में कई शताब्दियों के स्वाभाविक चयन के रूप में विकसित होती हैं ।[27]

पुरातन एवं उन्नीसवीं शताब्दी कीं हिन्दी साहित्यिक तथा सांस्कृतिक परंपरा की वाहिनी है। यह प्राचीन संपन्न भाषा संस्कृत की उत्तराधिकारिणी है। इसने शब्द संपदा की दृष्टि से विभिन्न भारतीय और विदेशी भाषाओं से असंख्य शब्दों को ग्रहण कर उन्हें अपनी भाषिक प्रकृति में ढालकर स्वंय को समृद्ध बनाया है । विभिन्न क्षेत्रों के संतो तथा विभिन्न मतों और धर्मो के अनुयायियों ने भी देश के कोने-कोने में हिन्दी को पहुँचाया। महामहोपाध्याय हरिप्रसाद शास्त्री द्वारा संपादित 'बौद्धगान ओ दूहा' से ज्ञात होता है, कि सातवीं शती में बंगााल के सिद्ध अपने विचारों के प्रचार के लिये हिन्दी का प्रयोग करते थे। नाथ पंथ के संत गोरखनाथ ने अपने मतों के प्रचार-प्रसार के लिये, संस्कृत के साथ-साथ हिन्दी का भी सहारा लिया। महाराष्ट्री संत गहनीनाथ, मुक्ताबाई, नामदेव एवं सूफी संतों ने अपनी रचनाओं में हिन्दी को स्थान दिया। अमीर खुसरो ने फारसी विद्वान होते हुए भी हिन्दी में रचना कर हिन्दी भाषा व साहित्य को समृद्ध किया। गुजरात के मालण, अरबा, दयाराम और सिक्ख गुरू गोविन्द सिंह ने आत्माभिव्यक्ति के लिए हिन्दी को चुना ।[28]

भारत में आर्यभाषा का प्रारंभ 1500 ई0पू0 के आसपास से माना जाता हैं। भारतीय आर्यभाषा का पुरातन रूप वैदिक संहिताओं में मिलता है। इसमें रूपाधिक्य है, प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं का समय वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत के रूप में 1500ई0 पू0 से 500 ई0 पू0 के लगभग माना गया है।[29] वैदिक संहिताओं की भाषा में भी एकरूपता नहीं थी। कुछ की भाषा बहुत पूर्ववर्ती तो कुछ की परवर्ती । उदाहरणार्थ , ऋग्वेद में ही प्रथम और दसवें मण्डलों की भाषा को छोडकर शेष मण्डलों की भाषा,

पारसियों के धर्मग्रन्थ 'अवेस्ता' के अपेक्षाकृत निकट है। वैदिक संहिताओं की काव्य भाषा तत्कालीन बोलचाल की भाषा से कुछ भिन्न थी। ब्राह्मणों–उपनिषदों की भाषा संहिताओं के बाद की है। इसमें उतनी जटिलता एवं रूपाधिक्य नहीं है । गद्यभाग की भाषा बोलचाल की भाषा के अधिक निकट है । इस समय आर्यो का केन्द्र मध्यदेश होने से भाषायी अशुद्धता थी।[30] वैदिक भाषा में तीन लिंग होते थे : पुल्लिंग, स्त्रीलिंग ,नपुंसकलिंग। वचन तीन और कारक विभक्तियाँ आठ थी। विशेषण के रूप संज्ञा की तरह ही चलते थे। मूल भारोपीय में सर्वनाम के मूल या प्रातिपादिक बहुत अधिक थे। वैदिक भाषा में धातुओं के रूप आत्मने (अपने लिए) तथा परस्मै (दूसरों के लिए) दो पदों में और कुछ उभयपदी थे। क्रिया रूप तीनों वचनों एवं तीनों पुरुषों में होते थे। भविष्य के रूप कम थे। उनके स्थान पर प्रायः सम्भावनार्थ या निश्चयार्थ का प्रयोग मिलता है। कर्मधारय, तत्पुरुष, बहुव्रीहि एवं द्वन्द्व, ये चार समास ही मिलते है। ऋग्वेद में पश्चिमोत्तरी बोली का ही प्रतिनिधित्व था। इस भाषा पर स्थानीय प्रभाव कम होने से इसे 'आदर्श' भाषा और 'उदीच्य' भाषा भी कहकर पुकारा जाता था। शब्दों की दृष्टि से वैदिक भाषा में प्रथम विशेषता यह कि तद्भव या मूल शब्द से विकसित शब्द प्रयुक्त होने लगे। वेद में 'इह' (यहाँ) इसी प्रकार का शब्द है। इसका मूल शब्द 'इध' है । पालि 'इधों' और अवेस्ता 'इद' इसी बात के प्रमाण हैं कि महाप्राण व्यंजन के स्थान पर 'ह' के विकास होने से 'इध' से 'इह' बना । शब्दों की दृष्टि में अनेक आर्यतर शब्दों का आगमन हुआ, जैसे- अणु, अरणि, कपि, काल, गण, नाना पुष्कर, अटवी, तंडुल, आदि शब्द द्रविड से तथा वार, कंबल, बाण, कौसल आदि शब्द आस्ट्रिक से वैदिक भाषा में आये।[31] वैदिक भाषा में 'लृ' 'ॠ' ऋ के उच्चारण स्वरवत् होते थे। संस्कृत में आकर ये कदाचित् 'लि', 'रि', 'री' ,जैसे उच्चरित होने लगी थी। 'ऐ' ,'औ' ,के उच्चारण वैदिक में 'आइ', 'आउ' थे । ये संयुक्त स्वर थे, किन्तु लौकिक संस्कृत में ये 'अइ' , 'अउ' हो गए ।'ए', 'ओ' के उच्चारण वैदिक में 'अइ' ,'अउ' था। वैदिक भाषा के संयुक्त स्वर संस्कृत भाषा में मूल स्वर हो गए। लेखन में 'ळ्' ,'ळ्ह' अक्षर समाप्त हो गए और इनके स्थान पर ड, ढ प्रयुक्त होने लगे।[1] वैदिक भाषा में लिट् 'वर्तमान' के अर्थ में किन्तु लौकिक में वह परोक्ष भूत के लिए आता था।[32]

द्वितीय मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं में पालि 500 ई0पू0 से 1 ई0तक, प्राकृत 1 ई0 से 500 ई0 तक एवं अपभ्रंश तथा अवहट्ठ की कालावधि 500 ई0 से 1000 ई0 तक है। पालि भाषा (विशेषतः दक्षिणी बौद्ध) भाषा का प्राचीनतम प्रयोग चौथी सदी में लंका में लिखित ग्रन्थ 'दीपबंस' (बुद्धवचन) में हुआ है। पालि वैदिक भाषा के प्रसिद्ध वैयाकरण कच्चायन के अनुसार पालि में 41 ध्वनियॉ थी। इसके स्वरों में ह्रस्व ऍ, आँ दो नए स्वर विकसित हुए ।'लृ' 'ॠ' और 'ऋ' पूर्णतः समाप्त हो गए थे। ए, औ स्वर नहीं रहे। वैदिक की ही तरह पालि के व्यंजनों में भी 'ळ्' ,'ळ्ह' ध्वनियॉ थीं। वैदिक और संस्कृत में श्, ष् ,स् तीन व्यंजन के स्थान पर पालि में केवल 'स्' का ही प्रयोग होता था।[33] प्राकृत भाषा

ध्वनि की दृष्टि से ये भाषाएँ पालि के पर्याप्त निकट हैं। इनमें पालि की ही तरह ह्रस्व 'ए' ,'ओ' और 'ळ्' ,'ळ्ह' का प्रयोग होता था। ऐ, औ, ऋ और ऌ का प्रयोग नहीं हुआ । 'ऋ' का प्रयोग लिखने में तो हुआ, किन्तु भाषा में यह ध्वनि नहीं थी। उष्म वर्ग में केवल 'स्' का प्रयोग होता था। प्राकृतों में 'न' का प्रयोग 'ण' के रूप में हुआ था। द्विवचन के रूपों का प्रयोग (संज्ञा, क्रिया,) प्राकृत भाषा में नहीं मिलता। 'नीय' प्राकृत अपवाद है, जिसमें कुछ द्विवचन के रूप हैं। संयोगात्मक भाषा की विशेषता वैदिक और संस्कृत के साथ-साथ पालि में भी सुरक्षित रही लेकिन समय के साथ यह तेजी से वियोगात्मकता की ओर बढ़ रही थी। छठी सदी से अपभ्रंश का प्रयोग होने लगा था । अपभ्रंश का अर्थ है 'गिरा हुआ' या 'बिगडा हुआ'। कुछ विद्वानों के अनुसार यह प्राकृत और आधुनिक भाषाओं के बीच की कड़ी है। ध्वनियों में 'ऋ' का लिखने में प्रयोग था, किन्तु उच्चारण 'रि' में होता था। 'ऌ' का प्रयोग मागधी, गुजरात, राजस्थान, बॉगडू, पहाड़ी में बोली जाने वाली शौरसेनी में था। 'ळ्ह' का भी कहीं- कहीं में प्रयोग था। संगीतात्मक स्वराघात समाप्त और बलात्मक स्वराघात विकसित हो चुका था। यह उकार-बहुला भाषा थी। ध्वनि-परिवर्तन की दृष्टि से जो प्रवृत्तियॉ पालि में शुरू होकर प्राकृत में पली-बढ़ीं उन्हीं का यहाँ और विकास हुआ। य का ज, म का वँ, व का ब, ष्ण का न्ह, क्ष का क्ख या च्छ आदि। भाषा बहुत हद तक वियोगात्मक हो गई थी । नपुंसकलिंग समाप्त होने से रूपों की संख्या कम हो गई थी ।[34] अपभ्रंश के परवर्ती रूप को अवहट्ठ कहा गया। यह अपभ्रंश और आधुनिक भाषाओं के बीच की कड़ी है। 11 सदी से 14 वीं सदी के अपभ्रंश के कवियों ने अपनी भाषा को अवहट्ठ कहा है। अवहट्ठ का स्पष्ट रूप से प्रयोग विद्यापति के ग्रन्थ 'कीर्तिलता' में मिलता है--''देसिल बयना सब जन मिट्ठा, तँ तैसन जम्पजो अवहट्ठा''। यहाँ 'देसिल बयना' (देशी वचन) और अवहट्ठ को एक ही माना है। विद्यापति के समय में प्रचलित यह साहित्यिक भाषा थी ,जिसे जन साधारण आसानी से समझ सके।

आधुनिक काल की भाषाओं में हिन्दी सब भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन के रूप में स्वीकार की गयी है। अपभ्रंश भाषाओं से विकसित आर्य भाषाएं बोलचाल और परवर्ती शताब्दी में साहित्य का माध्यम बनी, इनकी ध्वनियॉ मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं से पृथक नहीं, तथापि उनमें न्यूनाधिक परिवर्तन दिखाई पड़ता है (जैसे 'झ' को हिन्दी में 'रि' और मराठी में 'रू' की तरह उच्चारित होने लगा तथा 'ष', 'श' की भॉति बोला जाने लगा। द्वित्व वाले शब्दों का प्रथम वर्ण प्राय: दीर्घ हो गया। व्याकरण की दृष्टि से संस्कृत में कारकों के जो 24 रूप प्रचलित थे, वे प्राकृत में 12 और अपभ्रंश में 6 रह गए हैं ।[36] हिन्द का अर्थ 'भारत' और 'हिन्दी' का अर्थ 'भारतीय' के रूप में प्रयोग प्रारम्भ में किया जाता था, जो बाद में भाषा के लिए रूढ़ होता चला गया। संस्कृत से फारसी में अनूदित 'पंचतंत्र' की भूमिका में ईरान के बादशाह नौशेरवॉ के मन्त्री बुजर्च मिहर ने लिखा है कि यह अनुवाद जबान-ए- हिन्दी से किया

गया है। यहाँ पर जबाने-ए-हिन्दी का अर्थ भारतीय भाषा संस्कृत से है।[37] पूर्वी और पश्चिमी हिन्दी का सबसे महत्वपूर्ण अन्तर वाक्य रचना से सम्बन्धित है। डॉ सुनीति कुमार चटर्जी के अनुसार पश्चिमी हिन्दी कर्म-प्रयोग प्रधान भाषाओं के साथ और पूर्वी हिन्दी की बोलियॉ कर्तृ प्रयोग प्रधान भाषाओं के साथ। कुल मिलाकर पूर्वी और पश्चिमी हिन्दी में जो अन्तर है ,वह उनकी भौगोलिक और ऐतिहासिक कारणों से भी है। वर्तनी की समस्याएँ किसी ना किसी रूप में होती हैं। प्रमाण रूप में संस्कृत जैसी सुव्यवस्थित तथा पाणिनि द्वारा मानकीकृत भाषा में भी सभी शब्दों की एक वर्तनी नहीं है। उदाहरणार्थ- कैलास-कैलाश, उषा-ऊषा, कर्म-कर्म्म, आदि शब्दों की वर्तनी ठीक मानी जाती है। भाषा के मानक रूप की दृष्टि से आवश्यक है कि अधिकांश शब्दों की वर्तनी सुनिश्चित हो । हिन्दी में य, व, का वैकल्पिक प्रयोग लोग अनेक प्रकार से करते हैं, जैसे-जायेगा, जावेगा, जाएगा और पायेगा, पावेगा, पाएगा आदि। प्रश्न यह है कि इनमें से कौन-सा रूप सही है।[44] हिन्दी, उर्दू, पंजाबी आदि कुछ भाषाओं में आदर के लिए बहुवचन का प्रयोग होता है। ऐसी स्थिति में ये भाषाएँ स्रोत-भाषा हो या लक्ष्य भाषा, अनुवादक को वचन परिवर्तन का ध्यान रखना चाहिए। लिंग परिवर्तन भी सभी भाषाओं में समान नहीं होता। संस्कृत में 'पुष्प' नपुंसक लिंग है तो हिन्दी में पुल्लिंग। 'व्यक्ति' संस्कृत' में स्त्रीलिंग और हिन्दी में 'पुल्लिंग'। ऐसे ही 'देवता' हिन्दी में पुल्लिंग है तो संस्कृत में स्त्रीलिंग। 'जहाज और चॉद' हिन्दी में पुल्लिंग तथा अंग्रेजी में स्त्रीलिंग।[46] कुछ लोग 'दुख' में विसर्ग का प्रयोग करते हैं और कुछ नहीं। ऐसे ही कुछ छः तथा छह लिखते हैं। इसका प्रयोग करने की दृष्टि से विभिन्न विद्वानों में मतभेद हैं । संस्कृत परम्परा में हल चिह्न केवल आवश्कतानुसार प्रयोग किया जाता है। हिन्दी में आप, हम, तुम आदि हजारों अकारान्त शब्दों का उच्चारण हलन्त में होता है लेकिन लिखा नहीं जाता। कुछ लोग विदेशी शब्दों जैसे- सन् ,एम्॰ ,ए॰ ,एम् काम्॰ में भी हल लगाते है, मुख्यतः पूर्वी हिन्दी के लोग।[47]

उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में मुशी सदासुख लाल 'नियाज' ने खड़ीबोली में एक धार्मिक ग्रन्थ 'सुखसागर' की रचना की , जिसमे संस्कृत शब्दावली का प्रयोग कर भाषा को विषयानुकूल रूप प्रदान किया गया है। इन्हीं दिनों लिखी गई सय्यद इंशा अल्लाह खॉ की 'रानी केतकी की कहानी' भी इसी प्रकार का एक अद्‌भुत प्रयोग है। इसी समय कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज स्थापित हुआ था, जिसमें हिन्दोस्तानी विभाग भी खुला। इस विभाग के प्रभारी डॉ गिलक्राइस्ट की प्रेरणा से लल्लूलाल ने 'प्रेमसागर' और सदलमिश्र ने 'नासिकेतोपाख्यान' आदि पुस्तकें लिखी, जिनमें उन सभी स्थलो पर भारतीय आर्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग किया गया, प्रेस और समाचार के विकास के साथ-साथ खड़ीबोली का रूप निखरने लगा । इसके प्रचार-प्रसार में ईसाई धर्म प्रचारकों का भी महत्वपूर्ण हाथ रहा। खड़ी बोली में साहित्य करने वालों में अमीर खुसरों और मसऊद का नाम उल्लेखनीय हैं। अनुवादक को कभी-कभी 'अनुवाद' के स्थान पर 'भावानुवाद' का भी सहारा लेना पड़ता है । उदाहरण के लिए

votes freely cast के लिए 'स्वतंत्रता से दिए गए मत' की तुलना में 'बिना किसी दबाव के दिए गए मत' अधिक उपयुक्त होगा। एक वाक्य। At wrost he might not return your money को हिन्दी में कहेगें 'ज्यादा से ज्यादा यह होगा कि वह तुम्हारे रूपये नहीं देगा' अर्थात् । At wrost के लिए ''ज्यादा से ज्यादा यह होगा' का प्रयोग करना पडेगा जो व्याख्या भी है और भावानुवाद भी ।[48] अनुवाद के साथ-साथ मौलिक लेखन को भी महत्व मिले । सरल शब्दों का प्रयोग करते हुए भाव सहज हो क्लिष्ट नहीं । अनुवाद करते समय हिन्दी की मूल प्रकृति को सुरक्षित रखा जाए, जैसे- अंग्रेजी के ''chief'' के लिए कहीं अध्यक्ष, कहीं प्रधान, कहीं मुख्य और प्रमुख आदि में केवल एक उचित शब्द प्रयोग किया जाये ।[52] इसके अलावा शब्दावली भाषा की संरचनात्मक व्याकरणिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है यदि इस क्षेत्र का समीक्षात्मक मूल्यांकन किया जाय तो हिन्दी शब्दावली की एकरूपता जहाँ अखिल भारतीय प्रशासन अधिकारियों को कार्य करने में सुविधा दे पाएगी वहीं हिन्दी भाषी राज्यों तथा केंद्र में भी राजभाषा के साथ-साथ राष्ट्भाषा का स्थान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। भाषा एक व्यवस्था, मानसिक सत्ता, सामाजिक है । व्यक्ति, समाज, घटना और परिस्थिति भाषा के विकास में सहायक है। भाषा शरीर है और वर्ण उसकी आत्मा। इसका आधार व्याकरण है। व्याकरण को समझे बिना भाषा सीखी नहीं जा सकती। हिन्दी विस्तृत भू-मण्डल पर बोली जाने के कारण यह एकता और अखण्डता को प्रकट करती है लेकिन हिन्दी भाषा का व्याकरण गंभीर एवं सूक्ष्म है जिससे हिंदीतर इसे सहजता से स्वीकार करने में जी चुराते हैं, इसीलिए आज इसे सरल एवं सुरुचिकर बनाने की आवश्यकता है। तभी हिंदी साहित्यिक व सांस्कृतिक दायित्व को निभाने में सफल होगी।

सन्दर्भ-

1. भाषा रहस्य- डॉ श्यामसुन्दर दास पृ0 50
2. भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा- राम छबीला त्रिपाठी पृ0 3
3. राजपाल हिन्दी शब्दकोश - डॉ हरदेव बाहरी पृ0 618
4. ऑक्सफोर्ड अंग्रेजी-अंग्रेजी हिन्दी शब्दकोश -डॉ सुरेश कुमार + डॉ रामनाथ साही पृ0 681
5. तक्षशिला आधुनिक हिन्दी शब्दकोश-गोविन्द चातक पृ0 326
6. मानक हिन्दी कोश-डॉ रामचंद्र वर्मा पृ0 219
7. आदर्श हिन्दी संस्कृत कोश-डॉ रामसरूप 'रसिकेश' पृ0 439
8. भाषा रहस्य - डॉ श्यामसुन्दरदास पृ0 47
9. आधुनिक भाषा विज्ञान- डॉ मोतीलाल गुप्त पृ0 1

10. भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा- राम छबीला त्रिपाठी पृ0149
11. भाषा साहित्य और संस्कृति- विमलेश कान्ति वर्मा+मालती पृ0 90
12. हिन्दी भाषा इतिहास और संरचना- डॉ हरिश्चंद्र पाठक पृ0 18
13. भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा- राम छबीला त्रिपाठी पृ0150
14. हिन्दी भाषा इतिहास और संरचना- डॉ हरिश्चंद्र पाठक पृ0 23
15. भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा- राम छबीला त्रिपाठी पृ0151, 155
16. हिन्दी भाषा इतिहास और संरचना- डॉ हरिश्चंद्र पाठक पृ0 24
17. भाषा रहस्य - डॉ श्यामसुन्दरदास पृ0 13, 20, 22, 23 24
18. भाषा विज्ञान के सिद्धान्त- डॉ त्रिलोचन पाण्डेय पृ0 21,159
19. भाषा साहित्य और संस्कृति- विमलेश कान्ति वर्मा+मालती पृ015, 93
20. हिन्दी भाषा - डॉ भोलानाथ तिवारी पृ0 8,10,11,12,13,18
21. उपकार यू जी सी हिन्दी- डॉ जगदीश शरण पृ03
22. हिन्दी भाषा इतिहास और संरचना - डॉ हरिश्चंद्र पाठक पृ0 26,35,75,76
23. हिन्दी शब्दानुशासन- पं0 किशोरीदास वाजपेयी पृ॰75
24. हिन्दी भाषा इतिहास और संरचना - डॉ हरिश्चंद्र पाठक द्धपृ0 86,87ऋ
25. हिन्दी भाषा-डा॰ भोलानाथ तिवारी पृ॰279
26. अनुवाद की व्यावहारिक समस्याएँ--डॉ॰भोलानाथ तिवारी+ओमप्रकाश गाबा पृ॰29,30
27. हिन्दी भाषा-डा॰ भोलानाथ तिवारी पृ॰280
28. हिन्दी भाषा इतिहास और संरचना--डॉ॰ हरिश्चंद्र पाठक पृ॰214
29. हिन्दी भाषा में वर्तनी एवं उच्चारण सम्बन्धी त्रुटियां एवं उपचार-डॉ भँवरलाल नॉगदा पृ॰16
30. हिन्दी भाषा का आधुनिकीकरण-डॉ कैलाशचन्द्र भाटिया पृ॰ 46,151
31. विश्व पटल पर हिन्दी-सूर्यप्रसाद दीक्षित पृ॰7,16

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

शिक्षण अभिवृत्ति भारतीय एवं पाश्चात्त्य मतानुसार

प्रो० भास्कर मिश्र
शोध निर्देशक
वरिष्ठ आचार्य (शिक्षाशास्त्र विभाग)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ
नई दिल्ली 110016

मनोज प्रसाद नौटियाल
शोध छात्र (शिक्षाशास्त्र)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ
नई दिल्ली 110016

अभिवृत्ति प्रकृति के प्रति व्यक्ति के मनोभावों एवं विश्वासों को इंगित करती है। अभिवृत्ति से अभिप्राय व्यक्ति के उस दृष्टिकोण से है, जिसके कारण वह वस्तुओं, व्यक्तियों, संस्थानों, परिस्थितियों, योजनाओं आदि के प्रति विशेष प्रकार का व्यवहार करता है। यह घटनाओं के प्रत्यक्षीकरण एवं संवेदीकरण की प्रक्रिया है। व्यक्ति में अभिवृत्तियों का निर्माण के उसके द्वारा विगत में विभिन्न परिस्थितियों में अर्जित किये गये अनुभवों के द्वारा होता है। इसमें व्यक्ति के व्यवहार के प्रत्यक्षात्मक, संवेगात्मक, प्रेरणात्मक तथा क्रियात्मक पक्ष निहित होते हैं। अभिवृत्ति मानव क्षमता का एक विशिष्ट अंश है। अभिवृत्ति से तात्पर्य किसी विशिष्ट क्षेत्र में कौशल या ज्ञान प्राप्त करने की जन्मजात या जन्मोपरान्त अर्जित योग्यता है। मानव जीवन में भौतिक व आध्यात्मिक लक्ष्य को कुशलता पूर्वक प्राप्त करने हेतु क्षेत्र, व्यवसाय, या पथ में प्रवीणता, निपुणता प्राप्त करने की शक्ति को अभिवृत्ति कहा जाता है। जब हम किसी की जिज्ञासा और धारणा की प्रवृत्ति की बात करते हैं। तो वह अभिवृत्ति की प्रकृति की पहचान कराती है।

भारतीय ग्रन्थों के अनुसार अभिवृत्ति की प्रकृति व्यक्ति के देह में निहित अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, आनन्दमय पंच कोष के संयोग से निर्मित होती है। अन्नमय कोष भौतिक जीवन की सम्प्राप्ति की प्रारम्भिक अभिवृत्ति का लक्षण है- यथा- **''जैसा अन्न वैसा मन''।** मन से अभिवृत्ति का जन्म होता है। प्राणमय कोष का सम्बन्ध हमारे शरीर में श्वांस-प्रश्वांस की गति से है, जब शरीर में श्वांस की गति अविरल होगी तो रक्त संचार, अस्थि निर्माण, स्वस्थ स्नायुमण्डल तथा इन्द्रियों का उर्ध्व मुखी होकर प्रवृत्त होना सुनिश्चित होता है। उक्त प्रक्रिया के द्वारा स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है, जैसा अरस्तु ने कहा **''स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है''।** मस्तिष्क से हमारे विचार, रुचि व अभिवृत्ति का प्रादुर्भाव होता है। प्राणमय कोष के पश्चात मनोमय कोष अभिवृत्ति निर्माण की प्रक्रिया को अग्रसारित करता है, जिसका सम्बन्ध आत्मा से है। मनोमय कोष में मानसिक विकास, प्रत्यय निर्माण, तथ्यों का संचयन, भाषा सम्बन्धी योग्यताओं का विकास, परिवेश का ज्ञान आदि निर्माणात्मक प्रकार्य पूर्ण होते हैं, यथा- **मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः** अर्थात् मन

की अभिवृत्ति के द्वारा ही मनुष्य के बन्धन और मोक्ष का निर्धारण होता है। इसलिए मनुष्य की अभिवृत्ति का जन्म उसकी आत्मिक वृत्ति से होता है। मनोमय कोष के परिपक्व होने के उपरान्त विज्ञानमय कोष व्यक्ति की अभिवृत्ति निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। इस कोष का प्रत्यक्ष सम्बन्ध प्रज्ञा के विकास से है। प्रज्ञा के विकसित होने पर ही मनुष्य अपनी अभिवृत्ति के आधार पर 'श्रेयस' व 'प्रेयस', सत्य व असत्य, परिष्कृत तथा विवेक युक्त निर्णय लेने में सक्षम होता है। विज्ञानमय कोष मनुष्य को परा व अपरा विद्या के भेद को पूर्णरूपेण परिचित करा देता है। आनन्दमय कोष तक पहुँचने के लिए विज्ञानमय कोष अन्तिम व महत्वपूर्ण सोपान है। मनुष्य जब आनन्दमय कोष की परिपक्व स्थिति को प्राप्त कर लेता है तो उसे विशिष्ट आध्यात्मिक अभिवृत्ति की प्राप्ति होती है। यह सम्पूर्णता की स्थिति है, जिसमें मानव प्राणी मात्र के प्रति संवेदनशील होकर, भौतिक हानि-लाभ को त्यागकर, सृष्टि के प्रति अभ्युदयात्मक अभिवृत्ति को धारण कर लेता है।

मनुष्य जब अपनी अभिवृत्यात्मक पूर्णता को प्राप्त कर लेता है तो उसके मनोभाव एवं विश्वास पूर्ण सुदृढ़ हो जाते हैं। यह अभिवृत्ति का सर्वोच्च स्तर है, जिससे समभाव, वसुधैव कुटुम्बकम और आधुनिक वैश्वीकरण के प्रत्ययों का विकास होता है।

शिक्षण अभिवृत्ति (Teacing Attitude)

शिक्षण अभिवृत्ति मानव मन की वह दशा है जो मनुष्य को अध्यापन के प्रति उन्मुख या विमुख करती है। शिक्षण अभिवृत्ति दो प्रकार की होती है प्रथम धनात्मक एवं द्वितीय ऋणात्मक, धनात्मक शिक्षण अभिवृत्ति शिक्षण में सहायक होती है एवं ऋणात्मक शिक्षण अभिवृत्ति शिक्षण में बाधक होती है। शिक्षण अभिवृत्ति शिक्षण व्यवसाय में सफलता हेतु एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। शिक्षण में धनात्मक अभिवृत्ति कक्षागत व्यवहार को सकारत्मक बनाती है। शिक्षक का कक्षागत् व्यवहार छात्रों के अधिगम को अत्यधिक प्रभावित करता है। शिक्षक की शिक्षण व्यवसाय के प्रति ध नात्मक अभिवृत्ति छात्रों को अधिगम के सुअवसर प्रदान करने में सहायक होती हैं, जिसके द्वारा छात्रों का उपलब्धि स्तर समुचित रूप से प्रगति करता है। महाकवि कालिदास द्वारा रचित- मालविकाग्निमित्रम् में वर्णित यथा-

शिष्टाक्रिया कस्यचिदात्मसंस्था,
संक्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता।
यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां,
धुरि प्रतिष्ठापयितव्य एव।।

अर्थात् शिक्षण की दो विशेषताएँ होती है, एक शिक्षक अपने अन्दर व्यापक ज्ञान समाये रखता है दूसरा वह न्यून ज्ञान को भी व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से श्रोताओं के मनोमस्तिष्क पर उचित ढंग से अंकित करता है। सकारात्मक अभिवृत्ति युक्त शिक्षक इन दोनों गुणों को समाये रखता है। वह शिक्षकों का शिरोमणी होता है। आचार्य चाणक्य के अनुसार उत्तम अभिवृत्ति वाला शिक्षक

''वस्त्रेण वपुषा वाचा, विद्यया विनयेन च।
वकारैः पंचभिर्युक्तो गुरुराख्याति गौरवम्।।''

अर्थात् उचित वेशभूषा वाला, उत्तम शारीरिक रचना वाला, सुमधुर वाणी वाला, अपने विषय में विशेषज्ञ व विषय के प्रति उचित अभिवृत्ति वाला, विनम्रस्वभावी, ये पाँच वकारों से युक्त व्यक्ति ही उत्तम शिक्षक होता है।

न्यूयार्क के शिक्षा विभाग द्वारा उत्तम अभिवृत्ति युक्त शिक्षक के गुण यथा-

TRAITS of A Good Teacher

T- Thoughtfulness	-	विवेक/चिन्तनशील
R- Reliability	-	विश्वसनीयता
A- Ability in Leadership	-	नेतृत्व की क्षमता
I- Integrity	-	सत्यनिष्ठ/निष्कपट
T- Tact	-	चातुर्य/दक्ष
S- Sense of Humour	-	विनोदप्रियता
O – Objectivity	-	वस्तुनिष्ठता
F- Fluency	-	वाकपटुता
A- Ability to do creditable College Work	-	विद्यालय कार्य को उत्तम ढंग से करने की क्षमता
G- Gregariousness	-	सामूहिता
O- Open Mindness	-	नव विचार ग्राह्यता
O- Originality	-	मौलिकता
D-Descermment	-	दूरदर्शिता
T-Tidiness	-	स्वच्छता

E- Enthusiansm	–	उत्साह
A-Adaptability	–	अनुकूलशीलता
C- Co-Operativeness	–	सहकारिता/सहयोग
H- Health	–	स्वास्थ्य
E-Efficiency	–	कुशलता
R- Resourcefulness	–	साधन सम्पन्नता

शिक्षक ज्ञान का भण्डार ही नहीं होता, बल्कि वह राष्ट्र निर्माता एवं संस्कृति का पोषक भी होता है, इसलिए आवश्यक है, कि उसमे शिक्षण की अभिवृत्ति उच्चता के स्तर तक होनी चाहिए क्योंकि शिक्षण अभिवृत्ति ही है जो शिक्षक को जीवन में आदर्शमय पात्र बनने में सहायक होती है।

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

स्मृति कालीन आश्रम व्यवस्था

डॉ0 अखिलेश कुमार
विभागाध्यक्ष
प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्त्व
विभाग, नगर निगम डिग्री कॉलेज,
लखनऊ

प्राचीन भारतीय सामाजिक एवं धार्मिक जीवन में आश्रम व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण स्थान था। भारतीय मनीषियों ने मानवजीवन, का परम् उद्देश्य पुरूषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति को स्वीकार किया है। धर्म, अर्थ, काम मोक्ष, संज्ञक चतुर्विध पुरूषार्थों की प्राप्ति के लिए शक्तायु के परिणाम के अनुसार मानव जीवन को चार भागों में विभाजित किया गया है। आश्रम शब्द श्रम धातु के ध†ा प्रत्यय पूर्वक निष्पत्त हुआ है। जिसके दो प्रमुख अर्थ लगाए गए हैं:– (1) वह स्थान जहाँ तपस्या करते है। (2) मानव जीवन की चार अवस्थाएं।

इस दृष्टि से मानव जीवन की अवस्थाओं को ब्रह्मचर्य आश्रम, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ आश्रम, संन्यास आश्रम के नाम से जाना जाता है। मनुष्य के कार्यो का समाजशास्त्रीय एवं मनोवैज्ञानिक विधि से अध्ययन कर जीवन के मूलभूत कर्तव्यों को इन्हीं चार आश्रमों में विभाजित कर दिया गया। प्रारम्भिक अवस्था में आश्रमों की संख्या कितनी थी, यह निश्चित रूप से बताना कठिन है। पी0वी0 काडे तथा एम0सी0 मोदी जैसे विद्वानों ने प्रारम्भ में केवल तीन आश्रम को बताए है।[1] इनके अनुसार वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम में कोई भेद नहीं था। यह एक ही थे पश्चात् में जावालोपनिषद् में चार आश्रमों की सूची एवं क्रम हमें प्राप्त होती है। इसमें ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास की सूचना हमें प्राप्त होती है।[2] किन्तु यहाँ पर यह भी बताना आवश्यक है कि यह उपनिषद वेदोत्तरकालीन हैं।

वस्तुतः आश्रम व्यवस्था सूत्रकाल में पुष्पित और पल्लवित हुई तथा इनका पूर्ण विकास हमें स्मृति काल में मिलता है। परन्तु यहाँ पर एक समस्या यह भी है कि सभी धर्मशास्त्र न ही सभी आश्रमों को बताते है और न ही सूचना में एकरूपता जहाँ पर गौतम ने[3] ब्रह्मचारी, गृहस्थ, भिक्षु और वैखानस का उल्लेख करते हैं, वहीं पर बौधायन ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ और परिव्राजक को स्वीकार करते है।[4]

ब्रह्म शब्द का अर्थ है 'वेद' और चर्य का 'विचरण' या 'अनुसरण' करना है। इस प्रकार ब्रह्मचर्य का अभिप्राय वेदाध्ययन के मार्ग पर चलने से है। ब्रह्मचर्य मानव का सबसे पहला आश्रम था जिसका प्रारम्भ उपनयन से होता था।[5] उपनयन संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म माना जाता था और उसे द्विज कहा जाता था।[6] मनु ने भी उपनयन संस्कार को बालक का दूसरा जन्म कहा है। इस संस्कार के बिना मनुष्य शूद्र माना जाता था और उसे वेदाध्ययन तथा धार्मिक कार्यो का अधिकार नहीं था।[7]

सामान्यतया ब्राह्मण के लिए आठ वर्ष, क्षत्रिय के लिए ग्यारह वर्ष और वैश्य के लिए बारह वर्ष की अवस्था उपनयन संस्कार के लिए ठीक समझी जाती थी।[8] याज्ञवल्क्य ने भी इस मत का समर्थन किया। किन्तु उन्होंने यह भी कहा कि कुल की प्रथानुसार और सुविधानुसार उपनयन संस्कार किसी भी अवस्था में हो सकता है।[9] वस्तुतः इस सम्बन्ध में कोई नियम नहीं था। साथ ही मनु ने यह भी कहा कि यथासम्भव उपनयन (ब्राह्मण का 16, क्षत्रिय का 22 और वैश्य का 25 वर्ष तक) संस्कार न होने पर तीनों उच्चवण सावित्री से भ्रष्ट और शिष्टाचार से निन्दित हो जाते हैं। ऐसे लोगों को मनु ने व्रात्य कहा है।[10] उन्हें गायत्री मंत्र पढ़ने का अधिकार नहीं था। उपनयन के पश्चात् ब्रह्मचारी का संयमित जीवन व्यतीत करना पड़ता था। सूत्रग्रन्थों तथा स्मृतियों में ब्रह्मचारी की दिनचर्या और उसके लिए निर्धारित एवं वर्जित कार्यों के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। वौधायन ने ब्रह्मचारी को भिक्षा मांगने, सत्य बोलने, अभिमान का त्याग करने, गुरू से पहले उठने का निर्देश दिया।[11] गौतम के अनुसार उसे गुरू की पूर्ण अधीनता स्वीकार करते हुए उनकी सेवा करनी चाहिए।[12] कौटिल्य के अनुसार वेदाध्यन करना, अग्नि की पूजा करना, भिक्षा मांगना, गुरू की सेवा करना और गुरू की अनुपस्थित में गुरूपुत्र अथवा अपने ज्येष्ठ ब्रह्मचारी की सुश्रूषा करना ब्रह्मचारी के लिए निर्धारित कर्त्तव्य है।

मनु ने ब्रह्मचारी को निर्देश दिया कि उसे सूर्योदय से पहले उठना चाहिए। यदि किसी दिन वह सूर्योदय के पश्चात् उठे तो उसे उपवास रखना चाहिए और गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। याज्ञवल्क्य के अनुसार ब्रह्मचारी को गुरू तथा बड़ों का आदर एवं अभिवादन करना चाहिए और स्वाध्याय करना चाहिए।[14] ब्रह्मचारी को प्रातः और सायंकाल संध्या करना चाहिए। शरीर की शुद्धि के लिए स्नानादि करने के नियमों का पालन भी करना चाहिए। मनु ने आचार्य को ब्रह्मचारी का अध्यात्मिक गुरू कहा है। उनके अनुसार गुरू को सदैव बिना आलस्य के शिष्य को पढ़ाना चाहिए। ब्रह्मचारी बहुत सावधानपूर्वक आचार्य के प्रवचन को सुनता है, अल्प भोजन करता और गुरू से पहले उठता और बाद में सोता था। वह कभी भी गुरू की निन्दा नहीं सुनता था।

उपुर्यक्त विवरण से स्पष्ट है कि ब्रह्मचारी गुरू का बहुत सम्मान करता था। याज्ञवल्क्य ने स्पष्ट कहा है कि ब्रह्मचारी का स्वाध्याय के लिए आचार्य के वचनों को बहुत सतर्कता से सुनना और मन, वचन तथा शरीर से गुरू के हित का प्रयत्न करना चाहिए।[16] मनु ने भी इसका समर्थन किया।[17] इस प्रकार ब्रह्मचारी के तीन प्रमुख कर्तव्य थेः– वैदिक ग्रन्थों का अध्ययन, आचार्य की सेवा और, आचार्य व्रत का पालन। ब्रह्मचारी के दो प्रमुख वर्ग थे। उपकुर्वाण, नैष्ठिक।

रामायण में तीन प्रकार के स्नातक वर्णित हैः– विद्यास्नातक[18], व्रतस्नातक[19] तथा विद्याव्रतस्नातक[20]। विद्यास्नातक वह था जो अध्ययन समाप्त करने के तुरन्त बाद ब्रह्मचारी का जीवन छोड़ देता था और ब्रह्मचारी के लिए निर्देशित अन्य व्रतों आदि को पूरा नहीं करता था। व्रतस्नातक समस्त निर्धारित व्रतों को तो पूरा करता था लेकिन अध्ययन पूरा नहीं कर पाता

था। जबकि विद्याव्रतस्नातक अध्ययन तथा व्रतों इन दोनों को भलीभाँति पूर्ण करने के बाद ही ब्रह्मचर्य आश्रम छोड़ता था।[21] सामान्यतया विद्यार्थी निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करते थे। गुरू को अध्ययन के लिए शुल्क देना और अध्यापन के लिए शुल्क लेना दोनों निन्दनीय समझे जाते थे। आचार्य अध्यापन कार्य के लिए शुल्क लेना अनैतिक समझते थे। केवल शिक्षा समाप्त होने के पश्चात् ब्रह्मचारी अपनी सामर्थ्यानुसार गुरू–दक्षिणा देता था। इसका भी विद्यार्थियों पर अच्छा प्रभाव पड़ता होगा। समाज में इसका यह लाभ था कि प्रखर बुद्धि विद्यार्थी चाहे जितना निर्धन परिवार में उसका जन्म हुआ हो, शिक्षा प्राप्त कर सकता था परन्तु धनी तथा राजपरिवारों के विद्यार्थी शुल्क देते थे। प्रत्येक द्विज का यह पवित्र कर्त्तव्य था कि वह वेदाध्ययन करे और ब्रह्मचारी के लिए निर्धारित नियमों का पालन करें। जो द्विज वेदाध्ययन नहीं करता था उसे शूद्र समझा जाता था।[22]

ब्रह्मचर्य आश्रम में व्यक्ति का शारीरिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास होता था। इस आश्रम की कठिन दिनचर्या एवं प्रशिक्षण उसे आगे आने वाले आश्रमों के कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का पालन करने के लिए सक्षम बना देता था। समापवर्तन संस्कार हो जाने के उपरान्त ब्रह्मचारी विवाह के योग्य समझा जाता था। विवाह के साथ ही गृहस्थाश्रम का प्रारम्भ होता था।[23] इस आश्रम में पति पत्नी परस्पर सहयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यक्तिगत, सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक कर्त्तव्यों का निर्वाह करते थे। समस्त प्राणियों के प्रति दया, सत्य एवं अहिंसा, सहनशीलता, उदारता सामर्थ्यानुसार दान देना, अतिथि सत्कार एवं यज्ञ करना गृहस्थ के प्रमुख कर्त्तव्य थे।[24] कौटिल्य के अनुसार, स्वधर्म का पालन करते हुए अपनी जीविका चलाना, शास्त्रोक्त विधि से विवाह करना, अपनी पत्नी से ही सम्बन्ध रखना, देवों, पितरों, अतिथियों और भृत्यों को संतुष्ट करने के बाद अवशिष्ट भोजनादि को ग्रहण करना गृहस्थाश्रम के प्रमुख कर्त्तव्य बताये गये हैं।[25]

मनु के अनुसार धृति क्षमा, दया, अस्तेय शौच (पवित्रता) इंद्रिय निग्रह, ज्ञान, विद्या सत्य बोलना तथा क्रोध न करना ये दस गृहस्थ के धर्म है जिनका उसे पालन करना चाहिए।[26] याज्ञवल्क्य स्मृति में गुहस्थ के कर्त्तव्यों में प्रतिदिन स्नानकर्म प्रातः एवं सायंकाल होम मध्यकाल में स्नान कर देवताओं एवं पितरों का तर्पण अर्चन तथा यज्ञ की सिद्धि के लिए वेद, पुराण, इतिहास एवं अध्यात्म का अध्ययन भी शामिल किये गये हैं।[27] याज्ञवल्क्य के अनुसार अहिंसा, सत्य, अस्तेय पवित्रता, इंद्रियसंयम, दान दया और धैर्य सामान्य धर्म है और प्रत्येक गृहस्थ को उनका पालन करने की सूचना प्राप्त होती है।[28] गृहस्थ को अपने आचार विचार से बहुत उदार, संयमी सभी के साथ समान व्यवहार करने वाला लालच न करने वाला, अत्यधिक भोजन न करने वाला, तथा सत्यवचन बोलने वाला एवं क्रोध न करने वाला बताया गया है। इसे हमेशा समान व्यवहार करने वाला बताया गया है।[29] कामंदक गृहस्थाश्रमिकों के लिए जीविकोपार्जन करना, देवताओं, पितरों और अतिथियों की पूजा करना असहाय लोगों की सहायता करना श्रुतियों और स्मृतियों के अनुसार आचरण करना उचित बताया है।[30] व्यक्ति के जीवन को शुद्ध, पवित्र तथा सुसंस्कृत बनाने के उद्देश्य से किये जाने वाले अधिकांश संस्कार

गृहस्थाश्रम में ही सम्पन्न किए जाते थे। इसी आश्रम में मनुष्य तीन ऋणों ऋषिऋण तथा पित्रऋण से मुक्ति प्राप्त करता था।[31] प्राचीन भारतीय मनीषियों का विश्वास था कि जन्म लेने वाले इन तीनों ऋणों से युक्त होते हैं।[32] मनु इसे ऋषिऋण, देवऋण और पितृऋण बताया है।[33]

महाभारत में इन ऋणों का विस्तृत विवरण प्राप्त है जो संक्षेप में इस प्रकार है– पितृगणों के लिए विधि पूर्वक किये गये यज्ञ द्वारा पितरों के ऋण से, देवयज्ञ द्वारा देवताओं के ऋण से और स्वाध्याय द्वारा ऋषियों के ऋण से मुक्त होकर व्यक्ति परः सिद्धि को प्राप्त करता है। मनु ने भी कहा कि जो व्यक्ति उपर्युक्त तीनों ऋणों से मुक्त हुए बिना मोक्ष की इच्छा करता है वह नर्क का अधिकारी होता है।[34] इसी प्रकार त्रिवर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ और काम की प्राप्ति भी गृहस्थाश्रम में ही सम्भव थी। क्योंकि आश्रम धर्म के अनुसार अर्थ और काम पुरूषार्थ को केवल गृहस्थाश्रमी ही प्राप्त कर सकता था।[35] मनुष्य के लौकिक एवं पारलौकिक जीवन को सुखद एवं उन्नत बनाने के उद्देश्य से तथा पाँच पापों से मुक्ति के लिए पंचमहायज्ञों को सम्पन्न करने का प्रावधान भी गृहस्थाश्रम में ही किया गया था।[36]

इस यज्ञ के माध्यम से व्यक्ति प्राचीन विद्वान ऋषियों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता था।[37] इस यज्ञ में देवताओं का पूजन और उन्हें बलि दी जाती थी। अग्नि में आहुति देकर देवताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाती थी।[38] श्राद्ध एवं तर्पण आदि के द्वारा अपने–अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा[39] व्यक्त करना तथा सन्तान उत्पन्न करके वंश परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखना पितृयज्ञ था। इस यज्ञ के माध्यम से विघ्नकारी एवं अनिष्टकारी प्रेतात्माओं को संतुष्ट करने का प्रयास किया जाता था। इसमें समस्त प्राणियों को बलि प्रदान की जाती थी।[40] बलि भाग को अग्नि में न डालकर सभी दिशाओं में रख दिया जाता था जिससे कि सभी प्राणी उसको ग्रहण कर सकें।[41] किस दिशा में किस देवता को बलि दी जाए इसके विषय में भी मनु ने निर्देश दिये।

इसे नृयज्ञ अथवा अतिथि यज्ञ भी कहा जाता है। इसमें आगन्तुक अतिथियों की सेवा सत्कार किया जाता था। अतिथि सत्कार प्रत्येक गृहस्थ का पवित्र कर्तव्य था। उसे अतिथि इसीलिए कहा जाता है क्योंकि उसके आने और ठहरने की तिथि निश्चित नहीं होती है।[42] सामाजिक, धार्मिक और नैतिक दृष्टि से इस यज्ञ का बहुत महत्त्व था। अतिथि को समाज में बहुत अधिक महत्ता प्रदान की गयी और उसके लिए कहा गया था कि गृहस्थ का भोजन नहीं करता बल्कि पापों का भक्षण करता है।[43] अतिथि चाहे जिस जाति का हो सत्कार योग्य माना गया है।[44] कुछ धर्मशास्त्रकारों ने चाण्डाल अतिथि तक की सेवा करने का निर्देश दिया।[45] इसीलिए तैत्तिरीय संहिता में अतिथि को देवता के तुल्य कहा गया है।[46]

मनु का मत था कि यदि अतिथि समय पर आये या असमय में उसे भोजन अवश्य कराना चाहिए।[47] जो पदार्थ अतिथि को न खिलाया जाये उसे स्वयं भी न खाये। अतिथि पूजन से धन, यश और आयु की वृद्धि होती है तथा जन्मान्तर में स्वर्ग सुख प्राप्त होता है।[48] उन्होंने गृहस्थों को निर्देश दिया है कि आसन, विश्राम, स्थान, शया, अनुगमन और परिचर्या–ये

अतिथियों की योग्यता देखकर करे और छोटे–बड़े का ख्याल न रखकर उनके सम्मान की व्यवस्था करें।[49] पंचमहायज्ञों के प्राचीनतम् उल्लेख सम्भवतः शतपथ ब्राह्मण और तैत्तिरीय अरण्यक में है। धर्मसूत्रों तथा स्मृतियों में भी इनके विवरण है। मनुस्मृति से ज्ञात होता है कि गृहस्थ के लिए विहित कर्त्तव्यों में पंचमहायज्ञों को प्राथमिकता दी गयी थी।

इस प्रकार तीन ऋणों से मुक्ति पाने के लिए पंचमहायज्ञों का सम्पन्न करना मनुष्य के लिए कल्याण दायक था। गृहस्थाश्रम इन्हीं महत्वपूर्ण कर्त्तव्यों एवं दायित्वों के कारण यह सर्वश्रेष्ठ आश्रम माना गया। प्राचीन भारतीय इतिहास साक्ष्यों में गृहस्थाश्रम जिस प्रकार सभी नदियाँ समुद्र में संस्थित हो जाती हैं उसी प्रकार सभी आश्रम गृहस्थाश्रम[50] में। यह भी कहा गया है कि जिस प्रकार माता का आधार पाकर सभी प्राणी जीवित रहते हैं। उसी प्रकार गृहस्थाश्रम के आधार से अन्य आश्रम पोषित होते हैं। व्यास के अनुसार गृहस्थाश्रम का अनुसरण करने वाले को अपने घर में ही नैमिषारण्य तथा हरिद्वार जैसे तीर्थों की प्राप्ति हो जाती है जिससे उनके सभी पाप धुल जाते हैं।

केवल इसी आश्रम में देवताओं, पितरों तथा अतिथियों के लिए आयोजन और त्रिवर्ग की प्राप्ति का प्रावधान था। इसीलिए गृहस्थाश्रम सर्वश्रेष्ठ था।[51] वानप्रस्थ को बैखानस तथा आरण्यक व्रत भी कहा गया है।[52] तैत्तिरीय आरण्यक में बैखनास शब्द का अभिप्राय प्रजापति के नाखूनों से लिया गया है।[53]

इस आश्रम में धीरे–धीरे सांसारिक जीवन से सम्बन्ध तोड़ने का अभ्यास किया जाता था और व्यक्ति अपने के अंतिम आश्रम के लिए तैयार करता था। तपोमय वृत्ति और ज्ञान की खोज मोक्ष प्राप्ति के प्रमुख साधन थे जो वानप्रस्थाश्रम में ही सम्भव था। आरण्यक ग्रन्थों की रचना में इन्हीं तपस्वियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा होगा।[54]

वानप्रस्थाश्रम में प्रवेश करने की कोई निश्चित अवस्था नहीं थी। सामान्यता गृहस्थाश्रम के कर्त्तव्यों को भली–भाँति पूरा कर लेने के उपरान्त व्यक्ति वानप्रस्थाश्रम में प्रवेश करता था किन्तु ब्रह्मचर्य आश्रम के बाद सीधे वानप्रस्थी होना भी सम्भव था।[55] मनु के अनुसार जब शरीर में झुर्रियाँ पड़ जाए, बाल पक जाए, पुत्र भी पुत्र वाले हो जाये अथवा पचास वर्ष की अवस्था में गृहस्थ को जितेन्द्रिया होकर अपनी पत्नी को साथ लेकर अथवा उसे पुत्र के संरक्षण में छोड़कर वन को चला जाना चाहिए।[56] याज्ञवल्क्य ने भी मनु का समर्थन करते हुए कहा कि गृहस्थ को अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण करने के बाद अपनी पत्नी को पुत्रों के संरक्षण में छोड़कर अथवा उसे साथ लेकर अग्नि और उपासना सहित वन में जाकर ब्रह्मचर्य धारण करते हुए वानप्रस्थी बन जाना चाहिए।[57]

इस प्रकार सामान्यतया लोग गृहस्थाश्रम के पश्चात् ही सांसारिक जीवन का परित्याग कर वानप्रस्थाश्रम में प्रवेश करते थे। रामायण के विवरणानुसार राजा दशरथ ने वृद्धावस्था के आगमन पर अपने मंत्रियों आदि को बुलाकर कहा था कि अब मैं राज्य का उत्तरदायित्व राम को सौंपकर वन के लिए प्रस्थान करना चाहता हूँ।[58] महाभारत में भी भीष्म कहते हैं कि ब्रह्मचर्य तथा गृहस्थाश्रमों के कर्त्तव्यों को सम्पन्न करने के बाद इंन्द्रियों को संयम में रखते हुए

पत्नी के साथ या उसके बिना ही वन को जाना चाहिए।[59] पुराणों में भी सपत्नीक और उपत्नीक वानप्रस्थियों की सूचना मिलती है इस सम्बन्ध में मान्धाता[60] और[61] अगस्त्य के उदाहरण उल्लेखनीय हैं।

किन्तु इस सामान्य नियम के अपवाद भी मिलते हैं। व्यक्ति अकेला वन को प्रस्थान कर सकता था अथवा अपने पुत्र–पुत्रियों तथा पत्नी के साथ।[62]

धर्मसूत्रों तथा स्मृतियों में वानप्रस्थी की वेशभूषा, दिनचर्या एवं कर्त्तव्यों आदि पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। वानप्रस्थी का जीवन अत्यन्त संयम, नियम एवं त्यागपूर्वक होता था। धर्मसूत्रकारों के अनुसार वानप्रस्थी को केवल वन में उत्पन्न होने वाले अन्न, फल एवं पत्ते आदि खाने चाहिए। एक वर्ष से अधिक समय तक एकत्रित किया हुआ अन्न नहीं खाना चाहिए और नया अन्न मिलने पर पुराने संचित अन्न का परित्याग कर देना चाहिए।[63]

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में वानप्रस्थी के लिए कर्म, आचरण एवं व्यवहार इस प्रकार बताया है– ब्रह्मचर्यपूर्वक संयम–नियम से रहना, भूमि पर शयन करना, जटा धारण करना, मृगचर्म पहनना, अग्निहोत्र आदि यज्ञ करना एवं अतिथियों का आदर सत्कार करना और वन में उपलब्ध फल, कंदमूल आदि खाकर जीन–निर्वाह करना। परिव्राजक को स्वधर्म इंद्रियों पर पूर्ण संयम रखते हुए कोई भी व्यवसाय नहीं करना चाहिए, और न ही किसी प्रकार की सम्पत्ति रखनी चाहिए।[64]

मनु के अनुसार वानप्रस्थी के लिए अपत्नीक या सपत्नीक वन में जाना, इन्द्रियों को नियंत्रण में रखना वहाँ पूजा उपासना करना, पितरों देवताओं और अतिथियों के लिए तर्पण करना, दाढ़ी, बाल व नाखून न काटना, अहंकार रहित रहना, मृगचर्म और बल्कल को धारण करना, जटा रखना प्रातः काल और सायंकाल स्नान करना, स्वाध्याय करना, सब पर दया करना उचित है।[65] वानप्रस्थी को चाहिए कि वह ठंडा गर्म, सुख–दुःख, मान अपमान आदि को समान भाव से सहन करें। पंचमहायज्ञ सम्पन्न करे, वर्जित अतिथियों का स्वागत करें, काम, क्रोध और वासना का त्याग करे। याज्ञवाल्क्य ने भी मनु के समान ही वानप्रस्थी के आचरण के सम्बद्ध में निर्देश दिये है। उनके मतानुसार गृहस्थाश्रमी का अपत्नीक या सपत्नीक वन में जाना, इंद्रिय संयम, पूजा उपासना करना, पित्र गणों, देवगणों और अतिथियों के लिए तर्पण करना, दाढ़ी बाल या नाखूनयुक्त होना, अहंकार रहित होना, तीन बार स्नान करना, दान देने में रूचि रखना और समस्त प्राणियों के हित में लगे रहना आवश्यक है।[66] शरीर को कष्ट देने के विषय में याज्ञवल्क्य ने वानप्रस्थी को अल्पाहार लेने, फलादि के न मिलने पर भीक्षा मांगने और केवल आठ ग्रास ही खाने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् केवल वायु पर ही आश्रित रहने वाले वानप्रस्थी को शरीर नष्ट होने तक उत्तर की और महाप्रस्थान करना चाहिए। वानप्रस्थियों के दो प्रकार बतलाये गये हैं:–

पचमानक – अग्नि में भोजन पकाने वाले

अपचमानक – भोजन न पकाने वाले

इस प्रकार वानप्रस्थ आश्रम में रहकर वास्तविक रूप से संन्यास आश्रम के लिए अपने आप को तैयार करता था जिससे कि उसे संन्यास आश्रम में किसी भी तरह की कठिनाई का आभास ही न हो सके या यों कहें कि वह कठिनाइयों से अपने आपको समझे। यह आश्रम मनुष्य के जीवन का अंतिम भाग था। मनु ने कहा है कि अपने जीवन के तीसरे भाग को वन में बिताकर जीवन के चौथे एवं अन्तिम भाग में संगों का त्याग कर संन्यास आश्रम में धर्म का पालन करना चाहिए।[69] संन्यासी के लिए भिक्षु[70] न्यासी, यती[70] या परिव्राजक[72] आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है।

शास्त्रकारों के अनुसार लगभग 75 वर्ष की अवस्था में संन्यास आश्रम में प्रवेश करना चाहिए। बौधायन के अनुसार 70 वर्ष में संन्यास का अनुगमन करना चाहिए। वास्तव में इस सम्बन्ध में कोई निश्चित अवस्था नहीं थी और विभिन्न व्यक्ति की योग्यताओं और परिस्थितियों के अनुसार विभिन्न आश्रमों का प्रारम्भ और रोग से पीड़ित होने पर वानप्रस्थ के कर्त्तव्यों को करने में असमर्थ हो जाने पर जीवन के अन्तिम भाग में संन्यास आश्रम में प्रवेश करना चाहिए।[73] इस सम्बन्ध में मनु का कथन है कि मनुष्य तीन ऋणों (देवऋणों, पितृऋण और ऋषिऋण) से मुक्ति प्राप्त करने के पश्चात् ही अपने मन को मोक्ष की ओर लगाये अन्यथा वह नर्कगामी होगा।[74] याज्ञवल्क्य ने भी इसका समर्थन करते हुए कहा कि गृहस्थ अथवा वानप्रस्थाश्रम के उपरान्त वेदाध्ययन करके पुत्रवान होने पर यथाशक्ति अन्न देकर और शक्ति के अनुसार यज्ञ करके ही मोक्ष प्राप्ति की इच्छा करना चाहिए।[75]

प्राचीन धर्मसूत्रकारों ने संन्यासी की वेशभूषा के विषय में भी कुछ निर्देश दिये थे। गौतम के अनुसार संन्यासी को अपने केशों को कटवाकर रखना चाहिए।[76] बौधायन ने उसे केश, दाढ़ी, मूंछ शरीर के रोम तथा नाखूनों को कटवाकर संन्यास आश्रम में प्रवेश करने का निर्देश[77] वस्त्रों के सम्बन्ध में धर्मसूत्रकारों का मत है कि संन्यासी को केवल गुप्त अंगों के आच्छादन के लिए ही वस्त्रों को धारण करना चाहिए।[78] उसे दूसरों के द्वारा त्याग हुआ काषाय रंग का कौपीन वस्त्र ही धोकर पहनना चाहिए।[79] श्वेतवस्त्र पहनना उसके लिए वर्जित था।[80] परन्तु आपस्तम्ब के अनुसार संन्यासी को सभी वस्त्रों का परित्याग कर नग्न घूमना चाहिए।[81] यह नियम हमें महावीर के इस उपदेश का स्मरण दिलाता है जिसने अन्ततः दिगम्बर सम्प्रदाय को जन्म दिया। यह सांसारिक जीवन से पूर्ण विरक्ति की अवस्था थी। मोक्ष के लिए सतत् प्रयत्नशील रहना सन्याश्रम का मूल उद्देश्य था जिसके लिए अत्यधिक साधन और तपस्या अपेक्षित थी। संन्यासी का जीवन राग–द्वेष तथा मोह माया से रहित पूर्ण रूपेण एकाकी था। उसके लिए अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं, इन्द्रियों एवं आचरणादि पर नियंत्रण रखना अनिवार्य था, और धन और अन्य वस्तुएं संग्रह करने का निषेध था।[82] मनु के अनुसार वास्तविक अर्थ में संन्यासी वह है। जिसका कोई घर न हो, शरीर के रोगग्रस्त होन पर भी जो चिकित्सा न करे। जिसकी स्थिर बुद्धि हो, जो ब्रह्म का ध्यान करता हो और ब्रह्म में ही लीन रहता हो।[83] मनु ने संन्यासी के साथ त्रिदण्ड शब्द का प्रयोग किया है, त्रिदण्ड का तात्पर्य, मनोदण्ड और कायदण्ड से है। निःसन्देह इससे मनु ने इस बात की ओर संकेत किया है है

कि उसे मन, वाणी और शरीर से संन्यासी होना चाहिए।[84] याज्ञवल्क्य के मतानुसार संन्यासी को सभी जीवों के प्रति उदासीन होकर शान्त मन से तीन दण्ड और कमण्डल धारण करके सबसे अलग रहकर अहंकार एवं समस्त सांसारिक कार्यों का परित्याग कर लेना चाहिए।[85]

महाभारत के शांतिपर्व में संन्यासी के जीवन का विस्तृत विवरण प्राप्त है जो संक्षेप में इस प्रकार है। धन, पत्नी और संतान के प्रति सर्वथा अनासक्त रहते हुए वस्त्र शैय्या एवं आसन का परित्याग कर संन्यासी को भ्रमण करते रहना चाहिए। सोना और पत्थर, शत्रु और सभी को समान दृष्टि से देखना चाहिए। सूर्यास्त के समय वह जहाँ भी हो वहीं ठहर जाना चाहिए; और जो कुछ भी खाद्य पदार्थ प्राप्त हो जाये उसी से जीवन निर्वाह कर लेना चाहिए।[86] याज्ञवल्क्य स्मृति में भी इससे मिलते जुलते विचार व्यक्त किए गए है इसके विवरणानुसार संन्यासी को वाणी, नेत्र और इन्द्रियों की चंचलता को छोड़कर सायंकाल में जिस गाँव में लोभ रहित होकर केवल जीवन चलाने भी के लिए पर्याप्त भिक्षा ग्रहण करना चाहिए।[87] इस प्रकार संन्यासी सम्यक रूप से अपनी इन्द्रियों को वश में करके विषय वासनाओं से मुक्त होकर तथा राग–द्वैष का त्याग करके मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

संन्यासाश्रम का प्रचलन ब्राह्मणों में अपेक्षाकृत अधिक था, यद्यपि जैन तथा बौद्ध भिक्षु भी संन्यासी का जीवन व्यतीत करते थे। संस्कृत बौद्ध साहित्य से हमें ज्ञात होता है कि बौद्ध भिक्षुओं ने कायाक्लेश और कायासुख को त्यागकर मध्यम मार्ग का प्रतिपादन किया था।[88] जैन संन्यासी अवश्य कठोर जीवन व्यतीत करते थे।

इस प्रकार हम देखते हैं कि उपर्युक्त स्मृतिकालीन समाज में इस व्यवस्था का स्पष्ट उल्लेख आता है, और सामाजिक संरचना में इसका सफल योगदान रहा होगा। आधुनिक सामाजिक परिवेश में भी इसका कहीं न कहीं स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

सन्दर्भ

1. काणे, हिस्ट्री ऑफ धर्मशास्त्र, भाग–2, पृ0 420–21
2. जाबालोपनिषद्–4
3. गौतमधर्म सूत्र 3.2
4. बौ0ध0सू0 2.6.11.14
5. मनुस्मृति 2.173
6. ओमप्रकाश, प्राचीन भारत का सा0 एवं आ0 इतिहास, पृ0 38
7. व0ध0सू0 2.6
8. आ0ध0सू0 4.10.2–3, बौ0ध0सू0 1.2.8–10, मनु 216
9. याज्ञ 1.14
10. अत उर्ध्व त्रयोडप्येते यथाकालम संस्क्रता मनु 2.39

11. बौ0ध0सू0 1.2.3.13
12. गौ0ध0सू0 2.36–37
13. अथशास्त्र 1.3
14. मनुस्मृति 2.20
15. ओम प्रकाश पृ0 41
16. याज्ञ 1.26–27
17. मनु 2.191–201
18. रामा, अयोध्या, 86.4
19. वही, 82.1
20. वही, सुन्दर 21.17
21. वही, अयोध्या 1.20
22. मनु 2.68, विष्णु 2.26
23. ऋग्वेद 10.85.46, 10.85.26
24. आ0ध0सू0 2.6–14.17–18, 1.4.13.22
25. अर्थ 1.3
26. मनु 6.92
27. याज्ञ 97–101
28. याज्ञ 1.1.12
29. महाशान्ति 61:10–12
30. कामंदक 2.25–26
31. रामा, अयोध्या 4.17
32. मनु 3.81
33. अनधीत्यद्विजो वेदानुत्पाध
34. महाशान्ति 63.20.21
35. मनु 3.69
36. वही 3.81
37. वही
38. वही
39. वही

40. वही 388
41. मनु 3.8.81
42. वही 3–102
43. अथर्ववेद 9.635.26
44. मनु 3.99
45. बौ0ध0सू0 29.21
46. तैत्ति सं0 211.2.2
47. मनु 3.106
48. वही 3.106
49. वही 3.107
50. मनु 6.90
51. मनु 6.89
52. गौ0ध0सू0 3.25, बौ0ध0सू0 3.3.315
53. तै0आ0, 1.23
54. विन्टरनित्ज हिस्ट्री ऑफ इंडियन लिटरेचर भाग–1, पृ0 231–34
55. जौहरी मनोरमा, प्रा0भा0 में वर्णाश्रम व्यवस्था, पृ0 132
56. मनु 2.3
57. याज्ञवल्क्य स्मृति 3.45
58. रामा, अयोध्या 9.10
59. महा0 शांति 61.3.4
60. विष्णुपुराण, पृ0 4.2–129
61. वायु पुराण, 93.103
62. आ0धू0सू, 29.22.8–9
63. बौ0ध0सू0 2,6,11,17, आ0ध0सू0 2,6,11,16–17
64. अर्थ 1.14
65. मनु 1.3–8
66. मनु 3.48
67. महाशांति 244–10–11
68. मनु 6.23

69. मनु 6.33
70. गौ0ध0सू0 3.2
71. वायु पु0 59.25
72. बौ0ध0सू0 2,6,11,4
73. महाशांति 192.3
74. मनु 6.35
75. याज्ञ 3.56–57
76. गौ0ध0सू0 2.21
77. बौ0ध0सू0 2.10–17.11
78. गौ0ध0सू0 3.18, गौ0ध0सू0 2.6.11.21
79. गौ0ध0सू0 3.18, गौ0ध0सू0 2.9.21.11
80. गौ0ध0सू0 2.10.17–40
81. आ0ध0सू0 2.9.21.12
82. बौ0ध0सू0 2.10.6.1
83. मनु 6.43
84. वही 6.46–48
85. याज्ञ 3.59
86. महाशांति 244.30
87. याज्ञवल्क्य स्मृति 3.59
88. बुधचरित 12.8

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

Significance of the Vedas in our life and Liberation :

Dr. Hemant chaturvedi
Assistant Professor-Guest Faculty,
department of Ved
Uttarakhand Sanskrit University
Haridwar.

The Vedas are a very complicated body of knowledge and scriptures say; ' The vedas are the breath of God.' They can be rightly called the treasure- trove of Hindu religion, tradition and culture. The contain codes of righteous conduct and are supposed to have been tought by God Himself thousand of years ago. The help build moral integrite and norms that are applicable even today. They are not a stereotyped, single beaten track of approach, but are composed of strate which very in accentuation and even in the content of their knowledge. Vedas are not written by any human being. They were revealed to the Rishis. Rishis are not mantra-kartha (The creator of the mantras), but mantra-drishta (seers of the mantras). Thus, Vedas are free from the limitations of human intellect. We have to develop sraddha in Vedas, which is an independent instrument of knowledge.

We usually classify the Vedas in to four- The Rigveda, Yajurveda, Samaveda and Atharvaveda. The oldest being the Rigveda samhita. It is said That There are more then one thousand recensions of the veda and there is an Upanishad attached to each recension. So there should be that large a number of Upanishads most of which are not available. Nor do we have access to these recensions, which are so large in number.

The are classified as exoteric dealing with ceremonial acts and esoteric dealing with acquiring spiritual knowledge. The Vedas are technically termed **Sruti**, revealed knowledge and explain eternal truths and remain authoritative statements all the time.[1]

Aunique feature of the Vedas is its adoption of humanistic approach to abstract and difficult subjects. Social, political and economic problems of life have been taken in

to account by the Vedas and a scheme has been framed to attain prosperity in all walks of life. With this, the common man's mind is fully satisfied.

According to tradition, they were not the compositions of a human being, arrived at through intellectual and logical reasoning, based on sense perception. They are God's revelations. They were available in the creation, in the forms of sound waves and Rishis were qualified to riceive them. Sru means " to hear" and Sruti means " That which is heard'' Hens we can rightly say that Rishis served as a media for reaching the Vedas to humanity and Sruti is the "breath" of the Lord. The Vedas can be broadly classified in to vedantha and karmkand. They contains the karmkanda and upasanda kand, which desing a lifestyle for a fulfilling life. The purpose of the karmakands is to eliminate the impurities of mind. Upasand kanda helps us attain single ponitedness. These revelations, containing indelible ruls relating to man's safe voyage in life are paramount, infinite and have no end. The vedic utterances gorern all aspects of a man's life. They are not against material welfare but impose a simple condition that they should be within the constitutional freamework of virtue which is called **Dharma.** Unity in diversity at the world level is the favourite theory of the Vedas avd they have kept in mind, man's needs and aspirations, his quest for peace and the link that ought to be established between God and an individual sole.

Digging into the mind of vedic knowledge has resulted in unearthing several secrets which the scientific knowledge has discovered at a later stage. It has even been proven that when one chants vedic mantras without understanding their meaning, positive effects are produced on the body. This is the power of the vedic mantras. This only proves that we should be rightly proud of our culture and heritage ![2]

वेदन रूपे व्यपिबत् सुतासुतौ प्रजापतिः।
ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानं शुक्रमन्धास
इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥ (यजुर्वेद)

The soul full of real knowledge, with the help of all the four Vedas, realises the essence of truth and untruth. It acquires for itself foodstuffs as meals, riches, The gives of

valour and righteous character, water, milk, imperishable knowledge, sweet delicious articles, and the knowledge bestowed by God.

Conclusion :- Vedic knowledge is extremely useful in shaping one's personal and social life. It clearly presents the duties of an individual level and the social level. Vedas also clearly define the goals of mankind into four-Dharma,Artha, Kama and Mokhha and also presents in Smiritis,Itihasa like Ramayana and mahabharat and the Purans . Numerous scriptures are available in almost all languages with vedic wisdom as their basis.

If any contradication arises between the Vedas and these secondary texis, only the vedic knowledge is taken to be more appropriate. Even logic is used only us an assisting tool in understanding the vedic knowledge. It is The duty of every individual to have atleast one text based on this vedic knowledge as a manual for leading his/her life. We should spend quality time to go through any of these scriptures, follow them in our life and make our lives fruitful.

यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः। ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय च। प्रियोदेवानां दक्षिणायै दातुरिह भूयासमयं मे कामः समृधयतामुप मादो नमतु॥ (यजुर्वेद)

I do hereby address this salutary speech for the benefit of humanity, for the Brahmanas, the Kshatriyas, the Vaishas, The shudras then kinstfolk and the men of lowest position in society. Dear may I be to the learned and the guerdon-giver in this wold,fulfilled be this desire of mine. May I achieve my aim.

1-The Religion of Vedas (Hermann oldenderg)

2- Vedic India (G.G. Ghurye)

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

लक्ष्मीनारायण लाल के नाटक 'मादा कैक्टस' में प्रतीक विधान

डॉ0 दिव्या पाण्डेय
सहायक आचार्या
हिन्दी विभाग
गुलाबरानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
भदौंसा, बाँदा

प्रतीकों का प्रयोग भाषा के विशिष्ट अर्थ सन्दर्भ को व्यंजित करने के लिए किया जाता है। प्रतीक शब्द के धात्वर्थ को इस तरह स्पष्ट किया जा सकता है– प्रतीक (प्रति + एक) शब्द का धात्वर्थ यह है 'प्रति' अपनी ओर 'इक' अर्थात् झुका हुआ। जब किसी वस्तु का कोई एक भाग पहले गोचर हो और फिर आगे उस वस्तु का ज्ञान हो, तब उस भाग को प्रतीक कहते हैं। प्रतीक शब्द का प्रयोग उस दृश्य अथवा गोचर वस्तु के लिए किया जाता है। जो किसी अदृश्य विषय का प्रतिविधान उसके साथ अपने साहचर्य के कारण करती है अथवा कहा जा सकता है कि किसी अन्य स्तर की समानुरूप वस्तु द्वारा किसी अन्य स्तर के विषय का प्रतिनिधित्व करने वाली वस्तु प्रतीक है।

नयी पीढ़ी के नाटककारों में डॉ0 लक्ष्मीनारायण लाल का नाम महत्त्वपूर्ण है। इन्होंने अपने नाटकों में समाज की विकृतियों के यथार्थ को प्रतीकों के माध्यम से प्रस्तुत किया है। लक्ष्मीनारायण लाल के नाटक 'मादा कैक्टस' में एक साथ कई प्रतीकों का प्रयोग कर नारी और पुरुष के वैवाहिक जीवन की समस्या को मनोवैज्ञानिक रूप में समाज के सामने लाने का प्रयास किया गया है। ''नाटक की पूरी संवेदना कैक्टस के प्रतीकत्व पर आधारित है। मादा कैक्टस और अन्य कैक्टस महान प्रतिभाशाली कलाकार अरविन्द की दृष्टि में नए इन्सान के जीवन की प्रबल कामना का प्रतीक है। कैक्टस पास–पास बिना छुए रहे, तो अद्‌भुत आकर्षण है, और उनमें से जीवन सौन्दर्य निखर उठता है। मादा कैक्टस के संपर्क में आते ही नर–कैक्टस सूख कर रसहीन हो जाता है। वनस्पति जगत की इस दन्त कथा को अरविन्द के जीवन दर्शन के विश्लेषण के लिए प्रतीक के रूप में स्वीकार किया गया है।''[1] सुधीर नामक पात्र में जीवन सत्य रूप में समर्पित है। नाटक के आरम्भ में नीलाम करने वाले के रूप में आने वाला सुधीर अपनी मुट्‌ठी में नाटक के सारे रहस्य को लिए हुए मानो उपस्थित हुआ है। वह कहता है कि उसकी मुट्‌ठी में जो चीज है उसमें कांटे ही कांटे हैं। आरम्भ में हास्य का वातावरण प्रस्तुत करने वाला यह पात्र अन्त में जीवन के दर्द को उभारता है। मुट्‌ठी में पिस्तौल है जिससे उसने मुर्गाबी को मारा है। पिस्तौल के फेक दिये जाने पर भी उसे लगता है कि उसकी मुट्‌ठी खून से सनी हुई है। खून का धब्बा लाख कोशिश करने पर भी नहीं

छूटता है। कांटे, फूल और कीड़े जीवन के सहज सत्य और खून के धब्बे अक्षम्य अपराध एवं जीवन के करुणाजनक यथार्थ के प्रतीक हैं।

प्रस्तुत नाटक में अरविन्द और मीनाक्षी के प्रेम का निरूपण किया गया है, परन्तु नाटककार ने अरविन्द को धीरोद्धत नायक के रूप में वर्णित किया है। वह कायर और स्वार्थी है। नाटक की महिला पात्र "मीनाक्षी झूठ की तह तक पहुँच तो जाती है, परन्तु उसे इस दुःख से क्षय रोग हो जाता है। वह अपनी कला चेतना पर भी अरविन्द के झूठ की छाया पड़ी हुई मानती है। वह अपने प्रेमी द्वारा बनाया हुआ चित्र फाड़ देती है, क्योंकि इस चित्र का संबंध उसे झूठ प्रतीत होता है। वह उसकी जगह चमगादड़ के रूप में देखती है, जो जीवन की सच्चाई को दिन की रोशनी में नहीं देख पाता, जिसके लिए रात का अंधेरा और झूठ ही जीवन का प्रतीक बना हुआ है।"[2] यहाँ मीनाक्षी चमगादड़ को अरविन्द के प्रतीक के रूप में देखती है।

नाटक में कई जगह मादा कैक्टस सुजाता और मीनाक्षी की जगह प्रतीकात्मक रूप में प्रयुक्त हुआ है। अरविन्द एक कलाकार है जो पत्नी सुजाता को कला के विकास के लिए बाधक मानता है। उसका विश्वास हे कि जिस प्रकार मादा कैक्टस के सम्पर्क में आने से नर कैक्टस सूख जाता है, उसी प्रकार नारी के सामीप्य के कारण कलाकार की कला भी निष्प्राण हो जाती है। वह अपनी पत्नी सुजाता को कला सृजन एवं प्रतिभा के विकास में बाधक मानकर त्याग देता है किन्तु मादा कैक्टस से वह अपने आपको पृथक् नहीं कर पाता और सुजाता का स्थान मीनाक्षी प्राप्त कर लेती है। अरविन्द की भावना इस प्रकार उजागर हुई है– सुजाता– अर्थात् इस घर में मेरी उपस्थिति आपकी कला में बाधक है। अरविन्द– नही–नही ऐसी बात तो नहीं, पर न जाने क्यों मेरा मन ऐसा होता चला जा रहा है जैसे मेरी कला धीरे–धीरे मुझसे दूर भाग रही है।[3]

अरविन्द के लिए यदि मादा कैक्टस नारी का प्रतीक है तो मीनाक्षी के भाई सुधीर के लिए मुर्गाबी का प्रतीक है। दोनों की दृष्टि विपरीतात्मक है सुधीर नारी को मुर्गाबी की भाँति कोमल और कमनीय समझकर उसकी सुरक्षा और लालन–पालन को अपना धर्म समझता है। नाटक के अन्त में सुधीर को छोड़कर सभी पात्र किसी अदृश्य लाश की अदृश्य अर्थी को ढोते प्रतीत होते हैं।

डॉ0 सरजूप्रसाद मिश्र के कथनानुसार– "यह लाश है उस कला की जो समाज एवं अपने परिवेश से कटी है। यह लाश है उस पुरुष प्रधान जड़ समाज की जिसमें नारी को श्रद्धा करने का नारा नीलामी के बाजे की तरह उभरकर खो जाता है और कुछ भी नहीं बदलता है।"[4] अपनी संवेदना के कारण यह नाटक विशिष्ट है। इस नाटक में मन की चेतन एवं अचेतन प्रवृत्तियों को बड़ी बारीकी से प्रस्तुत किया गया है। जादू और सम्मोहन जैसी सिद्धियाँ इन पात्रों को प्राप्त हैं। नाटक के आरम्भ और अंत में नीले रंग के पर्दे का उपयोग

है, इसके द्वारा स्थूल यथार्थ के परे के सत्य की ओर इशारा किया गया है जिसमें प्रतीकात्मकता का आभास होता है।

"अरविन्द कला साधना से अंह का परिष्करण और आत्मा का परिमार्जन करता है। जिससे विरेचित अकुण्ठित मन एक शालीन आचरण प्राप्त करता है। परन्तु वायवीय प्रेम के नंगे क्रास पर लटक रही शिरा, पोर–पोर पर लौहकीलित रक्त स्राव कला नाटक के नायक को अमानुष बना देती है। वह जीवन की समस्त कोमलता, संवेदना, रागात्मकता को दीमक की भाँति चाट जाता है। उसके लिए ममता, करुणा, निष्ठा, आत्मीयता जैसे मानवीय मूल्य खोटे सिक्के मात्रभर हैं।"[5] अरविन्द मूलतः एक आमिष–भक्षी पक्षी की भाँति प्रतीत होता है, जो अपने निरामिषाहारी व्यवहार से मीनाक्षी का कच्चा मांस खाता है। वह उसी के कपाल में उसका रक्तपान करता है। सुजाता के अस्थि कंकाल पर वह अपने व्यक्तित्व को अभिषिक्त करता है और मीनाक्षी की अस्थियों पर स्वयं आसीन होकर अपना ही मज्जापान करता है। उसके गले में मीनाक्षी और सुजाता की मुण्डमाला है, वह एक अघोरी, कापालिक का प्रतीक है जो अपने ही शवगृह में अपने शव पर चमगादड़ की तरह डैने फैलाकर उड़ रहा है।[6]

प्रस्तुत नाटक में सुधीर की मुट्ठी भी तमाशे की बन्द डिब्बी की प्रतीक है। नीलामी का बाजा बार–बार बजता है और मुट्ठी का राज पूछा जाता है। बहुत से जवाब आते हैं पर सुधीर को कोई भी जवाब ठीक नहीं लगता है और मुट्ठी अन्त तक बन्द की बन्द रहती है।

मुट्ठी के भीतर क्या है इसका उत्तर नाटक के भीतर है न कि मुट्ठी के भीतर। मुट्ठी जन्म से बन्द नही है बल्कि परिवेश के दुश्चक्रों में वह स्वतः बन्द हो जाती है। अरविन्द की कला साधना का वीभत्स नरभक्षी, अधोमुखी रूप उसमें बन्दी है, उसका चमगादड़ी चेहरा उसमें छिपा है। सुजाता की हत्या के रक्तचिह्न और मीनाक्षी का आत्म–विगलन उसमें कैद है। मीनाक्षी काँटों में उलझा हुआ एक स्वप्नशील फूल है उसे यह विश्वास है कि वे काँटे उसे अर्थ देंगे इसी विश्वास में वह उत्तरोत्तर उलझी रहती है, परन्तु वह पाती है कि अरविन्द दीपक की भाँति उसकी उर्वरशीलता को बराबर चाट रहा है जिसके कारण उसकी जड़ें खोखली हो रही हैं। सृजनधर्मिता के अदायित्व और अदिशा के काँटों में मीनाक्षी उलझकर रह जाती है। सृजनधर्मी का नितान्त आत्मकेन्द्रित व्यवहार उसे कीड़ा बनाकर बराबर खोखला कर रहा है।

'मादा कैक्टस' नाटक में प्रतीक विधान को प्रमुखता दी गयी है। आरम्भ और अन्त में आने वाले सुधीर ने कौतूहल को जीवन्त रखा है। नाटक को अन्योपदेशिक नाटक की कोटि में देखने–परखने की अपेक्षा प्रतीक विधान के अन्तर्गत देखना ही संगत है। पूरे नाटक का प्रतीकत्व 'मादा कैक्टस' है। पात्रों के चरित्र की बारीकियों पर प्रकाश डालने के लिए प्रतीकों की सहायता ली गयी है। 'मादा कैक्टस' नाटक लक्ष्मीनारायण लाल के रचना तंत्र के सौष्ठव को उच्चशिखर तक ले जाता है।

सन्दर्भ सूची :

1. टी0एन0 विश्वम्भरन : प्रसादोत्तर हिन्दी नाटक–शिल्पपरक अध्ययन, पृ0 107
2. करुणा शर्मा, लक्ष्मीनारायण लाल का नाट्य साहित्य : सामाजिक दृष्टि, पृ0 113
3. लक्ष्मीनारायण लाल : मादा कैक्टस, पृ0 52
4. डॉ0 सरजूप्रसाद मिश्र : नाटककार लक्ष्मीनारायण लाल, पृ0 147–148
5. डॉ0 चन्द्रशेखर : हिन्दी नाटक और लक्ष्मीनारायण लाल की रंगयात्रा, पृ0 42
6. वही, पृ0 42

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

हिन्दी शोध के स्तरीकरण की समस्या और समाधान

डॉ0 उमेश कुमार शुक्ल
सहायक आचार्य–हिन्दी एवं भाषा विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

मनुष्य ज्ञानशील प्राणी है। वह हमेशा से जिज्ञासु रहा है। इसी जिज्ञासा से प्रेरित होकर उसने संसार के चराचर प्रकृति तथा अपनी प्रकृति के अन्तः वाह्य रहस्यों को तथ्य रूप प्रदान कर मानव की ज्ञान संपदा में लगातार वृद्धि की है। यही जिज्ञासा ही आधुनिक शोध का मूल बीज है। शोध उस प्रक्रिया या कार्य का नाम है जिसमें बोधपूर्वक प्रयत्न से तथ्यों का संकलन कर सूक्ष्मग्राही एवं विवेचक बुद्धि से उनका अवलोकन विश्लेषण करके नये तथ्यों या सिद्धान्तों का उद्‌घाटन किया जाता है। दूसरे शब्दों में पहले से अज्ञात वस्तुओं तथ्यों या सिद्धान्तों के अविष्कार की बोधपूर्वक क्रिया ही शोध है। शोध को परिभाषित करते हुए मेकग्रेपि तथा वाटसन ने लिखा है– ''शोध वह प्रक्रिया है, जिसने प्रविधि का प्रयोग किया जाता है जिसके निष्कर्षों की उपयोगिता हो, ज्ञान वृद्धि की जाए, प्रगति के लिए प्रोत्साहित करें। समाज के लिए सहायक हों तथा मनुष्य को अधिक प्रभावशाली बना सकें। समाज तथा मनुष्य अपनी समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से हल कर सकें।'' डॉ0 नगेन्द्र का मानना है कि अज्ञात को ज्ञात करना–कराना, लापता का पता लगाना ही खोज है शोध है।[1] इस समबन्ध में तीन तथ्य हैं– अज्ञात का ज्ञापन, लुप्त एवं गुप्त सामग्री को प्रकाश में लाना, परीक्षण–समीक्षण आदि और प्राप्त सामग्री का संस्कार–परिष्कार करना ही शोध का लक्ष्य है। श्री सी0सी0 क्राफोर्ड ने रिसर्च की परिभाषा करते हुए लिखा है– ''शोध को उन समस्याओं की अध्ययन–विधि के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जिनके समाधान अंशतः या समग्रतः तथ्यों में से प्राप्त किये जाते हैं।''[2]

इस परिभाषा के विश्लेषण से निम्नलिखित चार बिन्दु उभर कर आते हैं–

1. शोध विवेचन की एक लक्ष्यनिष्ठ पद्धति है।
2. इसका लक्ष्य है शंकाओं, भ्रान्तिओं, अनिश्चयों आदि के रूप में विद्यमान विषय सम्बन्धी समस्याओं का निवारण और सत्य–निर्धारण के रूप में तर्क–सम्मत समाधान प्रस्तुत करना।
3. भ्रान्तिओं का निवारण और सत्य–निर्धारण तथ्यों के विवेचन विश्लेषण के आधार पर किया जाता है।

4. तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाता है, परन्तु यह आवश्यक नहीं कि सभी समस्याओं का समाधान किया ही जा सके।

इस प्रकार स्पष्ट है कि शोध में नवीन तथ्यों की खोज की जाती है तथा नवीन सत्यों का प्रतिपादन किया जाता है, शोध कार्यों द्वारा प्राचीन प्रत्ययों तथा तथ्यों का नवीन अर्थापन किया जाता है, ऐसी परिस्थिति की जानकारी की जाती है जिनमें विशिष्ट क्रियाशील होते हैं तथा अन्य क्रियाशील नहीं होते, जबकि ये तथ्य समान प्रतीत होते हें उपर्युक्त परिभाषाओं के विवेचन विश्लेषण से शोध की निम्नांकित विशेषताओं को रेखांकित किया जा सकता है ये निम्न हैं–

1. शोध की प्रक्रिया वैज्ञानिक, व्यवस्थित तथा सुनियोजित होती है।
2. शोध की प्रक्रिया से नवीन ज्ञान की वृद्धि एवं विकास किया जाता है।
3. शोध के कार्य में धैर्य रखना होता है, तथा इसमें शीघ्रता नही की जा सकती है।
4. प्रत्येक शोधकार्य से निष्कर्ष निकाले जाते हैं और सामान्यीकरण का प्रतिपादन किया जाता है।
5. यह तार्किक तथा वस्तुनिष्ठ प्रक्रिया है।
6. शोध की प्रक्रिया में प्रदत्तों के आधार पर परिकल्पनाओं की पुष्टि की जाती हैं
7. प्रत्येक शोधकार्य की अपनी विधि तथा प्रविधियाँ होती हैं जो शोध के उद्देश्यों की प्रगति में सहायक होती हैं।
8. शोध कार्य में गुणात्मक तथा परिणामात्मक प्रदत्तों की व्यवस्था की जाती है और उनका विश्लेषण करके निष्कर्ष निकाले जाते हें।

शोध की व्याप्ति और सीमाएं– शोध क्षेत्र की व्याप्ति और सीमाओं का स्पष्ट निर्धारण होना चाहिए। प्रायः सभी विषयों पर यदि वे शोध योग्य हों तो बिना सीमा के अध्यन किया जाना चाहिए। अध्येय वस्तु की मात्रा, अध्ययन की दृष्टि, विश्लेषण की प्रणाली आदि में इतनी विभिन्नता सम्भव है कि अपने शोध के सन्दर्भ में इन तत्वों की सीमा निर्धारित न करे तो कार्य में शैथिल्य की ओर, निर्णय में अनिश्चयता की संभावना रहती है। क्षेत्र का चयन निर्देशक की विशेषज्ञता, शोध छात्र की कार्य क्षमता तथा शोध परीक्षक की मानसिकता का निर्धारण करता है। 'शोध का क्षेत्र उतना ही विस्तृत है जितना ज्ञान का। जिस प्रकार ज्ञान–क्षेत्र मानव जाति की योग्यता उसके बौद्धिक विकास तथा विवेक स्तर का निर्धारण करता है। ठीक उसी प्रकार शोध क्षेत्र शोध मूल्यों का परिमार्जन उसके विकास के विविध सोपानों का निर्माण तथा नियमन भी करता है। प्रत्येक विषय क्षेत्र की अपनी विशिष्ट सत्ता और महत्ता है। इसी विशिष्टता के कारण प्रत्येक शोधक किसी विशिष्ट विषय क्षेत्र पर शोध कार्य नहीं कर सकता है'।[3]

शोध की समस्या–

1. विद्यालयों में स्वतन्त्र शोध संस्था या शोध कक्ष की व्यवस्था का न होना।
2. अध्यापन कार्य तथा शोधकार्य का साथ–साथ चलना।
3. विश्वविद्यालय चयन, निर्देशक या निरीक्षक का चयन।
4. विषय चुनाव की समस्या।
5. सामग्री संकलन की समस्या।
6. तथ्य संयोजन की समस्या।
7. शोध मूल्यांकन की समस्या।
8. शोध प्रकाशन की समस्या।
9. प्रविधि परिपालन की समस्या।
10. शोध संगोष्ठियों के प्रति उदासीनता।
11. शोध संचालक मण्डलों का पक्षपात पूर्ण व्यवहार
12. राज्य सरकार का हिन्दी शोध के प्रति उदासीन रवैया आदि।

ये समस्याएँ हिन्दी शोध की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही। जिनको दूर किए बिना उच्चस्तरीय शोध कार्य कर पाना सम्भव न हो सकेगा।

समाधान–

1. **शोध कक्ष की स्थापना–** प्रत्येक विभाग में शोध के स्तरोन्यन के लिए शोधकक्ष की स्थापना की जानी चाहिए। जिसमें पुस्तकें, पत्र–पत्रिकाएँ होनी चाहिए इस शोध कक्ष के रख–रखाव की जिम्मेदारी शोध समिति के माध्यम से शोधार्थियों द्वारा की जानी चाहिए।
2. **शोधकार्य के लिए उपयोगी उपकरण–** इस भागदौड़ और आपाधापी के युग में मनुष्य का काम बिना मशीनों के सम्भव नहीं है। शोधकार्य में भी गति बनी रहे इसलिए शोधकार्य के लिए अपेक्षित उपकरण आवश्यक है जैसे– टेपरिकार्डर, कम्प्यूटर, प्रोजक्टर, पेनड्राइव, दूरबीन, रेडियों–ट्रांजिस्टर, गजेटियर्स आदि उपयोगी हैं।
3. **शोध का कंप्यूटरीकरण–** कम्प्यूटर शोध की वर्तनी और व्याकरणिक त्रुटि को बहुत कम समय में दूर करता है। उसके उपयोग और इण्टरनेट से महत्वपूर्ण सामग्री को लेकर हम अपने शोध को सारगर्भित बना सकते हैं।
4. **शोधार्थियों की निरन्तरता–** शोधार्थियों को नियमित रूप से जोड़े रखने के लिए जरूरी है कि शोध का विषय टेबल वर्क की जगह फील्ड वर्क वाला होना चाहिए तथा शोधार्थी से अनुबन्ध कराया जाए। शोध कार्य के दौरान ट्यूशन, नौकरी या किसी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे।

5. **दुराग्रह से मुक्ति–** शोधार्थी को अपना शोध पूर्वाग्रह और दुराग्रह से मुक्त होकर करना चाहिए। शोध का विषय ऐसा हो जो जातीय सम्प्रदाय विचारधारा तथा किसी विशेष भाषा या क्षेत्र की सीमा में बंधा न हो अन्यथा शोध वैचारिक दुराग्रह से युक्त होकर मूल लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर सकेगा।
6. **शोध में नकल और अनुचित साधन प्रयोग पर रोक–** शोध विषय में पुनरावृत्ति न हो इसके लिए नये विषयों का आवंटन करना चाहिए तथा समय–समय पर शोधार्थी का आन्तरिक मूल्यांकन करना चाहिए। पिष्ट–पोषण लेखन कार्य के लिए दण्ड का भी प्रविधान होना चाहिए।
7. **शोध प्रोत्साहन–** शोध उच्च कोटि का हो तो अनुदान तथा पुरस्कार प्रदान किया जाना चाहिए, तथा शोधार्थी के प्रोत्साहन स्वरूप कुछ अनुदान भी देना चाहिए ताकि वे दूर–दराज के क्षेत्रों में जाकर बिखरी हुई सामग्री ला सके। उच्च कोटि का शोध करने वाले शोधार्थियों को नियुक्ति में भी वरीयता दी जानी चाहिए।
8. **शोधवृत्ति की व्यवस्था–** शोधार्थी के पूरे मन से शोधकार्य करने के लिए न्यूनाधिक शोधवृत्ति की व्यवस्था की जानी चाहिए। शोध छात्रों के लिए एक अलग छात्रावास होना चाहिए जिससे सभी शोधार्थियों को यथोचित सुविधाएँ एक साथ मिल सके। परन्तु यह सुविधायें एक निश्चित समय के लिए ही देनी चाहिए निर्धन छात्रों को शुल्क मुक्ति भी देनी चाहिए।
9. **शोध पत्र प्रकाशन**–विश्वविद्यालयों में कार्यशालाओं का आयोजन होना चाहिए। शोध–पत्र लेखन की प्रविधि शोधार्थी को बतानी चाहिए। जिससे वे प्रविधि का प्रयोग करके स्तरीय शोध कार्य करें। शोध–पत्रिकाओं को भी मान्यता प्रदान करनी चाहिए। स्तरीय शोध कार्य का अच्छे शोध–पत्रों में प्रकाशन होना चाहिए।
10. **शोध की अवधि–** शोध कार्य की निश्चित समय सीमा होनी चाहिए ये प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि से दो वर्ष की होनी चाहिए फिर संतोषजनक कार्य होने पर एक–एक वर्ष के दो विस्तार दिये जा सकते हैं।
11. **शोध–प्रबन्धों का प्रकाशन–** शोध कार्य का प्रकाशन अति आवश्यक है इसके लिए प्रत्येक सरकारी संस्था और संस्थान में शोध–प्रबन्धों के प्रकाशन अनुदान, थोक बिक्री और पुरस्कारार्थ विचार करना चाहिए तथा छपाई के लिए सब्सिडिटि दी जानी चाहिए। सबसे आवश्यक है प्रत्येक शोध केन्द्र में प्रकाशन प्रकोष्ठ की स्थापना, करना।
12. **शोध संगोष्ठी का आयोजन–** दो–तीन दिन की शोध संगोष्ठियाँ आयोजित की जानी चाहिए जिनका विषय मौलिक, विचारोत्तेजक, प्रासंगिक हो। इन पर विषय–विशेषज्ञों के साथ मिलकर विचार–विमर्श करना चाहिए। इन गोष्ठियों की आंशिक क्षतिपूर्ति पंजीयन शुल्क द्वारा हो सकती है।

13. **शोध–उपाधियों में एकरूपता–** भारत के सभी विश्वविद्यालयों में पी–एच0डी0 और डी0फिल0 की उपाधियों के नाम की एकरूपता होनी चाहिए जैसे इलाहाबाद वि0वि0 ने पी–एच0डी0 की जगह डी0 फिल0 की उपाधि चल रही है। एकरूपता के लिए इसके नाम में परिवर्तन किया जाना चाहिए।

हिन्दी के प्रख्यात समीक्षक प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित ने शोध के स्तरीकरण और उन्नयन के विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जो द्रष्टव्य है– ''वे कहते हैं कि विश्वविद्यालयों की स्थापना ही नई परिकल्पनाओं के खोज के लिए की गयी थी, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि विश्वविद्यालयों के एजेन्डों में शोध परिशिष्ट में चला गया है। शोध की लगातार अवमानना की जा रही है। परन्तु अब वह समय आ गया है कि शोध के मानदण्डों को नये सिरे से निर्धारित किया जाए। शोध की राष्ट्रीय स्तर पर एक मानक सूची का निर्माण किया जाए तथा साथ ही साथ शोध को राष्ट्रीय समस्या के रूप में रखा जाये।[4] इस प्रकार आचार्य जी द्वारा सुझाए गए बिन्दुओं पर अमल करके शोध के स्तर में गुणात्मक वृद्धि की जा सकती है।

सन्दर्भ

1. डॉ0 नगेन्द्र, शोध और सिद्धान्त, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृ0 3
2. डॉ0 हरिश्चन्द्र वर्मा, शोध–प्रविधि, हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला, 2011, पृ0 6
3. वही पृ0 17
4. प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित जी के साथ लेखक की वार्ता 25 फरवरी 2016

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

श्रीमद्भागवत महापुराण में नैतिक मूल्य

डॉ. संजीव प्रसाद भट्ट,
असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
राजकीय महाविद्यालय, पौखाल, जिला,-टिहरी गढ़वाल

संस्कृत साहित्य का इतिहास प्राचीन होने के कारण ऋषि-मुनियों के द्वारा जनहित में लिखित वेद, पुराण, रामायण, महाभारत, रघुवंश इत्यादि ग्रन्थ जनकल्याण की भावना को प्रेरित करते हैं। आधुनिक युग में जहाँ विज्ञान दिन-प्रतिदिन नये-नये शोध करके निरन्तर आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर संस्कृत के स्थान पर सभ्यता को विशेष महत्व दिया जा रहा है, जिससे कि नैतिकता धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। अगर नैतिकता क्षीण हो गयी तो अनैतिक व्यक्ति और पशु समान है। अगर व्यक्ति किसी भी कार्य को नैतिकता से करता है तो उसे इस लोक और परलोक में दोनों में प्रशंसा मिलती है और अनैतिक व्यक्ति इस लोक में भी पतित होता है और उस लोक में भी इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सर्वहित की भावना से कार्य करना चाहिए।

अतः श्रीमद्भागवत महापुराण जीवन को सुरक्षित रखने के लिए तथा नैतिकता पालनार्थ एक धार्मिक ग्रन्थ है। जिसमें वर्णित कथाओं का श्रवण करने से मानव का चित्त शुद्ध एवं शान्त हो जाता है तथा अनैतिक कार्यों में मन कभी नहीं लगता है। अतः सम्पूर्ण मानव समाज को नैतिकता की शिक्षा प्रदान करने में श्रीमद्भागवत महापुराण का विशेष योगदान है। नैतिक मूल्यों के विकास का अर्थ है- अच्छे गुणों का विकास जिसके द्वारा चित्त शुद्ध एवं प्रसन्न होकर परमात्मा के मार्ग में प्रवृत्त हो जाता है। यथाशक्ति शास्त्रविहीन स्वधर्म का पालन करना तथा शास्त्रविरुद्ध आचरण का परित्याग करना, गुरुजनों के चरणों की पूजा करना, विषय वासनाओं को बढ़ाने वाले कार्यों से दूर रहना, संसार बंधन से छुड़ाने वाले धर्मों से प्रेम करना, मन वाणी और शरीर से अधिक वस्तुओं का संग्रह न करना, ब्रह्मचर्य का पाल करना, तपस्या करना, बाहर-भीतर से पवित्र रहना, शास्त्रों का अध्ययन करना, भगवान में आस्था रखना, नैतिकता की रक्षा के लिये प्रतिदिन के आचार व्यवहार इतने संयत रखने पड़ते हैं कि थोड़ी सी भूल भी वहां क्षन्तव्य नहीं, हाथ पैर हिलाने से पहले अपनी जुबान भी बड़ी सतर्कता से खोली जाती है। श्रीमद्भागवत महापुराण में नैतिकता के लक्षणों का निरूपण इस प्रकार है- शम (मनः संयमन), दम (इन्द्रियनिग्रह), तितिक्षा (सहिष्णुता), विवेक, तप, सत्य, दया, स्मृति, संतोष, त्याग, विषयों के प्रति अनिच्छा, श्रद्धा, लज्जा, आत्मरति, दान, विनय और सरलता इत्यादि गुणों का विकास जिस मानव में है वह श्रेष्ठतम है।[1] नैतिक मूल्यों से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि हमारा नैतिक मूल्य कैसे

जागता व विकसित होता है। इस संदर्भ में सर्वप्रथम यह स्मरणीय है कि नैतिक मूल्य धर्मग्रन्थों से निगमित नहीं होते, वही मनुष्य नैतिक है जिसमें सत्य, शौच, दया, मधुर वाणी, लज्जा, यश, क्षमा, ईमानदारी, कर्त्तव्य परायणता इत्यादि सद्गुण हो वही व्यक्ति नैतिकता का पालन कर सकता है और जिसमें यह गुण नहीं हो वह अनैतिक होता है। ऐसे व्यक्ति से दूर ही रहना चाहिए।

नैतिक मूल्यों की यह विशेषता है कि आत्मिक या आध्यात्मिक संतोष प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त सार्वभौम होने के कारण वे व्यक्ति निरपेक्ष होते हैं। यह एक साथ ही अपने आप में शुभ भी हैं और अपने आप साध्य भी हैं। यह शाश्वत मूल्य हैं। ज्ञातव्य है कि सभी मूल्य आन्तरिक नहीं होते। केवल उन मूल्यों को आन्तरिक सम्बोधित किया जाता है जो अपने आप में श्रेष्ठ व साध्य होते हैं। नैतिक मूल्य इसी श्रेणी में आते हैं।

भागवत के तृतीय स्कन्ध में भी ऐसे असत्यवादी व्यक्तियों की संगत के लिए वर्णित किया गया है। जिसके संग से इसके सत्य, शौच (बाहर भीतर की पवित्रता), दया, वाणी का संयम, शुद्धि, ध न-सम्पत्ति, लज्जा, यश, क्षमा, मन और इन्द्रियों का संयम तथा ऐश्वर्य इत्यादि सभी सद्गुण नष्ट हो जाते हैं।[2] नैतिक मूल्यों के अनुसार कार्य करना नैतिकता है, नैतिक मूल्यों के अन्तर्गत सामाजिक मूल्य, चारित्रिक मूल्य, राष्ट्रीय मूल्य, धार्मिक मूल्य व पारिवारिक मूल्य आते हैं। भागवत के ग्यारहवें स्कन्ध में श्रीकृष्ण जी उद्धव से कहते हैं कि साधक को चाहिए कि सब तरह से मेरी शरण में रहकर (गीता, पञ्चरात्र आदि में) मेरे द्वारा उपदिष्ट अपने धर्मों का सावधानी से पालन करें। साथ ही जहां तक उनसे विरोध न हो वहां तक निष्काम भाव से अपने वर्ण, आश्रम और कुल के अनुसार सदाचार का भी अनुष्ठान करें।[3] जो संसार की ओर निवृत्त करके मुझे प्राप्त करा देता है। वही सच्चा सुमार्ग है। चित्त की बहिर्मुखता ही कुमार्ग है। सत्त्व गुण की वृद्धि ही स्वर्ग और सखे! तमोगुण की वृद्धि नरक है। गुरु ही सच्चा भाई-बन्धु है और वह गुरु में हूँ। यह मनुष्य शरीर ही सच्चा घर है और सच्चा धनी वही है जो गुणों से सम्पन्न है, जिसके पास गुणों का खजाना है[4] नैतिकता का वर्णन विभिन्न ग्रन्थों, शास्त्रों, वेदों आदि में हुआ है उनमें से कुछ वाक्य यहाँ पर उदधृत किये गये हैं। जो इस प्रकार हैं- पुरुष का अलंकरण संस्कृत वाणी है। अन्य सभी आभूषण खो जाते हैं केवल वाणी आभूषण ही चिरन्तन आभूषण है।[5] महापुरुष स्वभाव से ही कम बोलने वाले होते हैं। मधुरवाणी से तथा अच्छे कर्मों से सबको प्रसन्न करना चाहिये।[6] धर्म का विरोध न करते हुए सबके प्रिय कार्य को सम्पन्न करना चाहिए।[7] व्यक्ति को कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य का अन्तःकरण (मन) ही किसी कार्य को करने के लिए या न करने के लिए प्रमाण है। जिस कार्य को करने में मनुष्य का मन पूर्णरूप से सन्तुष्ट हो उस कार्य को करना चाहिए तथा जिस कार्य को करने में मन असन्तुष्ट हो उस कार्य को छोड़ देना चाहिए।[8] शुभ या अशुभ जो भी कार्य मनुष्य करता है उसको वैसा ही फल अवश्य मिलता है। जैसे समय आने पर

वृक्ष फल युक्त हो जाते हैं उसी प्रकार पाप कर्म करने वाला व्यक्ति समय आने पर अपने पाप कर्म के फल को अवश्य प्राप्त करता है।[9] प्रत्येक मनुष्य में बुद्धि, कुलीनता, दम, विद्या, पराक्रम, अल्प भाषित यथाशक्ति दान तथा कृतज्ञता ये आठ गुण होने चाहिए।[10] किसी भी व्यक्ति को लालच नहीं करना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य को सन्तोष चाहिए। सन्तोष स्वर्ग से भी बढ़कर है। संतोष ही परम सुख है। राज्य, विद्या, पौरुष तथा धन मनुष्य का अलंकरण नहीं है।[11] कोई किसी का मित्र नहीं कोई किसी का शत्रु नहीं है। व्यवहार से ही मित्र तथा शत्रु बनते हैं। सदाचार का पालन अनिवार्य है। सत् शब्द का अर्थ है- सज्जनता, सज्जन दोषों से रहित होते हैं तथा सज्जनों का आचरण सदाचरण है।[12] सज्जनों का दर्शन पुण्य है क्योंकि सज्जन तीर्थ स्वरूप है। तीर्थ तो समय आने पर फल देते हैं। परन्तु सज्जनों की संगति शीघ्र फल देने वाली होती है। सदाचार का उल्लंघन करके यज्ञ, दान तथा तप करने पर कल्याण नहीं होता सदाचार करने वाला व्यक्ति इस लोक तथा परलोक दोनों पर विजय प्राप्त करते हैं। यदि ध न न हो तो मीठी-मीठी वाणी से अतिथि का सत्कार करना चाहिए। क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। क्रोध मनुष्य के धर्म, यश, रूप, गुण, ज्ञान तथा ऐश्वर्य सभी को नष्ट कर देता है।[13] अतिथि का सत्कार करना भी नैतिकता है। अपने घर पर शत्रु भी आये तो उसका यथोचित आदर करना चाहिए।[14] बाल, वृद्ध, युवा इनमें से कोई भी घर आये तो उसका सत्कार करना चाहिए। अतिथि सबका पूज्य होता है। समाज में स्त्रियों के साथ सदाचरण का व्यवहार हो, इसलिए विवाह की व्यवस्था की गयी है। कौमारावस्था में पिता रक्षा करता है। युवावस्था में पति तथा वृद्धावस्था में पुत्र रक्षा करता है। स्त्री कभी भी स्वतंत्र नहीं रहती है। अवस्था के अनुसार दूसरी स्त्रियों को माता के समान, बहिन के समान तथा पुत्री के समान मानना चाहिए। ऐसा मानने वाले व्यक्ति पुण्यभागी होते हैं।[15] दूसरी स्त्रियों से बातचीत नहीं करनी चाहिए। आवश्यकता हो तो उन्हें माता, बहिन, बेटी सम्बोधित करना चाहिए।[16]

आधुनिक युग में मनुष्य यम नियमादि का पालन बहुत कम या कम व्यक्ति ही इन नियमों पर होंगे और अधिक जन तो बस अपने और अपने तक ही सीमित हो गया है। जप-तप, हवन, श्रद्धा, अतिथिसेवा, परोपकार इत्यादि भी मनुष्य को करना चाहिए। आज मनुष्य अर्थ पर अधिक महत्त्व दे रहा है। अर्थोपार्जन नैतिकता से तो वह सही है। इसलिए हमें हर कार्य नैतिकता से करना चाहिए अगर हम किसी से वार्तालाप भी करते हैं तो नैतिक वार्तालाप करें। इससे बोलने व सुनने वाले दोनों को आनन्द आयेगा। कबीरदास जी ने कहा कि वाणी ऐसी बोलनी चाहिए जो मन को आनन्दित कर दे और सुनने वाले बोलने वाले दोनों को शीतल कर दे। अन्ततो गत्वा हम इसी निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि हमें नैतिकता के मार्ग पर चलना चाहिए। सार यही है कि-

अष्टादशपुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम्।
परोपकार:पुण्याय पापाय परपीडनम्।।

श्रीमद्भागवत् महापुराण में नैतिक मूल्य हमें जीवन का श्रेष्ठ जीवन-यापन सिखाते हैं।

सन्दर्भसूची

1. शमो दमस्तितिक्षेक्षा तपः सत्यं दया स्मृतिः।
   तुष्टिस्त्यागोस्पृहा श्रद्धा ह्रीर्दयादिः स्वनिर्वृति।। (श्रीमद्भागवत् 11/25/21)
2. सत्यं शौचं दया मौनं बुद्धिः श्रीर्ह्रीर्यशः क्षमा।
   शमो दमो भगश्चेति यत्संगाद्याति संक्षयम्।। (श्रीमद्भागवत् 11/31/33)
3. मयोदितेष्ववहितः स्वधर्मेषु मदाश्रयः।
   वर्णाश्रमकुलारमकामात्मना समाचरेत्।। (श्रीमद्भागवत् 11/10/1)
4. नरकस्तम उन्नाहो बन्धुर्गरुरहं सखे।
   गृहं शरीरं मानुष्यं गुणाढ्यो हयादय उच्यते।। (श्रीमद्भागवत् 11/19/43)
5. वाण्येका समलंकरोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते। (नीतिशतकम् 19)
6. सत्यधर्मावृतेषु शौचे चेवारभेत् सदा। (मनु0 5/175)
7. धर्माणामविरोधेन सर्वेषां प्रियमाचरेत्। (महाभारत शान्तिपर्व 120/25)
8. यत्कर्मकुर्वतोऽस्य स्यात्परितोषोऽन्तरात्मनः।
   तत्प्रियत्नेन कुर्वीत विपरीतं तु वर्जयेत्।। (मनु0 4/161)
9. अवश्यं लभेत कर्ता फलं पापस्य कर्मणः।
10. घोरं पर्यागते काले द्रुमः पुष्पमिवार्तवम्।। (वाल्मीकीय रामायण अरण्यकाण्ड 29/8)
11. न भूषयत्यलंकारो न राज्यं न च पौरुषम्।
    न विद्या न धनं तादृग् यादृक् सौजन्यभूषणम्।। (शुक्रनीति 3/236)
12. साधवः क्षीणदोषाः स्युः सच्छब्दः साधुवाचकः।
    तेषामाचरणं यत्तु सदाचारः स उच्यते।। (विष्णुपुराण 3/10/31)
13. धर्मश्च रूपत्वं गुणाच्ज्ञानं च वैभवम्।
    सर्वो नाशयति क्रोधो नास्ति क्रोधसमो रिपुः।। (बुद्धचरितम् 26/52)

14. अरावप्युचितं कार्यमातिथ्यं गृहमागते। (हितोपदेश मित्रलाभ 59)

15. मातृवत् स्वसृवच्चैव नित्यं दुहितृवच्च ये।

    परदारेषु वर्तन्ते ते नराः स्वर्गगामिनः।। (ब्रह्मपुराण द्वितीय भाग 224/1)

16. परस्त्रियं नाभिभाषयेत् तथा संभाषयेद् यदि।

    मातः स्वसरथो पुत्री आर्येति च बहेद् बुधः।। (स्कन्धपुराण माहेश्वरखण्ड 41/149)

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य के विकासक्रम में 'भारतेन्दु-युग' का महत्त्व

ओकेन्द्र
शोधछात्र
'हिन्दी' विभाग,
श्री सत्य साँईं प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय,
सीहोर, मध्य-प्रदेश

सारांश :

भारतेन्दु-युग आधुनिक हिन्दी-गद्य साहित्य के बहुमुखी विकास का युग है। भारतेन्दु-युग में अर्थात् उन्नीसवीं सदी के अन्तिम चरण में पूरे देश में 'संस्कृति-जागरण' एवं 'राष्ट्रीय-जागरण' की लहर दौड़ चुकी थी। सामंतीय सामाजिक ढांचा टूट चुका था। अंग्रेजी-शिक्षा के विकास की गति चाहे जितनी भी धीमी रही हो और उसके उद्देश्य चाहे जितने भी सीमित रहे हों, उसका व्यापक प्रभाव सम्पूर्ण देश के शिक्षित समाज पर पड़ा। जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण देश में एक सशक्त मध्यमवर्ग तैयार हुआ, जो अत्यधिक संवेदनशील था। देश में यह वर्ग व्यापक 'राष्ट्रीय' एवं 'सामाजिक' हितों की दृष्टि से सोचने लगा तथा अनुभव करने लगा कि हमारा देश अत्यन्त 'हीनावस्था' में है तथा जीवन के सभी क्षेत्रों में सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक इत्यादि सभी क्षेत्रों में परिवर्तन एवं सुधार की आवश्यकता है।

भारतेन्दु जी ने अपने हिन्दी-गद्य-साहित्य के माध्यम से ठीक समय पर उचित नेतृत्व प्रदान किया और अपने निबन्धों, नाटकों तथा भाषणों में 'राष्ट्रीय-जागरण' का संदेश दिया। जो संदर्भित समय की एक मूल आवश्यकता थी। जिससे देश में 'राष्ट्रीयभावना' का अद्घोष हुआ तथा देशवाशी अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कर 'राष्ट्रीयजागरण' के प्रति उत्तरदायी बनें, तथा इनके सहयोगी कवियों ने उनके द्वारा 'प्रशस्त-पथ' पर चल कर 'आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य' की जो सेवा अपने आलेखों, कृतियों, रचनाओं, इत्यादि के द्वारा की है, वह अविस्मरणीय है।

प्रस्तुत लघु शोध में शोधार्थी द्वारा आधुनिक हिन्दी-साहित्य में भारतेन्दु-युग के महत्व के बारे में संक्षेप में वर्णन किया है। जिसमें भारतेन्दु-युग में पुनर्जागरण, भक्ति-भावना, सामाजिक-चेतना, समस्यापूर्ति, काव्यश्रृंगारिता तथा विभिन्न काव्यधाराओं इत्यादि का संक्षेप में साहित्यक महत्व प्रस्तुत किया गया है।

कूट शब्द :

आधुनिक-काल, साहित्यक-विभाजन, भक्ति-भावना, सामाजिक-चेतना, प्रकृति-चित्रण,श्रृंगारिकता, समस्यापूर्ति।

प्रस्तावना :

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य के विकासक्रम में भारतेन्दु-युग का महत्व और मूल्य असाधारण है। इसी युग में हिन्दी-प्रदेश में आधुनिक जीवन-चेतना का उन्मेश हुआ था। मध्यमवर्गीय सामाजिक चेतना में साहित्य रचना का जो रूप उभरा, उसमें कहीं-कहीं सामंतीय संस्कारों का अवशेष लक्षित भी अवश्य होता है, किन्तु वह टूटने के क्रम में है। यह भी उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश-शासन-व्यवस्था की दृढ़ता के बावजूद उसे प्रति विरोध का भाव आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य के भारतेन्दु-काल के प्रत्येक साहित्यकार के मन में विद्यमान है। देश और समाज के हित की भावना से सभी आच्छादित हैं। साहित्य-सर्जन की दृष्टि से आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य की प्राय: सभी विधाओं का सूत्रपात इसी युग में हुआ। विशेषत: हिन्दी-साहित्य की निबन्ध और नाटक मुख्यत: इन दोनों ही विधाओं में लेखकों ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। तथा उपन्यासों के लेखन में भी इसी युग में सफलता के स्वर ध्वनित होते हैं।[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-473)

अत: सबकुछ मिला-जुला कर भारतेन्दु-काल का साहित्य, व्यापक जागरण का संदेश लेकर आया और हिन्दी साहित्य में भाषा के स्वरूप में अभूतपूर्व प्रगति हुई। इस युग में न केवल आधुनिक हिन्दी-गद्य का स्वपरूप स्थिर हुआ, वरन् इसके शुद्ध साहित्योपयोगी और व्यवहारोपयोगी रूपों की पूर्ण प्रतिष्ठा भी इसी युग में हुई। इस प्रकार 'भाषा' और 'साहित्य' दोनों आपस में जुड़ गये तथा पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन और प्रचार की गति में भी तीव्र वृद्धि हुई। अत: किसी भी साहित्यक-भाषा के इतिहास में इतनी अल्प अवधि में होने वाली संदर्भित काल की प्रगति, हिन्दी गद्य-साहित्य के इतिहास में हमेशा गौरवान्वित ही समझी जाऐगी।[2] (आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-381)

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में (आधुनिक-काल) :

हिन्दी गद्य-साहित्य के इतिहास में काल का सीमांकन सबसे जटिल समस्या है। किसी काल-खण्ड का आरम्भ किस समय से प्रारम्भ होता है, इसे वैज्ञानिक सत्य के आधार पर ही नहीं बतलाया जा सकता है। वरन् एक कालखण्ड, दूसरे कालखण्ड से बदलाव के कारण अलग-अलग होता है।[1] बदलाव की यह प्रक्रिया तो एक अरसे से चली आ रही है, परन्तु नये कालखण्ड का निर्धारण तब होता है जब बदलाव के चित्र हमारी आर्थिक-सांस्कृतिक, स्थितियों, काल-रूपों, तथा भाषा में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं। इसलिए साहित्येतिहास के लेखन में जो भी काल-निर्धारण किया जाएगा, वह वस्तुत: लचीला ही होगा।[6]

'हिन्दी गद्य-साहित्य के इतिहास' में 'आधुनिक-काल' के विकास का क्रम एक शताब्दी पहले से ही प्रारम्भ हो गया था तथा बदलाव के स्पष्ट चिन्ह उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में दिखाई देने लगे थे।

संयोगवश हिन्दी-साहित्य के आधुनिकतम जीवनबोध के प्रर्वतक माने जाने वाले इतिहासकार 'भारतेन्दु-हरिश्चन्द्र' जी का जन्म उन्नीसवीं सदी के ठीक मध्य में सन् 1850 में हुआ।[6] अत: इतिहासकारों ने इस वर्ष को ही आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य के इतिहास में आरम्भ वर्ष मान लिया। किन्तु इतिहास की गतिमानता एवं बदलाव में यह वर्ष स्वयं किसी तरह की भूमिका अदा नहीं करता। इतिहास के काल-विभाजन की रेखा कम से कम दो विभिन्न प्रवृत्तियों को स्पष्टत: अलग करने वाली तथा इस अलगाव के लिए स्वयं भी बहुत कुछ उत्तरदायी होना चाहिए। यदि सन् 1857 को आधुनिक काल का प्रारम्भिक काल विन्दु मान लिया जाये, तो उपर्युक्त दोनों शर्तें पूरी हो जाती हैं।[1]

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में (आधुनिक-काल) का उपविभाजन :

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी ने 'आधुनिक-काल' का जो उप-विभाजन किया है। वह एकसूत्रता के अभाव में विसंगतिपूर्ण हो गया है। उन्होंने आधुनिक काल को दो भागों में बांटा है-[1]

1. गद्य खण्ड

2. काव्य खण्ड।

उपर्युक्त ये दोनों खण्ड एक-दूसरे से इतने पृथक हैं कि इनमें एकरूपता तथा एकसमानता नहीं पायी जाती है। दोनों खण्डों को दो-दो प्रकरणों में बांटा गया है। गद्य-खण्ड के पहले प्रकरण में ब्रजभाषा-गद्य और खड़ी बोली-गद्य का विवेचन है। दूसरे प्रकरण में गद्य-साहित्य का आविर्भाव विश्लेषित है तथा इसे फिर से तीन उत्थानों में विभक्त किया गया है- प्रथम उत्थान, द्वितीय उत्थान और तृतीय उत्थान। शुक्ल जी के गद्य-खण्ड और काव्य-खण्ड दोनों ही एक दूसरे से सर्वथा अलग-अलग हैं। एक की प्रवृत्ति का दूसरे की प्रवृत्ति से कोई भी तालमेल नहीं है। ऐसा लगता है कि मानो गद्य-खण्ड में एक प्रवृत्ति क्रियाशील है, तो काव्य-खण्ड में दूसरी प्रवृत्ति क्रियाशील है।[2] (आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-391)

उदाहरणार्थ, काव्य-खण्ड एक-दूसरे से सर्वथा अलग, दूसरे प्रकरण के तृतीय उत्थान (काव्य में जिसे 'छायावाद' के नाम से निरूपित किया गया है तथा गद्य-खण्ड के द्वितीय प्रकरण के तृतीय उत्थान में कोई एकरूपता निरूपित नहीं की जा सकती है। शुक्ल जी के परवर्ती इतिहासकारों ने प्राय: शुक्ल जी का अनुगमन किया है। तथा आधुनिक 'हिन्दी गद्य-साहित्य' में छायावादी-युग सर्वमान्य हो गया है। इसको केन्द्र-विन्दु मानकर इस काल का उपविभाजन करना अधिक सुविधाजनक हो गया। छायावाद काल के पूर्व हिन्दी-साहित्य परिष्कार की दो मंजिलों से गुजर चुका था-पुनर्जागरण-काल और सुधार-काल। राजा राममोहन राय, केशवचन्द्र सेन, दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द, आदि के कारण जो

पुनर्जागरण आया वह ऐतिहासिक तथ्य हो गया। इसका सीधा प्रभाव हिन्दी-साहित्य पर पड़ा। साहित्य अपने नवीन पर्यावरण से जुड़ कर मध्यकालीन प्रवृत्तियों से पृथक हो गया। अतः आधुनिक-काल की पहली मंजिल को 'पुनर्जागरण-काल' कहना उचित है। दूसरी मंजिल पर साहित्यकार अपने कृत्य, रूपाकार, और भाषा के सुधार परिष्कार में संलग्न दिखायी पड़ते हैं। अतः इसे (सुधार-काल) की संज्ञा भी दी जानी चाहिए।[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-41)

अतः संक्षेप में, आधुनिक काल के उप-विभाजन का प्रारूप निम्नलिखित ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है:-

1.	पुर्नजागरण काल (भारतेन्दु काल)	1857-1900 ई0
2.	जागरण-सुधार-काल (द्विवेदी काल)	1900-1918 ई0
3.	छायावाद-काल	1918-1938 ई0
4.	छायावादोत्तर-काल	
	क) प्रगति-प्रयोग-काल	1938-1953
	ख) नवलेखन-काल	1953 से वर्तमान तक

किसी भी साहित्यिक-काल में कोई भी बदलाव यूँ ही नहीं आता, बल्कि कुछ कारण होते हैं। दो संस्कृतियों का अन्तरावलम्बन परिवर्तन के लिए उतना कारगर नहीं होता, जितने समाज के बुनियादी ढांचे को बदलने वाले आर्थिक कारण प्रभावशाली होते हैं। तथा मुख्य कारण आर्थिक होता है, जो सांस्कृतिक कारण गौण होते हैं, पर इन दोनों को लाने का दायित्व जाने-अनजाने अग्रेजों पर ही रहा है। अतः आधुनिक काल का परिवर्तनमान प्रक्रिया को समझने के लिए शोधार्थी द्वारा इनका विवेचन करना अति आवश्यक है।[2] (आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-381)

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में (भारतेन्दु-युग) (पुनर्जागरण-काल) :

भारतेन्दु-युग अथवा पुनर्जागरण-काल का उदय आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में हिन्दी-कविता के लिए नवीन-जागरण के संदेशवाहक-युग के रूप में हुआ था। किन्तु इसके सीमाँकन के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (1850-1885) के रचनाकाल को दृष्टि में रख कर सम्वत् 1925 से 1950 की अवधि को 'नयी-धारा' अथवा 'प्रथम-उत्थान' की संज्ञा दी है, और इस काल को भारतेन्दु हरिश्चन्द्र तथा उनके सहयोगी लेखकों के कृतियों से समृद्ध माना गया है। किन्तु

उनके द्वारा निर्धारित कालावधि से कुछ लेखकों का वैमत्य है। मिश्रबन्धुओं ने 1926 से 1945 वि0सम्वत् तक, डॉ0 रामकुमार वर्मा ने 1927 से 1957 वि0सम्वत् तक, डॉ0 केसरी नारायण शुक्ल ने 1922 से 1957 वि0सम्वत् तक और डॉ0 रामविलास शर्मा ने 1925 से 1957 वि0सम्वत् तक 'भारतेन्दु युग' की व्याप्ति मानी है।[1] (डॉ नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-437)

उल्लेखनीय यह है, कि भारतेन्दु द्वारा सम्पादित मासिक पत्रिका 'कविवचनसुधा' का प्रकाशन 1868 ई0 में प्रारम्भ हुआ था। अतः भारतेन्दु युग का उदय 1968 ई0 (1925 वि0सम्वत्) से मानना उचित है। तथा इसी तर्क का अनुसरण करते हुए 'सरस्वती' नामक पत्रिका का प्रकाशन-वर्ष 1900 ई0 को भारतेन्दु-युग की समाप्ति का सूचक भी माना जा सकता है। यह ठीक ही है कि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के देहावसान के साथ ही भारतेन्दु-युग की समाप्ति न मान कर उनके समकालीन कवियों के द्वारा बाद में रचित-कृतियों को ध्यान में रखते हुए इस काल की व्याप्ति 1900 ई0 तक स्वीकार की गयी, क्योंकि इस समय तक हिन्दी साहित्य-क्षेत्र में अनेकों नवीन प्रवृत्तियों का उदय होने लगा था। किन्तु यह जिज्ञासा प्रासंगिक होगी कि रीतिकाल के समापन से ले कर भारतेन्दु-युग का पूर्वकाल (1843 से 1867 ई0) तक की रचनाओं का अनुशीलन किस संदर्भ में किया जाना चाहिए?[2]

वस्तुतः इतिहास का कोई भी काल सहस्र ही समाप्त नहीं हो सकता है और प्रायः अगले एक-दो दशक तक उसकी रचना, प्रवृत्तियाँ किसी न किसी रूप में व्यक्त होती रहती हैं। इसी भाँति किसी नये युग का सुभारम्भ भी सहसा नहीं होता है, उसके स्वरूप-निर्माण की प्रक्रिया के बीज, दस-बीस साल तक के पहले साहित्य मे विद्यमान रहते हैं। 1843 से 1867 ई0 तक का कृतित्व न तो पूर्णतः रीतिकाल के प्रभावक्षेत्र में आता है और न ही इसमें भारतेन्दु-युग की पुर्नजागरण-मूलक प्रवृत्तियाँ विद्यमान होती हैं। अतः इसका अनुशीलन (भारतेन्दु-युग) की पृष्ठभूमि के रूप में किया जाना चाहिए[1]।

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में 'भारतेन्दु' पूर्व साहित्यक 'काव्यधारा' :

भारतेन्दु के पूर्ववर्ती कवियों की ब्रजभाषा-रचनाओं को निम्नलिखित तीन वर्गों मे विभक्त किया जा सकता है:-

1. भक्ति काव्य,
2. श्रृंगार रस का काव्य,
3. रीति-निरूपण काव्य

भक्तिकाव्य के रचियताओं में रीवा-नरेश रधुराजसिंह (1823 से 1879) का प्रमुख स्थान है उन्होंने प्रबन्ध और मुक्तक दोनों शैलियों में लगभग अठ्ठाइस कृतियों की रचना की थी। जिनमें कुछ 'भारतेन्दु-युग' की परिधी में आती हैं।

उदाहरणार्थ, 'सुंदर शतक', 'पत्रिका', 'रूक्मिणी-परिणय', 'आनन्दाम्बुनिधि', और 'श्रीमद्भागवत महात्म्य', भारतेन्दु-पूर्व काल की कृतियाँ हैं। जबकि 'रामस्वयंवर', 'भक्तिविलास,' 'रामरसिकावली,' आदि की रचना सन् 1869 अथवा इसके बाद की हैं। वे मुख्यत: 'रामभक्त' थे, किन्तु कृष्ण लीलाओं का गान भी उन्होंने पूर्ण मनोयोगपूर्वक किया है। भक्ति के साथ श्रृंगारिकता भी उनके काव्य में विद्यमान है। सूर और तुलसी जैसी भक्ति भावना, केशव जैसा प्रबन्ध-कौशल, और ब्रजभाषा की रमणीयता उनके कृतित्व की उल्लेखनीय विशेषताएँ हैं। कृष्णभक्त कवियों में लखनऊ के वैश्य बंधुओं 'साह कुंदनलाल' तथा 'साह फुंदनलाल' का उल्लेख अपेक्षित है। जिन्होंने वृंदावन में निवास कर क्रमश: 'ललित किशोरी' तथा 'ललित माधुरी' नामों से माधुर्य भक्तिपरक पदों की रचना की। इनमें ललित किशोरी (रचनाकाल-1856 से 1873) का स्थान प्रमुख है। उनकी काव्यशैली भी अपेक्षाकृत अधिक प्रौढ़, मधुर व मार्मिक है।[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-438)

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के पिता गोपालचन्द्र 'गिरिधरदास' (1833 से 1860) द्वारा लिखित 'राधास्तोत्र,' 'गोपालस्तोत्र,' 'जरासन्धवध महाकाव्य' और 'बलराम-कथामृत' भी 'कृष्ण-कथा' पर आधारित रचनाएँ हैं। यूँ तो उन्होंने 'रामकथामृत' की भी रचना की है। भाषा-परिष्कार और अलंकार-नियोजन पर उनका विशेष ध्यान रहा है।

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में (भारतेन्दु-युग) का नवीन-परिवेश :

आलोच्य-युग में जनचेतना पुनर्जागरण की भावना से अनुप्राणित थी। फलस्वरूप सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक क्षेत्रों में न केवल अतिरिक्त सक्रियता थी, अपितु इन सब में गहन अन्त: सम्बन्ध विद्यमान था। भारतेन्दु-युगीन कवि-कर्तव्य पर इसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। इसकी परणति विषय-चयन में व्यापकता और विविधता के रूप में हुई। श्रृंगारिक रसिकता, अलंकार-मोह, रीति-निरूपण, प्रकृति उद्दीपनात्मक चित्रण, प्रभृति रीतिकालीन प्रवृत्तियों का महत्व क्रमश: कम होता गया।[3] (डॉ0 तारकनाथ बाली, हिन्दी साहित्य का आधुनिक इतिहास पृष्ठ संख्या-238)

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने जनता को उद्बोधन प्रदान करने के उद्देश्य से 'जातीय-संगीत' अर्थात् 'लोक-गीत' की शैली पर सामाजिक कविताओं की रचनाओं पर बल दिया। मातृ-भूमि प्रेम, स्वदेशी वस्तुओं का व्यवहार, गौरक्षा, बालविवाह-निषेध, शिक्षा-प्रसार का महत्व, मद्य-निषेध, भ्रूण हत्या की निंदा, आदि विषयों को कविगण शोधार्थी के अनुसार इस युग में अधिकाधिक अपनाने लगे थे। 'राष्ट्रीय-भावना' का

उदय भी हिन्दी साहित्य के इस काल की अनन्य विशेषता है।[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-339)

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में (भारतेन्दु-युगीन) रचनाओं में 'देशभक्ति' की भावना :

भारतीय वीरों में प्रताप, छत्रसाल, शिवाजी आदि ने क्षेत्र विशेष (चित्तौड़, बुन्देलखण्ड, और महाराष्ट्र) की रक्षा के लिए जिस तत्परता और दृढ़ता का परिचय दिया था, उसका स्तवन करने वाले भूषण प्रभृति कवि क्षेत्रीय भावना अर्थात संकीर्ण राष्ट्रीयता से ऊपर नहीं उठ सके थे। 'भारतेन्दु-युगीन' कवियों ने भारतीय इतिहास के गौरवशाली पृष्ठों की स्मृति तो अनेक बार दिलायी, पर उनकी 'राष्ट्रीय-भावना' केवल यहीं तक सीमित नहीं रही। अंग्रेजों की विचारधारा और उनकी देशभक्तिपूर्ण कविताओं से भी उन्होंने यथेष्ट प्रेरणा ली, जिसका फल यह हुआ कि क्षेत्रीयता से ऊपर उठकर वे सम्पूर्ण राष्ट्र की नब्ज को टटोलने लगे। 'हमारो उत्तम भारत देश' (राधाचरण गोस्वामी) और 'धन्य भूमि भारत सब उतननि की उपजाबनि' (प्रेमघन) आदि काव्य पंक्तियाँ शोधार्थीनुसार इसी तथ्य को प्रकट करती हैं।[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-440)

'देशभक्ति' की भावना बाद में मैथलीशरणगुप्त कृत 'भारत-भारती', में देखने को मिलती है। उसकी प्रेरणा-भूमि भारतेन्दु, प्रेमघन, प्रतापनारायण मिश्र, राधाकृष्णदास आदि की कविताएँ ही हैं। भारतेन्दु की 'विजयिनी विजय वैजयन्ती', प्रेमघन की 'आनन्द अरूणोदय', प्रतापनारायण मिश्र की 'महापर्व' और 'नया सम्वत्' तथा राधाकृष्णदास की 'भारत बारहमासा' और 'विनय' शीर्षक कविताएँ 'देशभक्ति' की प्रेरणा से युक्त हैं। इस संदर्भ में उन्होंने अपने प्रतिपाद्य को कहीं व्यंग्योक्तियों के माध्यम से भी प्रकट किया तो कहीं, अतीत के प्रेरणदायी प्रसंगों की चर्चा द्वारा नवयुवकों को पुर्नजागरण का मन्त्र दिया है। अंग्रेजों की 'शोषण-नीति' का भारतेन्दु जी द्वारा प्रत्यक्ष उल्लेख शोधार्थीनुसार, प्रस्तुत निम्न पंक्ति में इस भावना की चरम परिणति है-[7]

भीतर-भीतर सब रस चूसै, हँसि-हँसि के तन-मन-धन मूसै।
जहिर बातन में अति तेज, क्यों सखि सज्जन! नहीं अंगरेज़।।[7]

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में (भारतेन्दु-युगीन) रचनाओं में 'सामाजिक-चेतना' की भावना का उल्लेख

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में 'भारतेन्दु-युग' की मुख्य विशेषता यह रही है कि कवियों ने सामाजिक जीवन की उपेक्षा न कर जनता की समस्याओं के निरूपण की ओर पहली बार व्यापक रूप में ध्यान

दिया। इससे पूर्व रीतिकाल में राजाओं और सामन्तों के आश्रय में लिखित दरबारी काव्य में सामाजिक परिवेश के चित्रण की ओर नगण्य रूप में ध्यान दिया। इसलिए भारतेन्दु-युग में नारी-शिक्षा, विधवाओं की दुर्दशा, अस्पृश्यता-छुआछूत आदि को लेकर जो सहानुभूतिपूर्ण कविताएँ लिखी गयीं। उनके प्रतिपाद्य की नवीनता ने स:हृदय सामाजिक-समुदाय को विशेष आकृष्ट किया। उपरोक्त संदर्भित इन समस्याओं को रूपायित करने के लिए कवियों ने एक-दूसरे के साथ और मध्यमवर्गीय सामाजिक परिस्थतियों का चित्रण किया, तो दूसरी ओर रूढ़िवादिता का विरोध कर सामाजिक-विकास-चेतना की आंकाक्षाओं का भी अपनी रचनाओं में अभिव्यक्ति की।[5] किन्तु फिर भी आर्यसमाज, ब्राह्मसमाज आदि के प्रभाव से इस युग में जो नवीन सामाजिक-चेतना उभरने लगी थी और भारतेन्दु, प्रेमघन, प्रतापनारायण मिश्र, आदि की रचनाओं में जिस सुधारवादी मनोवृत्ति की प्रमुखता रही, उसके प्रति सभी कवियों का दृष्टिकोण उदारता-समन्वित नहीं था।[5]

'भारत-धर्म' कविता में अम्बिकादत्त व्यास द्वारा वर्णाश्रम-धर्म का दृढ़तापूर्वक अनुमादन और रामचरण गोस्वामी द्वारा विभिन्न कविताओं में प्राचीन शास्त्र-नीतियों का समर्थन एवं विधवा-विवाह का विरोध ऐसे ही उदाहरण हैं जिनमें भारतेन्दु-युगीन समस्याओं की जानकारी ऐसे कवियों को भी पूरी तरह थी, किन्तु उनके सामाधान के लिए वे परम्परागत धर्मशास्त्र को ही आधार बनाना चाहते थे। इसके विपरीत भारतेन्दु जी ने 'भारत-दुर्दशा' नाटक में वर्णाश्रम धर्म की संकीर्णता का विरोध प्रस्तुत निम्नार्थ शब्दों में किया-

(बहुत हमने फैलाये धर्म, बढ़ाया छुआछूत का कर्म)

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

'मन की लहर' में प्रताप नारायण मिश्र की दृष्टि बाल-विधवाओं की करुण दशा की ओर गयी जिसका उदाहरण निम्नवत है-

(कौन करेजो नहि कसकत सुनि बिपति बालबिधवन की)[1]

(प्रतापनारायण मिश्र)

भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की कामना से संदर्भित इस युग के कवियों ने स्वदेशी उद्योगों का प्रोत्साहन देने के लिए और स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने पर भी बल दिया। जिसका उदाहण भारतेन्दु जी ने 'प्रबोधिनी' नामक कविता में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने की प्रत्यक्ष प्रमाण कवि की निम्न रचना में मिलता है-

(जीवन बिदेस की वस्तु लै तो बिन कछु नहि करि सकत)[1]

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

प्रेमघन की 'आर्याभिनन्दन', प्रतापनारायण मिश्र की 'होली है' तथा अम्बिकादत्त व्यास की 'भारतधर्म' शीर्षक नामक रचनाओं में भी विदेशी वस्त्रों और अन्य वस्तुओं के आयात को भारत की आर्थिक दुर्गति का मूल कारण माना गया है। यद्यपि प्रेमघन ने 'स्वागत' शीर्षक कविता में, अम्बिकादत्त व्यास के 'जटिल वणिक्' में और राधाकृष्णदास ने 'जुबिली' में बिजली, यातायात के सुगम साधनों, सिंचाई की सुविधाओं में, शिक्षा-प्रसार आदि का अलभ्य लाभ प्रदान करने के लिए ब्रिटिश शासन की भी प्रशंसा की है। परन्तु इसके साथ भी वह यह नहीं भूले कि सामान्य जनता और किसानों की दरिद्रता घटने के स्थान पर बढ़ती ही गयी। अर्थात् इसीलिए पाश्चात्य सभ्यता के सम्पर्क में देश के सांस्कृतिक पुनरुत्थान की आवश्यकता का अनुभव करते हुए भी उन्होंने शासक वर्ग द्वारा देश के आर्थिक शोषण का घोर विरोध अपनी रचनाओं, कृतियों के माध्यम से किया। प्रतापनारायण मिश्र की 'एक गज़ल' रचना में 'भारत-दुर्दशा' पर गहरी चिंता शोधार्थी के अनुसार निम्नवत प्रकट की गयी है-[1]

अभी देखिए क्या दशा देश की हो, बदलता है रंग आसमां कैसे कैसे!)[1]

(प्रतापनारायण मिश्र)

कहाँ तो प्राचीन भारत की भौतिक और सांस्कृतिक समृद्धि और कहाँ अकाल, महँगाई, महामारी तथा करों के बोझ से त्रस्त जन-जीवन! परिवार, समाज और देश की क्रमशः बढ़ती हुई हीनभावना के चित्रण में भी रचनाकारों की वाणी अनायास करुणा से भीग उठी। अतः भारतेन्दु जी ने और प्रतापनारायण मिश्र जी ने समाज की सम्पूर्ण पीड़ा का सहतार्थ वर्णन निम्नवत् किया-[3]

रोवहू सब मिलि, आवहु भारत भाई।
हा!हा! भारत-दुर्दशा न देखी जाई।।)[3]

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

तबहि लख्यो जहं रह्यो एक दिन कंचन बसरत।
तहं चौथाई जन रूखी रोटिहुं को तरसत।।
जहं आमन की गुठली अरु बिरछन की छालैं।
ज्वार चून महं मेलि लोग परिवारहिं पालैं।।
नौन तेल लकरी घासहु पर टिकस लगे जहं।
चना चिरौंजी मोल मिलैं जहं दीन प्रजा कहं।।

(प्रतापनारायण मिश्र)

अभिप्राय यह है कि 'सामाजिक-परिवेश' के चित्रण में कुछ कवियों की दृष्टि सुधारवादी थी, तो कुछ कवियों की दृष्टि यथास्थितिवादी भी थी। जिनका उदाहरण प्रस्तुत उपरोक्त वर्णन में निहित है।

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य की (भारतेन्दु-युगीन) रचनाओं में 'भक्ति-भावना' का संचरण :

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य में भारतेन्दु-युग में परम्परागत धार्मिक और भक्ति-भावना का अपेक्षाकृत गौण स्थान प्राप्त हुआ है। फिर भी इस काल के भक्तिकाव्य को तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है-

1-निर्गुण भक्ति काव्य, 2-वैष्णव भक्ति काव्य, 3-स्वदेशानुराग-समन्वित ईश्वर-भक्ति।

उक्त प्रथम दो में किसी उल्लेखनीय नवीनता का परिचय न हुआ बल्कि मध्ययुगीन परिपाटी का अनुसरण मात्र ही किया गया, किन्तु भक्ति और देश-प्रेम को एक ही समकोण पर प्रतिष्ठित करना, किसी सीमा तक संवेदन की 'मौलिकता' का परिचायक है। निर्गुण-भक्ति इस काल में मुख्य साधना-दिशा नहीं थी। फिर भी कुछ कवियों ने परम्परा के प्रभावस्वरूप संसार की नश्वरता, माया-मोह, की व्यर्थता, विषयाशक्ति की निंदा, आदि विषयों पर तो उपदेशात्मक ढंग से विचार व्यक्त किये हैं। किन्तु ब्रह्म-चिंतन और हठयोग जैसे विषयों पर काव्य-रचना उन्हें अभीष्ट नहीं करती। इसके विपरीत वैष्णव-भक्ति के अर्न्तगत भगवान श्री-राम, भगवान श्री-कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं का वर्णन अनेकों कवियों द्वारा किया गया।[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-437)

उदाहरणार्थ, बिहार के अल्पज्ञात कवि हरिनाथ पाठक (1843-1904) की कृति (ललित रामायण) (1893), वहीं बिहार के ही दूसरे कवि अक्षय कुमार द्वारा प्रणीत (रसिकविलास रामायण) (1886) और बाबू तोताराम (1848-1902) की (राम-रामायण) भगवान श्री राम-भक्ति के संदर्भ में उल्लेखनीय रचनाएँ हैं। हरिनाथ पाठक की रचना से राम-काव्य की सुपरिचित श्रृंगार-पद्धति के अनुसरण में शोध फलस्वरूप निम्नलिखित पद्य द्रष्टव्य है-[1]

मुरूगवा बोले बिपिन में भोरे।
सुखद सेज सोवत रघुनन्दन, जनक लली संग कोरे।
प्रीतम अंक लगी महाराणी शापति सुनि खग सोरे।।
बन में अवरन जागे खग सब, शब्द करत झकझोरे।
जन हरिनाथ समय सुखदायक, नहि भावत मन मोरे।।

(हरिनाथ पाठक)

राम-काव्य की तुलना में कृष्णभक्ति-काव्य की रचनाओं का अधिक परिमाण इसी युग में हुआ। इस दिशा में सबसे अधिक योगदान भारतेन्दु जी का है।[4] भारतेन्दु जी राधा-कृष्ण के भी अनन्य भक्त थे। जिसका जीवन्त उदाहरण निम्नलिखित पंक्ति में दिया जा रहा है-

(सखा प्यारे कृष्ण के गुलाम राधारानी के)

उक्त पंक्ति की भावना के अनुकूल संख्या और विनय भाव की भक्ति का दर्शन मिलता है। वात्सल्य भक्ति के भी कुछ पद उन्होंने लिखे हैं।[4] (बच्चन सिंह हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास पृष्ठ संख्या-309) अन्य धर्मों के प्रति उनका दृष्टिकोण उदारतापूर्ण था। इसीलिए उन्होंने निम्न पंक्ति में धार्मिक मतभेदियों की भर्त्सना की-

(अपुनो मत लै लै सब झगरत ज्यों भठिहारे)

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

इसी प्रकार उन्होंने अपनी भक्ति-भावना को उर्दू-पद-शैली में भी निम्नवत व्यक्त की-[1]

ढूँढ फिरा मैं इस दुनिया में पश्चिम से ले पूरब तक।
कहीं न पायी मेरे दिलदार प्रेम की तेरे झलक।
मसज़िद मन्दिर गिरजों में देखा मतवालों का जो दौर।
अपने अपने रंग में रंगा दिखाया सब का तौर।
सिवा झूठी बातों व बनावट के न नज़र आया कुछ और।

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

आधुनिक हिन्दी-साहित्य की (भारतेन्दु-युगीन) रचनाओं में 'शृंगारिकता' की अभिव्यक्ति :

आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य में भारतेन्दु और उनके समकालीन कवियों ने रस को काव्य की आत्मा मान कर अपनी रचनाओं में विविध रसानुभूतियों का भावन किया है, जिनमें शृंगार रस सर्वप्रमुख है। प्रतापनारायण मिश्र के अतिरिक्त प्रायः सभी मुख्य कृति 'शृंगार-वर्णन' की ओर उन्मुख रहे हैं। रीतिकालीन कवियों का अनुसरण करते हुए सामान्यतः उन्होंने कृष्णकथा के संदर्भ में प्रेम और सौंदर्य का वर्णन किया है, किन्तु राधाकृष्णदास की 'राम-जानकी' कविता में मर्यादित-शृंगार और हरिनाथ पाठक की 'श्री ललित रामायण' आदि में 'रामकथा' की रसिकतायुक्त अवतारणा भी मिलती है। शृंगार-वर्णन के लिए इनके सामने चार विकल्प थे-[4] (बच्चन सिंह हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास पृष्ठ संख्या-307)

भक्तिकालीन कृष्णकाव्य की परम्परा में माधुर्यभक्तिपरक शृंगार-चित्रण, रीतिकालीन पद्धति पर नखशिख, शड्ऋतु और नायिकाभेद का वर्णन, उर्दू-कविता से सम्पर्क के फलस्वरूप प्रेम की वेदनात्मक व्यंजना, और अंग्रेजी की प्रेम-कविताओं से प्रभाव-ग्रहण। इनमें से अन्तिम को छोड़ कर शेष तीनों की परिव्याप्ति इस युग में मिलती है, विशेष रूप से भारतेन्दु और प्रेमघन की रचनाओं में प्रायः ये तीनों विद्यमान हैं।

भारतेन्दु ने 'प्रेम-सरोवर', 'प्रेम-माधुरी', 'प्रेम-तरंग', 'प्रेम-फुलवारी', आदि में (भक्ति-शृंगार) और (विषुद्ध-शृंगार) दोनों का समावेश किया है। प्रेमघन की 'युगलमंगल-स्तोत्र' तथा 'वर्षा-विन्दु' भी इसी प्रकार की रचनाएँ हैं। सौंदर्य प्रेम और विरह की व्यंजना में कहीं-कहीं ये दोनों ही कवि उर्दू-काव्य-शैली से भी प्रभावित हुए हैं, किन्तु नखशिख और नायिकाभेद पर पारम्परिक शैली में काव्यरचना इन्होंने नहीं की वैसे, भारतेन्दु के प्रेमदशा-वर्णन सम्बन्धी अनेक सवैयों में घनानन्द जैसी सरसता विद्यमान है। जिसका उदाहरण निम्नवत है-[1]

टाजु लौं न मिले तो कहा हम तो तुमरे सब भाँति कहावैं।
मेरौ उराहनौ है कछु नाहिं सबै फल आपुने भाग को पावैं।।
जो हरचन्द भई सो भई अब प्रान चले चहैं तासों सुनावैं।
प्यारे जू है जग की यह रीति बिदा की समैं सब कंठ लगावैं।।[1]
जब जाने इंग्लिश हमें वाणी वस्त्रहि जोय।

मिटै वदन कर श्याम रंग, जन्म सुफल तब होय।।[4] (बच्चन सिंह हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास पृष्ठ संख्या-308)

(प्रताप नारायण मिश्र)

आधुनिक हिन्दी-साहित्य की (भारतेन्दु-युगीन) रचनाओं में 'प्रकृति-चित्रण' की विशेषता :

प्राकृतिक सौंदर्य का स्वच्छंद वर्णन आधुनिक हिन्दी-साहित्य में 'भारतेन्दु-युगीन' कविता की अंगभूत विशेषता है, किन्तु अधिकतर कवियों ने परम्परा-निर्वाह ही किया है। भारतेन्दु-कृत 'बसंत होली' अम्बिकादत्त व्यास की 'पावस-पचासा', गोविन्द गिल्लाभाई की 'शड्ऋतु' और 'पावस-पयोनिधि' आदि कृतियों में 'वसंत ऋतु' और 'वर्षाकाल' का आलम्बनात्मक चित्रण मिलता है। ऋतु सौंदर्य के स्थान पर कवियों ने ऋतु विशेष में नायक-नायिका की मनोदशाओं के वर्णन में अधिक रुचि ली है। सौंदर्यबोध में सहायक स्वतन्त्र प्रकृति-चित्रण का श्रेय किसी स्तर तक ठाकुर जगमोहनसिंह का दिया जा सकता है। भारतेन्दु ने 'सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक में गंगा-वर्णन और 'चन्द्रावली' नाटिका में यमुना-वर्णन किया है।[4] किन्तु अलंकार-भार के कारण इनमें उनकी स्वतन्त्र अनुभूति की क्षमता बहुत-कुछ दब सी गयी है। उनकी रचना 'प्रात समीरन', प्रेमघन की 'मयंक-महिमा' और प्रतापनारायण मिश्र की 'प्रेम-पुष्पांजलि' शीर्षक नामक कविताओं में विषय के स्वतन्त्र उपस्थान का यत्किंचित् प्रयास भी हुआ है। तो उसमें कवियों को उतनी सफलता नहीं मिली, क्योंकि प्रकृति को शृंगारिक मनोदशाओं, सामाजिक उद्बोधन, नीति-कथन आदि से सम्बद्ध करने की अनिवार्यता अभी उनके मन में बनी हुई थी। जगमोहनसिंह की कविताओं में इस प्रवृत्ति का अभाव नहीं था। पर इनके साथ ही प्रकृति के शूक्ष्म नैसर्गिक सौंदर्य से प्रेरणा

ली है। विंध्य-प्रदेश की प्राकृतिक सुषमा का सजीव और वैविध्यपूर्ण चित्रण उनके काव्य की अनन्य विशेषता है जिसका उदाहरण निम्नवत शोधार्थी द्वारा दिया जा रहा-[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-444, 445)

पहार अपार कैलास से काटिन ऊँची शिखा लगि अम्बर चूम।
निहारत दीठि भ्रमै पगिया गिरि जात उतंगता ऊपर झूम।।
प्रकाश पतंग सों चोटिन के बिकसै अरबिन्द मलिन्द सुझूम।
लसै कटि मेखला के जगमोहन कारी घटा घन घोरत धूम।।

आधुनिक हिन्दी-साहित्य की (भारतेन्दु-युगीन) रचनाओं में 'हास्य-व्यंग्य' परिहास का वर्णन :

भारतेन्दु युग में हास्य-व्यंग्यात्मक रचनाओं की भी प्रचुर परिमाण में रचना हुई। पश्चिमी सभ्यता, विदेशी शासन, सामाजिक अंधविश्वासों, रूढ़ियों आदि पर व्यंग्य करने के लिए कवियों ने विषय और शैली की दृष्टि से अनेक नये प्रयोग किये। इस दिशा में भारतेन्दु जी का योगदान सर्वाधिक है। अपने नाटकों के प्रगीतो में कहीं-कहीं शिष्ट हास्य को स्थान देने के अतिरिक्त उन्होंने व्यंग्यगीतियों और मुकरियों की भी रचना की है। उनकी व्यंग्यगीतियों को तीन वर्गों में विभाजित किया जा सकता है-[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-445, 446)

1. पैराडी, 2. स्यापा, 3. गाली।

'बन्दसभा' के गीतों की रचना उन्होंने उर्दू-नाटक, 'इंदरसभा' के गीतों की पैरोडी के रूप में की है। 'उर्दू का स्यापा' उर्दू-फ़ारसी के 'स्यापा' नामक काव्यरूप की शैली में लिखित है, उदाहरण निम्नवत है-[1]

है है उर्दू हाय हाय, कहाँ सिधारी हाय हाय[1]

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

उपरोक्त पंक्ति में भारतेन्दु जी ने 'बनारस-अखबार' के समाचार-शीर्षक में 'उर्दू मारी गयी' पर व्यंग्य किया है। इसके साथ ही 'समधिन मधुमास' की रचना (गाली) नामक व्यंग्यगीत की शैली में की गयी है। तथा इसी प्रकार 'नये ज़माने की मुकरी' नामक शीर्षक से उन्होंने समकालीन सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को ले कर कुछ मनोहारिणी मुकरियों की भी रचना की है। जिन पर अमीर खुसरो की शैली की स्पष्ट छाप दिखाई देती है। जिसमें मद्यपान के संदर्भ में उन्होंने शोधार्थी के अनुसार निम्नलिखित व्यंग्योक्ति रचना लिखी है-[1]

मुँह जब लागै तब नहिं छूटे, जाति मान धन सब कुछ लूटे।
पागल करि मोहिं करे खराब, क्यों सखि सज्जन? नहीं शराब।।[1]

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

उपरोक्त संदर्भित काल में भारतेन्दु जी के अतिरिक्त भी अन्य हास्य-व्यंग्यकार रचनाकार हुए हैं जिनमें प्रेमघन एवं प्रतापनारायण मिश्र प्रमुख हैं। 'प्रेमघन-सर्वस्व' का 'हास्य-बिंदु' शीर्षक प्रकरण में समसामयिक स्थितियों के विनोदपूर्ण वर्णन और तज्जनित उद्‌बोधन की दृष्टि से सभी का हास्य-व्यंग्यकार रचनाकार के रूप में ध्यान आकृष्ट करता है। तथा प्रतापनारायण मिश्र जी की 'तृप्यन्ताम्', 'हरगंगा', 'बुढ़ापा' और 'ककराष्टक' शीर्षक नामक रचनाएँ भी अपनी नयी तर्ज एवं हास्य-व्यंग्यकार रचना के लिए प्रसिद्ध हैं।[4] (बच्चन सिंह हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास पृष्ठ संख्या- 308)

इसी प्रकार अंग्रेजी शिक्षा-प्राप्त युवकों द्वारा भारतीय रीति-नीति को त्याग कर पाश्चात्य सभ्यता का अनुकरण करने पर प्रतापनारायण मिश्र जी ने शोधार्थीनुसार अत्यन्त मार्मिक व्यंग्य किया है-[4]

जग जानैं इंगलिश हमैं, वाणी वस्त्रहिं जोय।
मिटै बदन कर श्याम रंग-जन्म सुफल तब होय।।

(प्रतापनारायण मिश्र)

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य की (भारतेन्दु-युगीन) रचनाओं में 'समस्या-पूर्ति' के संदर्भ :

हिन्दी-साहित्य के आधुनिक इतिहास में भारतेन्दु-युग में गृहीत रीतिकालीन, काव्यशैलियों में (समस्यापूर्ति) पर्याप्त लोकप्रिय काव्यपद्धति प्रचलित हुई। कवियों, लेखकों की प्रतिभा और लेखनीकौशल का परखने के लिए कवि-गोष्ठियों और कवि-समाजों में कठिन-से-कठिन विषयों पर समस्यापूर्ति करायी जाती थी।[3] इसमें भारतेन्दु जी द्वारा काशी में स्थापित (कविता-वर्द्धिनी-सभा), कानपुर का (रसिक-समाज), बाबा सुमरसिंह द्वारा निज़ामाबाद (वर्तमान आजमगढ़) में स्थापित (कवि-समाज) आदि ऐसे ही मंच थे। जहाँ नियमित रूप से कवि गोष्ठियाँ होती थी। और किसी भी संदर्भित विषय में ''समस्यापूरण'' (समस्यापूर्ति) की प्रतियोगिता के रूप में प्रोत्साहित किया जाता था। तथा प्रतिष्ठित कवि इनमें प्रतिभाग करने में संकोच नहीं करते थे तथा नये नौजवान कवियों-लेखकों का इससे उत्साहवर्द्धन होता था। कानपुर के प्रतापनारायण मिश्र द्वारा 'पपीहा जब पूछिहै पीव कहाँ' शीर्षक नामक रचना की अधोलिखित पंक्तियाँ कितनी हृदयस्पर्शी बन पड़ी हैं,[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-446 एवं 447)

उदाहरणार्थ-

बन बैठि है मान की मूरति-सी, मुख खोलत बालै न 'नाहीं' न 'हाँ'।
तुम ही मनुहारि कै जारि परे, सखियान की कौन चलाई तहाँ।
बरशा है 'प्रतापजू' धीर धरौ, अब लौं मन को समझायो जहाँ।
यह ब्यारि तबै बदलेगी कछु, पपीहा जब पूछिहै 'पीव' कहाँ?

(प्रतापनारायण मिश्र)

समस्यापूर्ति के लिए उस समय परम्परागत श्रृंगारिक विषयों का ही अधिक प्रचलन था। लेकिन यह दूसरी बात है कि नवीन सामाजिक परिवेश में हिन्दी साहित्य के इस काल में जिन नये-नये विषयों को स्थान प्राप्त होने लगा था, कभी-कभी उनकी झलक उपर्युक्त समस्यापूर्तियों में भी दिखाई दे जाती थी। श्रृंगार रस की ललित समस्यापूर्ति के लिए प्रेमघन, लछिराम, विजयानन्द त्रिपाठी, गोविन्द गिल्लाभाई, रामकृष्ण वर्मा 'बलवीर', बेनी द्विज, ब्रजचन्द वल्लभीय आदि रचनाकारों को पर्याप्त लोकप्रियता प्राप्त हुई थी। 'चरचा चलिये की चलाइए ना' की में शोधार्थी के अनुसार प्रेमघन द्वारा अधोलिखित पंक्तियाँ प्रासंगिक हैं-[1] (डॉ0 नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल हिन्दी साहित्य का इतिहास पृष्ठ संख्या-447)

बगियान बसन्त बसेरो कियो, बसिए तेहि त्यागि तपाइए ना।
दिन काम कुतूहल के जो बने, तिन बीच बियोग बुलाइए ना।।
'घन प्रेम' बढ़ाय कै प्रेम अहो! बिथा बारि बृथा बरसाइए ना।
चित चैत की चाँदनी चाह भरी, चरचा चलिबै की चलाइए ना।[1]

(प्रेमघन)

समस्यापूरण का वैशिष्ट्य कवियों की सूझ-बूझ, उक्ति-वैचित्र्य और और आशुकवित्व में होता है। तत्कालीन कवि समाज में समस्यापूर्ति के लिए वाहवाही प्राप्त करना गौरव की बात समझा जाता था। अम्बिकादत्त व्यास ने अपने कवि-जीवन का आरम्भ कविता-वर्द्धिनी-सभा में 'पूरी अमी की कटोरिया सी', 'चिरजीवी रहौ विक्टोरिया रानी' समस्या-की-पूर्ति करके किया था। और इस पर उन्हें ''सुकवि'' की 'उपाधि' भी प्राप्त हुई थी। इनके पिता दुर्गादत्त व्यास भी ब्रजभाषा के रसिक कवि थे, इनके द्वारा संकलित 'समस्यापूर्ति-प्रकाश' उस समय संदर्भित काल की प्रसिद्ध रचना है।[3] (डॉ तारकनाथ बाली, हिन्दी साहित्य का आधुनिक इतिहास पृष्ठ संख्या-238) इस प्रकार के अन्य संग्रहों में अम्बिकादत्त व्यास जी का 'समस्यापूर्ति-सर्वस्व', गोविन्द गिल्लाभाई का 'समस्यापूति-प्रदीप' और सीतापुर-निवासी गंगाधर 'द्विजगंग' का 'समस्या-प्रकाश' उल्लेखनीय है। नर्मदेवेश्वर प्रसाद सिंह जी के कविता-संग्रह 'पंचरत्न' में उनकी समस्यापूर्तियाँ भी संगृहीत हैं।[3]

इसी प्रकार से ''भारतेन्दु-ग्रन्थावली'' में भारतेन्दु जी की समस्यापूर्तियों का भी संग्रह किया गया है। संदर्भित-शोध के फलस्वरूप उदाहरणस्वरूप 'पिय प्यारे तिहारे निहारे बिना अंखियाँ दुखियाँ नहिं मानती हैं' में भारतेन्दुकृत प्रतिपूर्ति निम्नवत है-[1]

यह संग में लागिये डोलैं सदा बिन देखे न धीरज आनती हैं।
छिनहू जो वियोग परै 'हरिचन्द' तो प्रलै की सु ठानती हैं।।
बसनी में थिरैं न झपैं उझपैं, पल में न समाइबौ जानती हैं।
पिय प्यारे तिहारे निहारे बिना अँखियाँ दुखियाँ नहिं मानती हैं।।[9]

(भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)

निष्कर्ष :

आधुनिक हिन्दी गद्य-साहित्य के विकासक्रम में 'भारतेन्द्र-युग' के हिन्दी गद्य-साहित्य का महत्व और मूल्य हिन्दी-साहित्य में असाधारण है। इसी युग में हिन्दी-प्रदेश और देश में आधुनिक जीवन-चेतना का उद्घोष हुआ। मध्यमवर्गीय सामाजिक चेतना के परिवेश में साहित्य रचना का जो रूप उभरा, उसमें कहीं-कहीं सामन्तीय संस्कारों का अवशेष लक्षित होता है, किन्तु वह टूटते के क्रम में है। रचनागत प्रतिपाद्य की दृष्टि से यह बहुत बड़ा परिवर्तन था। तथा हिन्दी-साहित्य सृजन की दृष्टि से आधुनिक हिन्दी-गद्य साहित्य की प्रायः सभी विधाओं का सूत्रपात इसी युग में हुआ। विशेषतः निबन्ध तथा नाटक इन दोनों विधाओं में लेखकों को अभुतपूर्व सफलता प्राप्त हुई। उपन्यासों में सामाजिक जीवन के स्पंदन का स्वर भी इसी युग में सुनायी पड़ने लगा। सब कुछ मिलाकर 'भारतेन्दु-काल' का साहित्य व्यापक जागरण, राष्ट्रीय-जागरण का संदेश लेकर आया तथा भाषा के अभूतपूर्व विकास में भी प्रगति हुई। इस युग में न केवल ''हिन्दी-गद्य साहित्य'' का स्परूप स्थिर हुआ, वरन् उसके शुद्ध साहित्योपयोगी और व्यवहारोपयोगी रूपों की पूर्ण प्रतिष्ठा भी हुई।

अतः अन्त में प्रस्तुत शोध में यह निष्कर्ष निकलता है कि भारतेन्दु-युग राष्ट्रीयजागरण, देशभक्ति की भावना, एवं कृतियों में शृंगारिकता, लोकधर्म, सामाजिक भावना, सांस्कृतिक विकास इत्यादि लेकर आया।

संदर्भ-ग्रन्थ सूची :

1. डॉ नगेन्द्र एवं डॉ0 हरदयाल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, अड़तालिसवाँ संस्करण-2015, पृष्ठ संख्या-41, 399, 437, 439, 440, 441, 442, 444, 445, 446, 456, 473।

2. शुक्ल आचार्य रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, प्रभात पेपरबैक्स, नई दिल्ली, संस्कण-2016, पृष्ठ संख्या- 381, 382, 390, 391।
3. बाली डॉ तारकनाथ, हिन्दी साहित्य का आधुनिक इतिहास, प्रभात प्रकाशन दिल्ली, प्रथम संस्करण-2017, पृष्ठ संख्या- 238, 239, 241, 242, 244, 245।
4. सिंह बच्चन, हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण- 2016, पृष्ठ संख्या- 307, 308, 309।
5. त्रिपाठी विश्वनाथ, हिन्दी साहित्य का सरल इतिहास, ओरियण्ट ब्लैकस्वॉन प्रा0लि0 हैदराबाद, पुर्नमुद्रित संस्करण- 2016 पृष्ठ संख्या- 91, 102, 103।
6. शुक्ल आचार्य रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पवन पॉकेट बुक्स नई सड़क दिल्ली पृष्ठ संख्या- 265, 291, 292, 293, 297।
7. भीतर-भीतर सब रस चूसै, हँसि-हँसि के तन-मन-धन मूसै।
   जहिर बातन में अति तेज, क्यों सखि सज्जन! नहीं अंगरेज़।। (भारतेन्दु-हरिश्चन्द्र)
8. साँझ सवेरे पंछी सब क्या कहते हैं कुछ तेरा है।
   हम सब एक दिन उड़ जाएँगे यह दिन चार बसेरा है।। (भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)
9. देखिए, 'भारतेन्दु- ग्रन्थावली' भाग-2 पृष्ठ संख्या- 203।

RNI : UTTMUL00029 ISSN : 2347-9892

INCLUSIVE EDUCATION: NEED AND IMPORTANCE

DR. Vindu Mati Dwivedi
Asst. Prof. Dept. of Education
Uttarakhand Sanskrit University, Haridwar

Education is a fundamental right of every human being. Through education a child can find his real goal and become capable to fulfill his possibilities. For this purpose our government has decided about right to education in which any child should not be left without education. This can be possible through inclusive education only.

